


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




11 नो एंट्री 2 में एंट्री नहीं मिलने पर आया अनिल कपूर का ...

ऋषभ पंत की गिलक्रिस्ट से तुलना अभी जल्दबाजी, स्मिथ बोले- तय ... 11

वर्ष : 12 | अंक : 72 | पटना, रविवार, 23 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| संसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### कृषि क्षेत्र में बदलाव मेरी जिद, जुनून और जज्बा है : शिवराज

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आईसीएआर के पूर्व छात्रों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कई अहम बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मैं बड़ी आशा से आपके बीच आया हूं। यहां आना और मेरा भाषण केवल कर्मकांड नहीं है। कृषि के परिदृश्य को पूरी तरह से बदल देने की मेरी जिद, जुनून और जज्बा है, जो आपके साथ मैं मिलकर करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मैं किसान और विज्ञान को जोड़ना चाहता हूं। हम प्रयोग करते हैं किसानों को बहुत बाद में पता चलता है। मैं खेत में बैठकर किसानों से भी बात करूंगा। मैं आपके निकट संपर्क में रहना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मैं चैन से बैठने वालों में से नहीं हूं। दिन-रात काम करूंगा। किसान का कल्याण करना है, उत्पादन बढ़ाना है। किसान भाई आधुनिक तकनीकों के आधार पर काम कर ही रहे हैं।

### प्रधानमंत्री ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कराने वाले आचार्य लक्ष्मीकांत के निधन पर जताया दुख

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कराने वाले काशी के प्रकांड पंडित आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निधन पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, देश के मूर्धन्य विद्वान और साङ्गवेद विद्यालय के यजुर्वेदाध्यापक लक्ष्मीकान्त दीक्षित जी के निधन का दुःखद समाचार मिला। दीक्षित जी काशी की विद्वत्परंपरा के यशपुरुष थे। काशी विश्वनाथ धाम और राम मंदिर के लोकार्पण पर्व पर मुझे उनका सान्निध्य मिला। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उल्लेखनीय है कि काशी के प्रकांड पंडित आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित का शनिवार को सुबह निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। काशी के मणिकर्णिकाघाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। लक्ष्मीकांत दीक्षित का परिवार मूलरूप से महाराष्ट्र के सोलापुर जिले से काशी आया था।

# गंगा जल संधि की समीक्षा करने पर भारत और बंगलादेश के बीच सहमति : मोदी

## पीएम मोदी व बंगलादेश की पीएम शेख हसीना के साथ हुई बातचीत

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत और बंगलादेश गंगा जल संधि की समीक्षा करने पर सहमत हुए हैं और बंगलादेश से चिकित्सा के लिए भारत आने वालों के लिए ई-वीजा की सुविधा दी जाएगी। श्री मोदी ने विकास कार्यों में भारत का सबसे बड़ा भागीदार बताते हुए कहा कि बंगलादेश के साथ अपने संबंधों को भारत अत्यधिक प्राथमिकता देता है। प्रधानमंत्री ने बताया कि दोनों देशों ने 1996 की गंगा जल संधि के नवीनीकरण के लिए तकनीकी स्तर पर बातचीत शुरू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि बंगलादेश में तीस्ता नदी के संरक्षण एवं प्रबंधन पर बातचीत के लिए शीघ्र ही भारत की एक टेक्निकल टीम बांग्लादेश का दौरा करेगी। श्री मोदी भारत की दो दिन की यात्रा पर नई दिल्ली आयीं बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत के बाद एक साझा संवादाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। श्रीमती हसीना की इस माह यहां की दूसरी यात्रा है। वह श्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भी आयी थीं।

उन्होंने बताया कि दोनों देश डिजिटल प्रौद्योगिकी, समुद्र और अंतरिक्ष क्षेत्र की पहलों और रक्षा उत्पादन तथा मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में सहयोग के विस्तार पर सहमत हुए हैं। श्री मोदी ने बंगलादेश के संस्थापक राष्ट्रपति बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान के स्थिर, समृद्ध और प्रगतिशील बंगलादेश के सपने को साकार करने में, भारत के सहयोग की प्रतिबद्धता को दोहराया। श्रीमती हसीना के साथ संबंधों की प्रागढ़ता को रखांकित करते हुए श्री मोदी ने कहा, पिछले लगभग एक वर्ष में, हम दस बार मिले हैं। लेकिन आज की मुलाकात विशेष है, क्योंकि हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में प्रधान मंत्री शेख हसीना जी हमारी पहली राजकीय अतिथि हैं। श्री मोदी ने कहा, बंगलादेश हमारी सबसे पहले पड़ोसी पॉलिसी, पूर्व के देशों के साथ काम करने की नीति पॉलिसी, सागर (क्षेत्र में सभी देशों के लिए सुरक्षा और समृद्धि) और एशिया प्रशांत क्षेत्र के बारे में भारत से सपने और पहल के संगम पर स्थित है।

उन्होंने कहा कि भारत और बंगलादेश ने पिछले एक ही वर्ष में साथ मिल कर लोक कल्याण के अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं को पूरा किया है।इस संबंध में उन्होंने अखौड़ा से अगरतला के बीच भारत-बंगलादेश के बीच छठे सीमा-पारीय रेल मार्ग सम्पर्क, खुलना-मोंगला बंदरगाह से भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए मालवहन सुविधा, मोंगला बंदरगाह को रेल से जोड़ने की परियोजना तथा 1320 मेगावाट क्षमता के मैत्री थर्मल पावर प्लांट के दोनों यूनिट्स से बिजली उत्पादन शुरू किए जाने का उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच अब भारतीय रुपये में व्यापार की शुरूआत भी हो चुकी है।भारत-बंगलादेश के बीच, गंगा नदी पर, दुनिया की सबसे लंबी नीदी क्रूज सेवा को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। भारत-बंगलादेश के बीच पहली सीमापारीय मैत्री गैस पाइपलाइन भी पूरी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि भारतीय ग्रिड से होते हुए, नेपाल से बंगलादेश तक बिजली निर्यात, ऊर्जा क्षेत्र में उप-क्षेत्रीय सहयोग का पहला उदाहरण बना है।

### दोनों देश आतंकवाद का सामना करने में एक-दूसरे का करेंगे सहयोग

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज की बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए, रक्षा साजो-सामान के विनिर्माण से लेकर सैन्य बलों के आधुनिकीकरण पर, हमारी विस्तार से चर्चा हुई। दोनों देश आतंकवाद का सामना करने में सहयोग तथा कट्टरवाद और बॉर्डर के शांतिपूर्ण प्रबंधन पर अपनी सहभागिता को मजबूत करने का निश्चय किया है। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर के क्षेत्र के लिए भारत तथा बंगलादेश की सोच समान है। श्री मोदी ने कहा कि भारत-प्रशांत सागर क्षेत्रों से संबंधित पहले में शामिल होने के लिए बांग्लादेश के निर्णय का भारत स्वागत करता है। भारत बिम्सटेक सहित, अन्य रीजनल और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बंग्लादेश के साथ अपना सहयोग जारी रखेंगा। श्री मोदी ने कहा, हमारी साझा संस्कृति और दोनों देशों के लोगों के बीच जीवंत संबंध हमारे संबंधों की नीव हैं।

इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने छात्रवृत्ति, प्रशिक्षणऔर क्षमता निर्माण को और बढ़ाने में सहयोग का निर्णय किया है। श्री मोदी ने घोषणा की कि स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए बंगलादेश से भारत आने वाले लोगों के लिए, भारत ई-मेडिकल वीजा सुविधा शुरू करेगा। भारत ने बंगललादेश के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए हमने रंगपुर में एक नया सहयाग उच्चायोग खोलने का निर्णय लिया है। सुश्री हसीना राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मिलेंगी। उनके इस दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौते किये गये।

## प्रश्नपत्र लीक होने के मामलों की रोकथाम के लिए एंटी पेपर लीक कानून लागू

# पेपर लीक पर 10 साल की कैद और 1 करोड़ तक का जुर्माना



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने के मामलों की सख्ती से रोकथाम के लिए शुक्रवार रात पेपर लीक कानून लागू कर दिया गया। यह कानून इसी साल फरवरी में पारित हुआ था, सरकार ने शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। इसे लोक परीक्षा कानून 2024 नाम दिया गया है। इसके लागू से प्रतियोगी परीक्षाओं में अनुचित साधनों के इस्तेमाल पर तीन से पांच साल की सजा और 10 लाख रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान किया गया है। संगठित रूप से इस तरह का अपराध करने पर एक करोड़ रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान है। पेपर लीक या अनुचित साधनों के इस्तेमाल पर : इस कानून के तहत, पेपर लीक करने या आंसर शीट के साथ छेड़छाड़ करने पर कम से कम 3 साल जेल की सजा होगी। इसे 10 लाख तक के जुमार्ने के साथ 5 साल तक बढ़ाया जा सकता है। जुमार्ना अदा न करने की स्थिति में भारतीय न्याय संहिता, 2023 के प्रावधानों के अनुसार कारावास की अतिरिक्त सजा दी जाएगी। सर्विस प्रोवाइडर के दोषी होने पर लगेगा 1 करोड़ का जुमार्नाः परीक्षा संचालन के लिए नियुक्त सर्विस प्रोवाइडर अगर दोषी होता है तो उस पर 1 करोड़ रुपये तक जुमार्ना होगा। सर्विस प्रोवाइडर अवैध गतिविधियों में शामिल है, तो उससे परीक्षा की लागत वसूली जाएगी। साथ ही, सेवा प्रदाता को 4 साल की अवधि के लिए किसी भी सार्वजनिक परीक्षा के संचालन की जिम्मेदारी से भी रोका जा सकता है। यदि कोई संस्था संगठित अपराध करने में शामिल है, तो उसकी संपत्ति कुर्की और जब्ती के अधीन होगी और परीक्षा की आनुपातिक लागत भी उससे वसूली जाएगी। अधिकारी दोषी पाए जाने पर प्रावधान : यदि अपराध किसी निदेशक, वरिष्ठ प्रबंधन या सेवा प्रदाता फर्म के प्रभारी व्यक्तियों की सहमति या मिलीभगत से किया गया है, तो उन्हें तीन से 10 वर्षों की जेल और एक करोड़ रुपये जुमार्ना से दण्डित किया जा सकता है। 12 फरवरी को मिली थी कानून को मंजूरी : पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, इसी साल 6 फरवरी को लोकसभा और 9 फरवरी को राज्यसभा से पारित हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 12 फरवरी को बिल को मंजूरी देकर इसे कानून में बदल दिया गया था। इस कानून में संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की परीक्षाएं शामिल होंगी। केंद्र के सभी मंत्रालयों, विभागों की भर्ती परीक्षाएं भी इस कानून के दायरे में होंगी। इसके तहत सभी अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती होंगे

### छात्र हित और उनका उज्ज्वल भविष्य सरकार की प्राथमिकता : प्रधान

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा मंत्रालय द्वारा परीक्षाओं के संचालन की निगरानी के लिए गठित विशेषज्ञ समिति को परीक्षा प्रक्रिया की दक्षता में सुधार लाने के लिए उठाए गए कदमों की श्रृंखला में पहला कदम बताया है। केंद्रीय शिक्षा प्रधान ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि पारदर्शी, छेड़छाड़ मुक्त और शून्य त्रुटि परीक्षाएं एक प्रतिबद्धता है। विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति का गठन परीक्षा प्रक्रिया की दक्षता में सुधार, सभी संभावित कदाचारों को समाप्त करने, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करने और एनटीए में सुधार करने के लिए उठाए गए कदमों की श्रृंखला में पहला कदम है। छात्र हित और उनका उज्ज्वल भविष्य हमेशा हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

### प्रश्नपत्र लीक मामले में यूपी में संदिग्ध से पूछताछ

नई दिल्ली। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में शनिवार को एक व्यक्ति से पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रश्नपत्र का एक हिस्सा त्वरित संदेश सेवा टेलीग्राम पर पोस्ट करने वाले संदिग्ध को जिले के पडरौना कोतवाली ले जाया गया जहां सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा की टीम उससे पूछताछ कर रही है।

उन्होंने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि संदिग्ध ने राजस्थान के कोटा में नेट की कोचिंग की थी। सीबीआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर यूजीसी-नेट का प्रश्नपत्र लीक करने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज की थी। यूजीसी-नेट के माध्यम से भारतीयों को जूनियर रिसर्च फेलोशिप, सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति और भारतीय विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में पीएचडी में प्रवेश के लिए पात्रता निर्धारित की जाती है। वर्ष 2024 में नेट का आयोजन 18 जून को किया गया था। शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट को रद्द करने का बुधवार को आदेश दिया था। इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपी गई है।

### एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित

नई दिल्ली/एजेंसी। नीट यूजी परीक्षा 2024 में कदाचार और गड़बड़ियों के आरोपों के बीच केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में शनिवार को एक समिति गठित की। समिति में उनके अलावा अन्य सदस्य एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. जे. राव, आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर एमिरिटस राममूर्ति के., पीपुल स्ट्रांग के सह संस्थापक पंकज बंसल और आईआईटी दिल्ली के डीन (छात्र मामले) प्रो. आदित्य मित्तल को शामिल किया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल को सदस्य सचिव बनाया गया है। समिति दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि समिति का उद्देश्य एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं के पारदर्शी और कदाचार मुक्त आयोजन के लिए सुझाव देना है। इसके लिए वह परीक्षा की प्रक्रिया का शुरू से लेकर अंत तक विश्लेषण करेगी और तंत्र में सुधार के लिए सुझाव देगी जिससे किसी संभावित लीकेज को टाला जा सके। वह एनटीए की मानक परिचालन प्रक्रियाओं की भी समीक्षा करेगी और एसओपी तथा निगरानी प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए सुझाव देगी। डाटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करने के लिए समिति एनटीए के मौजूदा डाटा सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल का आकलन कर उसमें सुधार के लिए सुझाव देगी। प्रश्न पत्र तैयार करने और परीक्षा की अन्य प्रक्रियाओं से जुड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल की भी वह जांच करेगी तथा सुझाव देगी।

### नए परीक्षा कानून को लागू करना लीपापोती का प्रयास : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि नीट-स्नातक, यूजीसी-नेट को लेकर जारी विवाद के बीच केंद्र सरकार द्वारा लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 को अधिसूचित किया जाना लीपापोती का एक प्रयास है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि जब तक शिक्षा प्रणाली व स्वायत्त संस्थानों को भारतीय जनता पार्टी -राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दखलंदाजी से मुक्त नहीं किया जाता तब तक यह धांधली और भ्रष्टाचार जारी रहेगा। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, नीट घोटाले में भाजपा जितनी भी कोशिश कर ले, धांधली, भ्रष्टाचार और शिक्षा माफिया को बढ़ावा देने की अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। उन्होंने दावा किया कि प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ कानून अधिसूचित नहीं हुआ था, लेकिन जब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की प्रेस वार्ता में उनसे इसके बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह कानून अधिसूचित हो गया है। खरगे ने कहा, 13 फरवरी 2024 को इस कानून को राष्ट्रपति जी की संस्तुति मिल गई थी,पर कानून बीती रात को ही अधिसूचित हुआ है।

उन्होंने सवाल किया कि शिक्षा मंत्री ने झूठ क्यों बोला ? खरगे ने यह प्रश्न भी किया कि जब शिक्षा मंत्री ने नीट परीक्षा में गड़बड़ी की बात मान ली है तो मोदी सरकार परीक्षा दोबारा क्यों नहीं करवा रही ? प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ कानून पारित करवाने के बाद भी पेपर लीक क्यों हो रहे हैं ? गत सात वर्षों में जब 70 पेपर लीक हुए, तब मोदी सरकार ने उसपर कोई कड़ा कदम क्यों नहीं उठाया ? उन्होंने आरोप लगाया कि नया कानून लाना केवल भाजपाई लीपापोती ही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, जब तक शिक्षा प्रणाली व स्वायत्त संस्थानों को भाजपा-आरएसएस की दखलंदाजी व दुष्प्रभाव से मुक्त नहीं किया जाएगा तब तक ये धांधली चोरी, भ्रष्टाचार जारी रहेगा।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 13 फरवरी 2024 को राष्ट्रपति ने लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 को अपनी मंजूरी दी थी। अंततः आज सुबह देश को बताया गया कि यह अधिनियम कल, यानी 21 जून, 2024 से लागू हो गया है। उन्होंने कहा कि स्पष्ट रूप से यह नीट, यूजीसी-नेट, सीएसआईआर-यूजीसी-नेट और अन्य घोटालों से पैदा हुई स्थिति को संभालने की कोशिश है। रमेश ने यह भी कहा, ह्यह्यइस कानून की जरूरत थी, लेकिन यह प्रश्नपत्र लीक होने के बाद के मामले से निपटता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कानून, प्रणालियां और प्रक्रियाएं अधिक महत्वपूर्ण हैं कि प्रश्नपत्र लीक ही नहीं हो। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में एनटीए अब नो ट्रस्ट एजेंसी बन गया है और परीक्षाएं एक भयावह त्रासदी बनकर रह गई हैं।

**उद्घाटन**

राजधानी के ज्ञान भवन में आयोजित दो दिवसीय आम महोत्सव में रंग बिरंगे आम के कई स्टॉल

# सीएम नीतीश ने किया आम महोत्सव का उद्घाटन

- किसानों के विकास के लिए हरसंभव मदद करेगी सरकार : मंगल
- कृषि मंत्री बोलें- बागवानी को बढ़ावा दिया जाएगा

प्रात : किरण




पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन केन्द्र स्थित ज्ञान भवन में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय आम महोत्सव 2024 का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री मंगल पांडेय भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कृषि मंत्री के साथ आम उत्पादकों द्वारा लगायी गयी विभिन्न प्रजाति के आमों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी विशेषताओं के बारे में जानकारी ली। सीएम ने विभिन्न कृषि उत्पादक समूहों एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को अनुदान राशि का सांकेतिक चेक भी प्रदान किया। उद्घाटन के बाद उपस्थित किसान बंधुओं को कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि प्रदेश में आम उत्पादन की ख्याति पूर्व से है। हमारा लक्ष्य है कि अच्छे प्रभेद के आमों का उत्पादन और बढ़े। आज गांवों में बगीचों की कमी देखी जा रही है। जो वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। यदि राज्य में तापमान व जलवायु उचित रखना है तो हमें बागवानी को बढ़ावा देना होगा। राज्य में अभी हरित भूमि लगभग 15 प्रतिशत है , सरकार का लक्ष्य इसे बढ़ाकर 18 प्रतिशत करना हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति तब होगी जब हम विभिन्न प्रकार के फलों की बागवानी को और विकसित करेंगे। जिससे तापमान पर भी अनुकूल असर पड़ेगा। राज्य में डबल इंजन की सरकार का मकसद स्पष्ट है कि किसानों के हित व विकास के लिए उन्हें आर्थिक रुप से समृद्धि प्रदान की जाए। प्रदर्शनी में राज्य के विभिन्न जिलों के आम उत्पादकों एवं उद्यमियों द्वारा आम एवं इसके प्रसंस्कृत उत्पाद के प्रदर्शो का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में राज्य के लगभग 500 कृषकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है, जो एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को दशार्ता है। श्री पांडेय ने कहा कि पीएम श्री नरेंद्र मोदी व सीएम श्री नीतीश कुमार किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्य में हो रहे फलों के उत्पादन का निर्यात अन्य देशों में हो इसके लिए विभाग प्रयत्न शील है।

### बिहार में शीघ्र खुलेगा भारत सरकार के कॉमर्स विभाग का रिजनल कार्यालय

भारत सरकार के कॉमर्स डिपार्टमेंट के अधिकारी भी इस महोत्सव में आए हैं। जिसका रिजनल कार्यालय बिहार में नहीं है। राज्य के निकटतम वाराणसी से ही बिहार का निर्यात संचालित होता है। अब कृषि विभाग शीघ्र ही इस विभाग का कार्यालय बिहार में खोलने की दिशा में पहल करेगी। जिससे यहां के फलों के निर्यात को एक नया आयाम मिलेगा। किसान खुशहाल कैसे हो। उसके लिए विभाग किसानों के हित व विकास को लेकर फोकस कर रही है। विशेषकर आम उत्पादन करने वाले किसान काफी अहम हैं। आम फल लोगों के पोषण सुरक्षा, पारिवारिक आमदनी के स्रोत के साथ व्यापार का एक प्रमुख उत्पाद है। ये रहें मौजूद : इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, विकास आयुक्त चौतन्य प्रसाद, कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पटना प्रमण्डल के आयुक्त कुमार रवि, मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ समेत अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

### हरित अमोनिया का आवंटन 7.5 लाख टन प्रति वर्ष किया गया

नई दिल्ली/एजेंसी। देश में ग्रीन हाइड्रोजन और इसके उत्पाद की बढ़ती मांग को देखते हुए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने हरित अमोनिया का आवंटन 5.5 लाख टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 7.5 लाख टन प्रति वर्ष कर दिया है। एमएनआरई ने शनिवार को एक जारी बयान में यह जानकारी दी। एमएनआरई के मुताबिक अब तक ग्रीन अमोनिया की उपलब्ध क्षमता 5,50,000 टन प्रति वर्ष थी। इसके बाद सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) ने भी लागत आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से ग्रीन अमोनिया उत्पादकों के चयन हेतु अनुरोध किया था। मिशन के कार्यान्वयन की गति तेज होने के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से ग्रीन हाइड्रोजन और इसके डेरिवेटिव की मांग भी बढ़ी। ऐसे में एमएनआरई द्वारा उर्वरक क्षेत्र से ग्रीन अमोनिया की मांग में वृद्धि के क्रम में आवंटन में 2 लाख टन प्रति वर्ष की वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। एमएनआरई के मुताबिक राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन 04 जनवरी 2023 को वित्त वर्ष 2029-30 तक 19,744 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शुरू किया गया था।

# बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति से की मुलाकात



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। प्रधानमंत्री शेख हसीना का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के कुछ ही दिनों बाद उनसे फिर से मिलकर बेहद खुशी हुई। उन्होंने कहा कि ये नियमित बातचीत मित्रता और सहयोग की स्थायी भावना को दशार्ती है, जिसकी शुरूआत 1971 के बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम की यात्रा से हुई थी। राष्ट्रपति मुर्मू को यह जानकर खुशी हुई कि प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश ने उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की है। उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश विभिन्न क्षेत्रों में अपने सहयोग को मजबूत करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नए क्षेत्रों में भी प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह भारत-बांग्लादेश संबंधों के भविष्य की दिशा तय करेगा। गर्मजोशी और सौहार्दपूर्ण बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने आर्थिक संबंधों, विकास साझेदारी, रक्षा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा और कनेक्टिविटी सहित सभी क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। 9 जून को नई सरकार के गठन के बाद यह भारत द्वारा आयोजित बांग्लादेश की प्रधानमंत्री की पहली राजकीय यात्रा है।

## संक्षिप्त खबरें

### दो अपराधी भारी मात्रा में गांजा व देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत नासरीगंज बिस्कुट फैक्ट्री मोड़ के पास सरकारी स्कूल के पास से पुलिस ने दो अपराधी को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से भारी मात्रा में गांजा,व रुपए व एक देशी कट्टा बरामद किया गया है। जानकारी देते हुए एएसपी दीक्षा मे बताया कि दानापुर थाना को गुप्त सुचना मिली कि गांजा कारोबारी हथियार के साथ अपने घर में है जो गांजा खरीद बिक्री करने के फिराक में लगे हुए है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज के नेतृत्व में तुरंत एक टीम गठीत कर नासरीगंज बिस्कुट फैक्ट्री मोड़ स्थित सरकारी विद्यालय के पास निशांत कुमार एवं सन्नी कुमार के घर पहुंची एवं छापेमारी करते हुए उन्हे पकड लिया गया। उनके घर की तलाशी के दौरान 5 किलो 8 सौ 40 ग्राम गांजा, एक देशी कट्टा व 26500 रुपए नगद बरामद किये गये। एएसपी ने बताया कि दोनों अभियुक्तों से पूछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### 15 लीटर देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

फतुहा। शनिवार को पंचरुखिया थाना की पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के एक बगीचे से 15 लीटर देशी शराब के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाज जैतिया के सिंटू कुमार व कपिल कुमार है। एसएचओ गुड्डी गुप्ता ने बताया कि दोनों धंधेबाज बगीचे में छिपकर शराब बेचने का काम कर रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर दोनों को शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। उनके मुताबिक दोनों धंधेबाज को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### भाजपा पटना ग्रामीण का जिला कार्यालय का भूमि पूजन सम्पन्न

बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी ज्येष्ठ मास की स्नान दान की पूर्णिमा पर शनिवार को भाजपा पटना ग्रामीण का जिला कार्यालय का निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गयो भाजपा पटना ग्रामीण का जिला कार्यालय भवन का निर्माण बिक्रम विधानसभा के एनएच 139 स्थित गौरखरी गोलंबर के पास किया जाना है । मौके पर मुख्य यजमान के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र तिवारी ने विधि पूर्वक पूजा अर्चना कर भूमि पूजन कियो आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन करायो मौके पर पार्टी के जिला के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजगीर और पटना में "स्वयं" और समाज के लिए योग थीम पर मेगा इवेंट का किया आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। भारत पर्यटन, पटना कार्यालय, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने राज्य के राजगीर और पटना में ह्लस्वयं और समाज के लिए योगह्व थीम पर मेगा इवेंट ह्लअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2024ह्व सफलतापूर्वक मनाया। इस अवसर पर, विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों जैसे ट्रैवल ट्रेड, हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री, गाइड, युवा पर्यटन क्लब के सदस्य, स्कूल के छात्र , राज्य सरकार के अधिकारी, अलग विभागों के कर्मचारी, युवा और आम नागरिकों ने राजगीर और पटना में योग सत्र में भाग लिया, जिसका आयोजन भारत पर्यटन, पटना कार्यालय द्वारा किया गयाथा। यह कार्यक्रम राजगीर के पांडु पोखर पार्क में आयोजित किया गया, जिसमें 200 से अधिक प्रतिभागियों ने योग सत्र में भाग लिया और पटना में, यह कार्यक्रम इंडियाटूरिज्म पटना कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जहाँ 75 से अधिक प्रतिभागियों ने इस योगसत्र में भाग लिया और योग और कल्याण के लाभों का अनुभव करने का अवसर प्राप्त करके इस कार्यक्रम के वैश्विक उत्सव में योगदान दिया और भारत का मान बढाया। बिहार में इन दोनों स्थानों पर इस कार्यक्रम के संचालन एवं सफल आयोजन के लिए इंडिया टूरिज्म पटना कार्यालय के पर्यटनअधिकारी अजीत लाल का योगदान रहा। साथ ही कौलेश कुमार का भी का प्रयास सराहनीय रहा,जिन्होंने राजगीर और नालंदा के पर्यटन हितधारकों की ओर से इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग और योगदा।

# रेल दावा अधिकरण, पटना में लोक अदालत का आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। 22 जून को रेल दावा अधिकरण, पटना पीठ, पटना में लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इस लोक अदालत में कुल 30 केसों को सूचीबद्ध किया गया था, जो रेल दुर्घटना/अप्रिय दुर्घटना से संबंधित थे। सूचीबद्ध केसों में पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर के 16 केस, पूर्व रेलवे/कोलकाता के 11 केस और पश्चिम मध्य रेलवे/जबलपुर के 3 केस शामिल थे । सबसे पुराना केस वर्ष 2017 का था। लोक अदालत में पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर से प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, शिव कुमार प्रसाद, उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (दावा), डी. के. भारती और वरि. विधि अधिकारी, दिग्विजय सिंह एवं पूर्व रेलवे/कोलकाता से उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (कोर्ट और दावा), श्री पवन कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही है। सूचीबद्ध केसों में से 21 केस में ही आवेदक उपस्थित हुये । रेल दावा अधिकरण, पटना पीठ के माननीय सदस्य (तकनीकी), डा0 मधुकर सिन्हा द्वारा उक्त सभी केसों का निष्पादन किया गया, जो आवेदक के पक्ष में रहा है, जिसमें रेल मुआवजा की राशि कुल रुपए 1,53,60,000/- देय होगी।

# दहेज के लिए की गई हत्या में पति, ससुर व सास को कारावास

## मामला मालसलामी थाना क्षेत्र के भैंसाली टोला का मामला




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चार लाख रुपया दहेज में नहीं देने पर जहर देकरबहू की हत्या कर दी गई थी। हत्या करने के मामले में पटना सिटी व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-2 सदन लाल प्रियदर्शी की अदालत ने शनिवार को आदेश सुनाया। पति को आजीवन कारावास, श्वसुर और सास को दस-दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है। मामले के अभियुक्त मालसलामी थाना क्षेत्र के भैंसानी टोला निवासी पति सन्नी कुमार साव, श्वसुर भामा साव और सास मीना देवी है। मामले के अपर लोक अभियोजक विजय कुमार ने बताया कि मामला मालसलामी थाना कांड संख्या 260/2018 से जुड़ा है। मामले के परिवादी आलमगंज थाना क्षेत्र के अरफाबाद कालोनी नहर रोड निवासी मृतका के पिता नारायण साव हैं। परिवादी ने पुलिस को बताया था कि वे अपनी पुत्री पूजा कुमारी की शादी अभियुक्त सन्नी से वर्ष 2017 में किया था। शादी के बाद से ही अभियुक्तगण चार लाख रुपए अतिरिक्त दहेज मांग करने लगे थे। इसके लिए पूजा के साथ मारपीट कर प्रताड़ित किया जाता था। इस बीच पूजा को एक बच्चा भी हुआ। दहेज नहीं देने पर अभियुक्तों ने 13 जुलाई, 2018 को पूजा को जहर देकर मार दिया गया था।

# जर्जर मकान का गिरा छत, मलबा से दब महिला की मौत, दूसरा जख्मी

## चौक थाना क्षेत्र के झाऊगंज डाकघर के सामने की घटना



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक थाना क्षेत्र के झाऊगंज पोस्ट ऑफिस के सामने पुराना व जर्जर मकान का छत गिर गया। उसके मलबा में दबने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गयी, जबकि दूसरी महिला घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर चौक थाना की पुलिस पहुंची और राहत व बचाव कार्य में जुट गई। इस दौरान अशोक राजपथ पर कुछ देर के लिए वाहनों का परिचालन को रोक दिया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने हादसा में जख्मी महिला मोहिनी अग्रवाल को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। पुलिस व स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना में लगभग 85 वर्ष की महिला मालती देवी की मौत हो गई है। बताया जाता है कि अपराह्न लगभग साढ़े चार बजे मकान के छत का हिस्सा गिर गया। इससे कमरे में मौजूद मां मलबे में दब गई। बेटी घायल हो गई। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों और पुलिस ने मिल कर मलबा में दबे वृद्ध महिला को निकाला। वह दम तोड़ चुकी थी। दरअसल यह मकान विवादित बताया जाता है और इस मामला कोर्ट में चल रहा है। मां-बेटी बांस की सीढ़ी की मदद से ऊपर आना-जाना करती थी। लोगों मुश्किल से शव को नीचे मालवाहक वाहन खड़ा कर उस पर रख कर उतारने का काम किया। पुलिस का कहना है कि घटना से जुड़े हर बिंदु पर छानबीन की जा रही है। मकान के नीचे में तीन-चार की संख्या में दुकान है। यह हदासा के वक्त बंद था। घटना के बाद मृतका के शव को उतारने और घायल को भी उतार कर अस्पताल भेजने के दौरान अशोक राजपथ के हरिमंदिर गली मोड़ के पास वाहनों का परिचालन कुछ देर के लिए रुक गया। इस दौरान जाम की स्थिति भी बन गई। हालांकि आधे घंटे के बाद स्थिति सामान्य हो गई।

# टीबी मरीजों के बीच किया गया पौष्टिक आहार का वितरण

## इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी की सिटी शाखा ने राज्यपाल के निदेश पर किया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी की पटना सिटी शाखा द्वारा शनिवार को पाटलिपुत्र परिषद परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत राज्यपाल सह अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, बिहार राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेक के निर्देश पर 125 टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार बास्केट का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी पटना सिटी के चेयरमैन गोविन्द कानोडिया ने की। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के पेट्रोन शशिशेखर रस्तोगी एवं डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा के हाथों मरीजों को पौष्टिक आहार बास्केट का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ सिकंदर अली खान, डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ पवन कुमार अग्रवाल, पाटलिपुत्र परिषद के महासचिव संजीव कुमार यादव, राजेश कानोडिया व मनोज ड्रोलिया ने भी मरीजों को पौष्टिक आहार प्रदान किया। मंच का संचालन सचिव तारा झुनझुनवाला ने किया। इस अवसर पर श्वेता कानोडिया व रौली बूबना ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। चेयरमैन गोविन्द कानोडिया ने बताया कि सिटी शाखा 125 टीबी मरीजों को गोद लिया है, जिसे छह माह तक पौष्टिक आहार दिया जाएगा। इस बास्केट में पांच किलो आटा, एक किलो सोयाबीन, दूध 30 पैकेट, 1.5 किलो दाल और 200 ग्राम सरसों का तेल था। धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी समिति के अवधेश सिन्हा ने दिया।

# परीक्षाओं में शुचिता सरकार की प्राथमिकता : प्रभाकर मिश्र

## मेधावी छात्रों के साथ नहीं होने दिया जाएगा अन्याय

पटना, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि किसी भी परीक्षा में शुचिता सरकार की प्राथमिकता है। नीट परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले एक-एक गुनहगार को खोज निकाला जाएगा। दोषी कोई भी हो, उसे जेल जाना ही होगा।

श्री मिश्र ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि सरकार किसी भी छात्र के साथ अन्याय नहीं होने देगी। नीट में धांधली करने वाले कौन-कौन हैं, उन पर से पर्दा भी हट रहा है। जल्दी ही सभी गुनहगार सामने होंगे। कुछ लोगों को जेल भेजा गया है और गड़बड़ी करने वाले बाकी लोग भी जल्द जेल के भीतर होंगे। श्री मिश्र ने कहा अब देश में पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट 2024 लागू हो गया है। इस नए कानून से पेपर लीक पर रोक लगेगी, साथ परीक्षा में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। परीक्षार्थी पूरी तरह आश्वस्त होंगे कि परीक्षा में किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं होगी। इस अधिनियम के तहत अपराधियों के लिए अधिकतम 10 साल की जेल की सजा और एक करोड़ रुपए तक के जुमार्ने का प्रावधान है। इस कानून के लागू हो जाने से परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों पर नकेल कसेगा। कुछ लोग ह्यचोर मचाये शोरह्ण की तर्ज पर हल्ला कर रहे हैं, अगर उनके करीबियों की लीक मामले से कोई संबंध नहीं है, तो हल्ला मचाने की क्या बात है और अगर संलिप्तता होगी, तो उन्हें जेल जाने से कोई रोक नहीं सकता।

# प्राक्लकन के मुताबिक कार्य नही होने पर किया जायेगा जनआंदोलन : राकेश नायक


प्रात :किरण संवाददाता



दरभंगा।शहर से सिमरा चतरिया भाया फोरलेन को जोड़ने वाली मार्ग के शुरूआती स्थल महराजी पुल निर्माण में अनिमियत्ताओं का आरोप महानगर युवा राजद के जिलाध्यक्ष राकेश नायक ने लगाया हैं। वार्ड 09 के पार्षद राकेश पासवान उर्फ नुनु व उक्त मार्ग के स्थानीय लोगो की शिकायत पर निमार्णाधीन पुल स्थित मुआयना करने के बाद श्री नायक ने विज्ञप्ति जारी कर कहा हैं कि पुल निर्माण में दर्जनों बड़ी अनिमियत्ता सामने आई हैं। निर्माण कंपनी अपनी मर्जी से पुल का निर्माण कर रहे हैं। मटेरियल का सही उपयोग नहीं कर रहे हैं। पुल निर्माण स्थल पर प्राक्कलन का बोर्ड लगाये बगैर ही निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्राक्कलन से संबंधित बोर्ड नहीं लगाये जाने की वजह से लोगों को कार्य की पूर्ण जानकारी नहीं मिल पाती है। जबकि प्रावधान के मुताबिक कार्य शुरू करने से पूर्व स्थल पर बोर्ड लगाना अनिवार्य है। इसमें निर्माण से संबंधित सारी जानकारी देनी होती है। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण का कार्य अगर मानक को पूरा करते है तो महानगर युवा राजद दरभंगा में बड़ी जनआंदोलन करेगा। इस दौरान वार्ड 9 के पार्षद राकेश पासवान, अविनाश झा, वार्ड अध्यक्ष संजय पासवान, उपाध्यक्ष दीपक राय प्रधान महासचिव अकबर अली, टिकु बड़ी व सोहन मंडल आदि मौजूद थे।

# गुरु हरगोविंद साहिब का प्रकाश पर्व मनाया गया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में छठे गुरु श्री हरगोविंद साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व मनाया गया। इसे लेकर पिछले दो दिनों से अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का समापन शनिवार को हुआ। इसके बाद विशेष दीवान दरबार साहिब में सजा। इसमें रागी भाई नविंदर सिंह, भाई हरभजन सिंह, भाई ज्ञान सिंह, भाई कविंदर सिंह और भाई बिक्रम सिंह ने शबद कीर्तन पेश किया। कथावाचक ज्ञानी चरणजीत सिंह ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर कथा कही। इसमें गुरु महाराज के जीवन दर्शन को अनुकरणीय बताया गया। विशेष दीवान की समाप्ति जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह की देखरेख में अरदास व हुकुमनामा के साथ हुआ।

# भारतवर्ष का स्वप्न नागार्जुन ने अपनी कविताओं में देखा था : सांसद

## कबीर और नागार्जुन जयंती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई संपन्न

प्रात :किरण संवाददाता

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिंदी और उर्दू विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कबीर और नागार्जुन जयंती के अवसर पर ह्यकबीर नागाजुर्नः समग्र विमर्शह्ण विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन शनिवार को विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर ने अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि जिस भारतवर्ष का स्वप्न नागार्जुन ने अपनी कविताओं में देखा था, उस भारत को गढ़ने में वर्तमान सरकार पूरी तरह क्रियाशील है। उन्होंने कहा कि दरभंगा एकमात्र ऐसा जिला है जहां एक ही परिसर में दो विश्वविद्यालय निर्बाध रूप से संचालित हैं। यह दरभंगा महाराज की दानशीलता के कारण संभव हो सका है। श्री ठाकुर ने कहा कि स्वयं के ऊपर भरोसा और दृढ़तापूर्वक कार्य क्षमता कबीर और नागार्जुन से सीखने वाले गुण हैं। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे मानविकी संकाय के अध्यक्ष प्रो. ए के बच्चन ने कहा कि नागार्जुन और कबीर को बार बार पढ़ा जाना चाहिए। वे एक मशाल की तरह युगों से हमारे बीच प्रज्ज्वलित होकर समाज को प्रकाशित कर रहे हैं। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो उमेश कुमार ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कबीर और नागार्जुन के साहित्य की मूल संवेदनाओं को उद्घाटित किया।

उज्जैन से आमंत्रित मुख्य वक्ता प्रो. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने कहा कि मैं नागार्जुन की तरह अभिधा में कोई बात नहीं करूंगा, क्योंकि मैं शासकीय व्यवस्था से बंधा हूं इसीलिए मैं धूमिल की भाषा में बात करूंगा। संगोष्ठी के दूसरे सत्र की अध्यक्षता कर रहे प्रो. चंद्रभानु प्रसाद सिंह ने कि। बेनीपुर के प्रधानाचार्य डॉ. विजय कुमार, अनिल कुमार शुक्ल,

डॉ. नंद किशोर पंडित ने भी सम्बोधित किया।

धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गुलाम सरवर ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्राध्यापक, शोधार्थी और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। डॉ. सुरेश पासवान, डॉ. तीर्थनाथ मिश्र, डॉ. ज्वाला चंद्र चौधरी, डॉ. शंभू पासवान, धर्मेंद्र कुमार, डॉ. उमेश कुमार शर्मा की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा पर पोखरेश्वर नाथ मंदिर परिसर में जलाभिषेक व महाआरती के साथ लगा बाल भोग

## हर महीने के पूर्णिमा पर किया जाता है बाबा का अभिषेक, उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़



प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम :- प्रखंड के पैनापुर स्थित अति प्राचीन बाबा पोखरेश्वर नाथ मंदिर परिसर में ज्येष्ठ माह के स्नान दान की पूर्णिमा पर शुक्रवार को भगवान भोलेनाथ का विशेष जलाभिषेक व पूजा अर्चना के साथ सायंकाल में बाल भोग लगाया गया` सर्वप्रथम अहले सुबह आचार्यों ने मंत्रोच्चार के साथ भोले नाथ का जलाभिषेक कराया, पूजा अर्चना के बाद भव्य आरती व प्रसाद वितरण के पूजा सम्पन्न हुआ` तत्तपाश्चात्य सायंकाल में मंदिर समिति के तत्वाधान में नाम संकीर्तन व बाल भोग लगाया गया, जिसमें सैंकड़ों बच्चों को भोजन कराया गया` मंदिर समिति के लोगों ने बताया कि हर महीने पूर्णिमा पर भगवान भोले नाथ का विशेष जलाभिषेक व महाआरती आयोजित किया जाता है, जिसमें श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ती है` मंदिर समिति के लोगों के मुताबिक हर वर्ष ज्येष्ठ मास के पूर्णिमा पर कथा पूजन की पूणार्हुति पर भव्य पूजन व महाआरती के साथ बाल भोग आयोजित किया जाता है` लोगों की ऐसी मान्यता है कि जो भी व्यक्ति सच्चे मन से पोखरेश्वर नाथ का दूध से अभिषेक कराता है उनकी हर मनोकामनाएं पूर्ण होती है` पूर्णिमा पर कई गांवों से लोग मंदिर में पूजा अर्चना को पहुंचते हैं` मौके पर आयोजक गोपाल विद्यार्थी, राजकुमार यादव, अमित कुमार, छोटू यादव, सत्येंद्र कुमार, ऋषिदेव, प्रिंस, सुजीत व सुधांशु समेत मंदिर समिति के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# बड़ी पटनदेवी के नेहरू चौक में फायरिंग कर फैलाया दहशत



● आलमगंज थाना की पुलिस कर रही छानबीन, सीसीटीवी में दो दिखा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आलमगंज थाना क्षेत्र के बड़ी पटनदेवी के नेहरू चक मुहल्ला में शनिवार को अपराह्न अचानक गोलीबारी की घटना हुई। बताया जाता है कि बाइक सवार दो अपराधियों ने फायरिंग कर दहशत फैलाने का काम किया है। फायरिंग की इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर आलमगंज थाना की पुलिस पहुंची। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। आलमगंज थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि दो राउंड फायरिंग बाइक सवार दो अपराधियों के द्वारा की गई है। पुलिस घटना से जुड़े मामले में छानबीन कर रही है। आसपास में लगे सीसीटीवी को भी खंगाला जा रहा है। गोलीबारी किए जाने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। थानाध्यक्ष का कहना है कि जहां पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है, वहां के आसपास के लोगों के द्वारा कुछ भी नहीं बताया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आयी है कि बाइक से हुई दुर्घटना के बाद हुए विवाद में यह घटना हुई है।

# लखनऊ मण्डल के टिनिच स्टेशन पर एनआई कार्य के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

प्रात :किरण संवाददाता



हाजीपुर । यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु लखनऊ मण्डल के टिनिच स्टेशन पर एन.सी.एम.एल. गतिशक्ति साइडिंग कनेक्टिविटी कार्य हेतु नान इण्टरलॉक कार्य किये जाने के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - रद्द ट्रेनें - लखनऊ एवं पाटलीपुत्र से 26 जून, 2024 को चलने वाली 12530/12529 लखनऊ -पाटलिपुत्र-लखनऊ एक्सप्रेस रद्द। आनन्द विहार से 24 जून, 2024 को चलने वाली 04058 आनन्द विहार-मुजफ्फरपुर स्पेशल रद्द। मुजफ्फरपुर से 25 जून, 2024 को चलने वाली 04057 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार स्पेशल रद्द। आनन्द विहार से 25 जून, 2024 को चलने वाली 04010 आनन्द विहार-जोगबनी स्पेशल रद्द। जोगबनी से 27 जून, 2024 को चलने वाली 04009 जोगबनी-आनन्द विहार स्पेशल रद्द। नई दिल्ली से 25 जून, 2024 को चलने वाली 04004 नई दिल्ली-सीतामढ़ी स्पेशल रद्द। सीतामढ़ी से 25 जून, 2024 को चलने वाली 04003 सीतामढ़ी-नई दिल्ली स्पेशल रद्द। परिवर्तित मार्ग से चलाये जाने वाली ट्रेनें - बरौनी से 25 एवं 26 जून, 2024 को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली स्पेशल परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी । दरभंगा से 25 एवं 26 जून, 2024 को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी । नई दिल्ली से 25 एवं 26 जून, 2024 को चलने वाली 02570 नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल परिवर्तित मार्ग गोण्डा-बढ़नी-गोरखपुर के रास्ते चलाई जायेगी । गुवाहाटी से 24 जून, 2024 को चलने वाली 05656 गुवाहाटी-जम्मूतवी स्पेशल परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी । गुवाहाटी से 24 जून, 2024 को चलने वाली 04679 गुवाहाटी-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा स्पेशल परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोण्डा के रास्ते चलाई जायेगी ।

पुनर्निर्धारित कर चलायी जाने वाली ट्रेनें -

अमृतसर से 25 जून, 2024 को चलने वाली 14674 अमृतसर-जयनगर एक्सप्रेस अमृतसर से 150 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। काठगोदाम से 25 जून, 2024 को चलने वाली 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस काठगोदाम से 105 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। नियंत्रित कर चलायी जाने वाली ट्रेन - काठगोदाम से 24 जून, 2024 को चलने वाली 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस मार्ग में 45 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी ।

# उत्तर मध्य बिहार के जिलों में 24 से 26 व 28 जून को अच्छी बारिश होने की संभावना

## तेज मेघ गर्जन व वज्रपात के साथ 30-40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चल सकती है हवा

- 24 जून के बाद तापमान में गिरावट आने की संभावना
- शुक्रवार के मुकाबले शनिवार को 3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा अधिकतम तापमान



समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर पूर्व बिहार के रास्ते मानसून 20 जून को राज्य में प्रवेश कर चुका है। हालांकि समस्तीपुर सहित कई अन्य जिलों में अभी भी लोग भीषण गर्मी से त्रस्त चल रहे हैं। अब इसके 25 जून तक पूरे राज्य में पहुंचने की उम्मीद है। हालांकि आने वाले एक-दो दिनों में उत्तर मध्य बिहार के सीतामढ़ी, शिवहर, वैशाली, दरभंगा व मधुबनी जिले में भारी बारिश की प्रबल संभावना है। हालांकि इस दौरान मुजफ्फरपुर व समस्तीपुर जिले में भी मानसून के प्रभाव के कारण बारिश होने की संभावना है। वहीं इसके साथ ही उत्तर पश्चिम बिहार के पूर्वी व पश्चिमी चंपारण, सारण, गोपालगंज व सिवान जिलों में भी इस दौरान 28 जून तक लगातार बारिश की संभावना नहीं हुई है। मौसम विभाग के अनुसार 23 जून को राज्य के पूर्वी भागों में तेज मेघ गर्जन के साथ 30-40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बारिश की संभावना है। वहीं 24 जून को उत्तर व दक्षिण पूर्वी भागों के एक दो स्थानों पर एवं पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण जिले के एक-दो स्थानों पर बारिश का येलो अलर्ट मौसम विभाग में जारी किया है। वहीं राज्य के अनेक भागों के साथ पूर्वी व पश्चिमी चंपारण, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी एवं शिवहर जिलों के कुछ स्थानों पर 25 जून को बारिश होने की संभावना है और इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 26 जून को भी इन जिलों के अनेक स्थानों पर बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया। हालांकि इस अवधि में क्षेत्रवार को छोड़कर समस्तीपुर व मुजफ्फरपुर जिले में बारिश को लेकर मौसम विभाग के द्वारा कोई विशेष संभावना व्यक्त नहीं की गई है। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा पूसा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा जारी 22 से 26 जून तक का मौसम पूर्वानुमान के अनुसार इस पूर्वानुमानित अवधि में सक्रिय मानसून एवं कम दबाव के प्रभाव से पूर्वानुमानित अवधि में उत्तर बिहार के अधिकतर जिलों में अच्छी वर्षा होने की सम्भावना है। 22-25 जून के बीच मधुबनी, गोपालगंज, सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी तथा पश्चिमी चम्पारण जिलों में भारी वर्षा हो सकती है। सीवान एवं सारण जिलों में मध्यम वर्षा हो सकती है। 22-25 जून के बीच समस्तीपुर, बेगूसराय एवं वैशाली जिलों में हल्के से मध्यम वर्षा होने की प्रबल सम्भावना है। इस अवधि के तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। दिन का तापमान 30-35 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 23-25 डिग्री सेल्सियस रहने की सम्भावना है। वहीं 24-25 जून को उत्तर बिहार के जिलों में अधिकतम तापमान 28 से 30 व न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। वहीं सापेक्ष आर्दता सुबह में 80 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 50 से 60 प्रतिशत रहने की संभावना है। पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 15 से 20 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पुरवा हवा चलने का अनुमान है। शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहते हुए 36 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.1 डिग्री सेल्सियस कम रहते हुए 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सुबह में सापेक्ष आर्द्रता 90 फीसदी व दोपहर में 60 फीसदी रहा। इस दौरान 12.9 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से पुरवा हवा चली।

## कबीर की कविता रूढ़ियों को तोड़ती है : चंद्रभूषण



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। अल्हड़,फक्कड़ बेबाक जनकवि संत कबीर समस्त मानवता के लिए समर्पित सच्चे मार्गदर्शक हैं। वे लोकहित की चिंता करते हुए धार्मिक व सामाजिक रूढ़िवादिता पर करारा प्रहार करते हैं। कबीर की रचनाएं रूढ़ियों को तोड़ती मुक्त आत्मा की कविता है। उनकी भाषा में सरलता,सादगी व मानवता का मूलमंत्र है। साहित्यकार चंद्रभूषण सिंह चंद्र ने कांटी में कबीर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बातें कही। नगर परिषद स्थित साहित्य भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कबीर ऊँच-नीच, जाति धर्म,वर्ण-भेद के आधार पर विभाजित मानवता की समानता को एक नैतिक व मजबूत आधार प्रदान करते हैं। लोक परंपरा के कबीर के दिए ज्ञान की सहज परिणति प्रेम के प्रकाश के रूप में होती है। कबीर को तलाश थी एक सच्चे धर्म की,जिसके द्वारा मानव मात्र की कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो। हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार भाषा पर कबीर का जबरदस्त अधिकार था। वे भाषा के तानाशाह थे। जिस बात को उन्होंने जिस रूप में प्रकट करना चाहा,उसी रूप में भाषा से कहलवाया। लेकिन दुर्भाग्य है कि न सिर्फ इनको बल्कि उनके विचारों को भी तड़ीपार कर दिया गया। गृहस्थ जीवन व कर्म करते हुए कबीर ने कुछ भी नही छोड़ा व सबकुछ पाकर अध्यात्म के चरम पर पहुंच गए। चंद्रकिशोर चौबे ने कहा कि कबीर धार्मिक आडंबरों, पाखंडो, परंपरागत रुढियों, अंधविश्वासों, मिथ्याप्रदर्शनों,अनुपयोगी रीति-रिवाजों व सामाजिक भेदभाव के कट्टर विरोधी थे। पिनाकी झा ने कहा कि कबीर यथार्थवादी, कर्म प्रधान व सामानतावादी समरस समाज की स्थापना पर बल देते है। कार्यक्रम में नंदकिशोर ठाकुर,रामेश्वर महतो,महेश कुमार,मनोज मिश्र राकेश कुमार राय,दिलजीत गुप्ता,रजनीश कुमार,प्रकाश कुमार ने भी संत कबीर को नमन किया।

## कोसी के साथ साथ कमला बलान नदी के जलस्तर में भी तेजी

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)। प्रखंड से होकर गुजरने वाले कोसी के साथ साथ कमला बलान नदी के जलस्तर भी तेजी से बढ़ रही है। जिससे पूर्वी प्रखंड में कमला बलान नदी के पश्चिमी तटबंध से पुरब बसे चार पंचायत इटहर, उसरी, उजुआ सिमरटोका और तिलकेश्वर पंचायत में संभावित बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। मालूम हो कि कोसी नदी का जलस्तर विगत छः दिनों से बढ़ रही है। लेकिन बीती गुरुवार से कमला बलान नदी के जलस्तर में एकाएक उछाल आ गया । पानी के तेज धारा में कमला बलान नदी में चौकीया घाट पर बने बांस के चचरी पुल बह गया है। जिससे चौकीय, इटहर,गोबराही, बलथरवा,लक्ष्मिनीया और बर्बटीया गांव के लोगों का यातायात बाधित हो गया है। अब इन गांवों के लोगों को चौकीय घाट पर नाव से पार कर अपने गन्तव्य स्थान तक जाना पड़ेगा। इधर कोसी नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि होने से उजुआ, छोटकी कोनिया, बड़की कोनिया, अरराही और कुंज भवन गांव के निकट नदी में हो रहे कटाव से नदी किनारे बसे हुए परिवारों में दहशत व्याप्त है। लोग संभावित कटाव से बचाने के लिए अपने स्तर से प्रयास कर रहे हैं। जलसंसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अशोक रंजन के नेतृत्व में आए अभियंताओं की टीम ने बीती गुरुवार को कटाव स्थल का निरीक्षण करने बाद कोनिया गांव में कटाव रोधक कार्य शुरू करने का निर्देश पर तत्काल पेड़ के टहनी से कटाव रोकने का काम शुरू कर दिया गया था।जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता साजीद इकबाल ने बताया कि देर रात तक पेड़ के डाल कर नदी के कटाव को फिलहाल रोक दिया गया है। प्लास्टिक के बोरे में बालू भरने के लिए मजदूर को लगाया गया है। बोरे में बालू भरने के बाद बेड वार का काम शुरू कर कटाव को रोका जाएगा। सीओ गोपाल पासवान ने बताया कि कमला बलान और कोसी दोनों नदी के जलस्तर में वृद्धि होने की सूचना मिली है।

## शराब के साथ तस्कर को उत्पाद विभाग की टीम ने किया गिरफ्तार



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर उत्पाद विभाग की टीम ने उजियारपुर थाना क्षेत्र के मेहसारी चंदौली गांव में शुक्रवार को छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गये आरोपित की पहचान मेहसारी चंदौली वार्ड संख्या-7 निवासी स्व. रामबालक सहनी के पुत्र सहदेव सहनी के रूप में हुई है। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक शैलेन्द्र चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी उजियारपुर थाना क्षेत्र के मेहसारी चंदौली गांव में चोरी छिपे अवैध शराब का धंधा संचालित किया जा रहा है। उत्पाद विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से उत्पाद विभाग की टीम ने 180 एमएल के 96 टेट्रा पैक में 17.280 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। पकड़े गये आरोपित के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## मेयर ने किया जानकी मिनी सिनेमा का उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी मधुबनी स्थित गोशाला चौक पर जानकी मिनी सिनेमा हॉल का उद्घाटन मधुबनी नगर निगम के मेयर अरुण राय ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित मैथिली की प्रसिद्ध अभिनेत्री प्रेमलता मिश्र प्रेम उपस्थित थीं। जानकी फिल्म्स प्रोडक्शन की ओर से निर्मित इस मिनी सिनेमा हॉल का उद्घाटन करते हुए मेयर अरुण राय ने कहा कि यह बहुत ही प्रसन्नता की बात है कि मधुबनी शहर में इस सिनेमा हॉल का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि जानकी फिल्म्स प्रोडक्शन की ओर से पहले भी मिथिला की संस्कृति और इसकी विरासत को सहेजने और संवारने का काम पहले भी किया जाता रहा है। जानकी मैथिली पुस्तक केंद्र के जरिए मैथिली साहित्य और संस्कृति के विकास का काम वर्षों से जारी है। अब मिनी सिनेमा हॉल के जरिए इस प्रयास को और अधिक बल मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेयर श्री राय ने कहा कि एक समय था जब मधुबनी में तीन - तीन सिनेमा हॉल हुआ करते थे। लेकिन बदलते वक्त में यहां एक भी सिनेमा हॉल नहीं रहा। लोग फिल्में देखने के लिए दूसरे शहरों की ओर जाने लगे। अब जानकी मिनी सिनेमा इस कमी को पूरी करेगा और फिल्में देखने के लिए इस शहर के लोगों को कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी। सबसे बड़ी बात यह है कि जानकी फिल्म्स प्रोडक्शन दर्शकों का सिर्फ मनोरंजन नहीं करता, बल्कि मिथिला के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित-संवर्धित करने का काम भी करता है। मुख्य अतिथि प्रेमलता मिश्र प्रेम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जानकी मिनी सिनेमा की स्थापना बहुत ही उत्साहजनक है। मैथिली फिल्मों के प्रसार में इस मिनी सिनेमा की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होगी। आमतौर पर लोगों की शिकायत होती थी कि मैथिली सिनेमा देखने के लिए कोई उचित प्लेटफार्म नहीं मिलता। लोगों की इस शिकायत को दूर करने के लिए जानकी फिल्म्स प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सुनील कुमार झा ने यह अनूठी पहल की है जो काबिले तारीफ है। मुझे पूरी उम्मीद है कि मैथिली सिनेमा के दर्शक इस प्लेटफार्म का भरपूर लाभ उठाएंगे। इस अवसर पर जानकी फिल्म्स प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक सुनील कुमार झा ने कहा कि जानकी फिल्म्स प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी निबंधन अधिनियम के तहत एक निबंधित कंपनी है जिसका उद्देश्य मैथिली में फीचर फिल्म, लघु फिल्म और वृत्त चित्रों का निर्माण, वितरण और प्रदर्शन करना है। इस कंपनी की ओर से 2021 अबतक ह्यबबितियाह्ल और ह्यविद्यापतिह्ल का निर्माण और प्रदर्शन किया जा चुका है। इसी कड़ी में हमने जानकी फिल्म्स प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय परिसर में जानकी मिनी सिनेमा की स्थापना की है। हमें पूरी उम्मीद है कि आने वाले दिनों में जानकी मिनी सिनेमा मैथिली फिल्मों के प्रदर्शन का एक मुकम्मल केंद्र बनेगा और दर्शक इसे भरपूर प्रेम और स्नेह देंगे। कार्यक्रम को मधुबनी के कई गणमान्य लोगों ने भी संबोधित किया और सभी लोगों ने जानकी फिल्म्स प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड के इस प्रयास की जमकर सराहना की।

## बेनीपुर परिषद में संध्याकालीन सफाई कार्य शुरू



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा) । नगर परिषद बेनीपुर क्षेत्र के चौक-चौराहों पर संध्याकालीन साफ सफाई कार्य महीनों बाद शुरू हो गया है । नप के कार्यपालक अधिकारी द्वारा सफाई एजेंसी के साथ कड़ाई से पेश आने के बाद संध्याकालीन सफाई कार्य 3 महीने बाद शुरू किया गया। आपके अपने समाचार पत्र ह्यप्रातः किरणह्ल में छपी खबर को नप प्रशासन ने संज्ञान लेकर संध्याकालीन सफाई कार्य नप के बाजारों मे शुरू करवाया। जानकार सूत्रों के मुताबिक एक ड्रग एजेंसी ने बेनीपुर नगर परिषद क्षेत्र मे सफाई कार्य का जनवरी से टेंडर लिया है। नप प्रशासन में नियमानुसार सफाई कार्य का इकारनामा सफाई एजेंसी से कराया, जिसमें सुबह शाम सफाई सहित शहर के मुख्य चौक चौराहा को विशेष रूप से सफाई करने की शर्त मंजूर किया है। बेनीपुर, आशापुर, बहेड़ा, मझौड़ा, धरौड़ा के प्रो सुरेश प्रसाद सिंह, श्रीप्रसाद कमती, रामदयाल झा गुणाकार, रमन कुमार ठाकुर, प्रदीप कुमार राय आदि ने बताया कि गत अप्रैल माह में संध्याकालीन सफाई चौक चौराहा पर हुई है, बाकी महीना सिर्फ सफाई कार्य की खानापूर्ति की जाती है। इन लोगों ने बताया कि सभी वार्डों की साफ सफाई कार्य के लिए प्रतिमाह लाखों रुपए नगर परिषद प्रशासन को भुगतान करना पड़ रहा है।

नगर परिषद के ईओ दीपक कुमार ने पूछने पर कहा कि मीडिया में छपी खबर पर संज्ञान लिया गया है। उन्होंने स्वीकारा की सफाई एजेंसी एग्रीमेंट की तिथि से सिर्फ एक महीने अप्रैल में संध्याकालीन सफाई किया है। बाकी महीना संध्याकालीन सफाई कार्य नहीं हुआ है। बार-बार संध्याकालीन सफाई कार्य करने को कहा गया, लेकिन नहीं किया गया। ईओ ने सफाई पर्यवेक्षक और एजेंसी को कड़ी फटकार लगायी। इसके बाद संध्या कालीन सफाई कार्य पुनः शुरू किया गया है।

## जयनगर मे माँ कमला की आरती को लेकर तीन वर्ष पूर्ण होने पर नए कमिटी का गठन



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला के जयनगर किसान भवन परिसर में अरविंद तिवारी की अध्यक्षता में माँ कमला आरती सेवा समिति जयनगर के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया।इसी कड़ी में माँ कमला आरती सेवा समिति जयनगर के द्वारा तीन वर्ष पूर्ण होने पर पुराने कमिटी को भंग कर नए कमिटी का का गठन किया गया।जिसमे अध्यक्ष उमेश यादव,कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद तिवारी,महासचिव धीरेंद्र झा,सचिव पप्पू पूर्वे,कोषाध्यक्ष सोनी नायक,उपाध्यक्ष राज कुमार सिंह,रमेश झा,रतन देवी,विश्वनाथ यादव,चन्द्र केतु नारायण यादव,सह सचिव अनिता ठाकुर,शंकुलता देवी,मधु कुमारी,मुख्य संरक्षक कैलाश पासवान,संरक्षक दिनेश वर्मा,दिलीफ महतो,कृष्ण कुमार झा,मोती लाल यादव,दिलीप महतो,योगेंद्र सिंह,राजेश गुप्ता, विनय सिंह,अनिल महतो,भोला पासवान सहित अन्य को मनोनीत किया गया।बता दे पहली बार जयनगर में बनारस की तर्ज माँ कमला की आरती 20 जून 2021 गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर इसकी शुरूआत जयनगर में की गई थी। कमिटी के सदस्यों का कहना है।यह आरती कार्यक्रम प्रत्येक सप्ताह में सोमवार के दिन किया जाता है।अभी तक यह कार्यक्रम 156 वार हो चुका है। जिसकी चर्चा देश-विदेश में भी हो रही है।इस अवसर पर संस्था के मुख्य संरक्षक कैलाश पासवान ने कहा कि लोगों के सुख-समृद्धि व सलामती के लिए कमला मैया से इस आरती में प्रार्थना की जाती है।यह कार्यक्रम प्रत्येक सप्ताह में सोमवार के दिन किया जाता है।इस मौके पर कई लोग मौजूद थें।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी की ट्रक बरामद ,अभियुक्त गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर।जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र से ट्रक चोरी के आरोप में एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने पूर्णिया से ट्रक भी बरामद किया गया है। यह जानकारी देते हुए एसएसपी राकेश कुमार ने बताया कि बीते 17-18 जून की रात्रि में कॉटी थाना क्षेत्र से एक ट्रक चोरी हुई थी।इस संदर्भ में मोतीपुर थाना में कांड संख्या-217/24, दर्ज किया गया था।मोतीपुर थाना की टीम द्वारा मानवीय एवं तकनीकी बिंदुओं के आधार पर छापेमारी कर इस घटना में संलिप्त अपराधकर्मी राजू कुमार पिता कृष्णा राय ग्राम हरपुर, जुनैदा थाना- को मोतीपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अपराधकर्मी के निशानदेही पर चोरी की गई ट्रक को पूर्णिया से बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त ने घटना में संलिप्ता की बात को स्वीकार की है। घटना में संलिप्त अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है।

### संदिग्ध परिस्थिति में किशोर की हुई मौत

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के सिमरिया भिंडी पंचायत के वार्ड छः में जेसीबी के गढ़े में डुबने से एक किशोर की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक किशोर की पहचान जितेंद्र दास के 11 वर्षीय पुत्र सनी कुमार के रूप में हुई है। ग्रामीणों का बताना है कि मिरतक किशोर शुक्रवार की शाम सिमरिया पंचायत के सिमरिया गांव एक बंद चिमनी के गढ्ढे में स्नान करने के लिए घर से निकला था। लेकिन देर शाम तक उक्त किशोर घर नहीं पहुंच पाया नहीं पहुंचने की स्थिति में परिजनों को शंका हुई तो खोजबीन किया। खोजने के क्रम में सिमरिया गांव के सिमरिया में एक बंद पड़े चिमनी पर गढ़े में तैरता हुआ शव अर्धनग्न अवस्था में तैरता शव बरामद किया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर किशोर के शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया गया। वहीं पुलिस ने आगे कार्रवाई में जुट गई है।

### शिवकांत झा लिखित पुस्तक पिंडारुच-दर्शन का समारोह पूर्वक लोकार्पण

दरभंगा।पिंडारुच-दर्शन में गांव के अतीत एवं वर्तमान का रेखांकन कर भविष्य के लिए इतिहास संजोया गया है। यह बात वक्ताओं ने शुक्रवार को ग्राम-गाथा की पुस्तक के लोकार्पण-समारोह में कही। पूर्व न्यायाधीश रुक्मिणीकांत चौधरी की अध्यक्षता में गांव के बलुआहा शिवालय परिसर में संपन्न कार्यक्रम में पूर्व सरपंच शिवकांत झा द्वारा लिखित पुस्तक को मुख्य अतिथि के पद से साहित्य अकादेमी अनुवाद पुरस्कार प्राप्त डा. योगानंद झा, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद डा. श्रीश चौधरी ने सराहा। मौके पर डा. प्रदीपकांत चौधरी ने कहा कि लेखक शिवकांत झा ने इस पुस्तक के माध्यम से इतिहास लेखन की सामग्री को संचित कर दिया है। पुस्तक के संपादक डा. अमलेन्दु शेखर पाठक ने लोकार्पित पुस्तक का परिचय रखा। पिंडारुच सांस्कृतिक परिषद के तत्त्वावधान में आयोजित समारोह में लेखक शिवकांत झा ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। मणिकांत चौधरी के संचालन में संपन्न कार्यक्रम में ललित कुमार चौधरी, पिंडारुच के मुखिया गोपाल कुमार झा, हरिहरपुर पंचायत के मुखिया अजय कुमार झा, पूर्व सरपंच मिथिलेश कुमार मिश्र, नवीन कुमार चौधरी, ललनजी चौधरी, नवजीतकांत चौधरी, हीरेंद्र कुमार झा आदि ने भी विचार रखे। हेमंत कुमार चौधरी के मंगलाचरण से शुरू कार्यक्रम के दूसरे भाग में राकेशचंद्र नंदन, नीतू कुमारी आदि ने काव्यपाठ किया।

### विद्युत स्पशाघात से युवक की मौत

विभूतिपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर उत्तर पंचायत वार्ड 2 में शनिवार को विद्युत स्पशाघात से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सागर राय के 22 वर्षीय पुत्र मिथिलेश राय के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मिथिलेश मोबाइल चार्ज में लगाने के लिए चार्जर को लगा रहा था। इस बीच विद्युत की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। 2 महीने पूर्व ही मिथिलेश की शादी गंगौली में हुई थी। मिथिलेश की मौत के बाद पत्नी सीता देवी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय मुखिया ललिता देवी, मंटून ठाकुर आदि सांत्वना देने में जुटे थे।मिथिलेश का अंतिम संस्कार बेगूसराय जिला के अयोध्या घाट में किया गया जहां मुखाग्नि छोटे भाई नीतीश कुमार ने दी।

## कुलपति ने केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री से कि शिष्टाचार भेंट



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर से नई दिल्ली में शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान कुलपति डॉ पांडेय ने श्री राम नाथ ठाकुर को विश्वविद्यालय में अनुसंधान को लेकर चल रहे विभिन्न प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री ठाकुर ने विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न नवोन्मेषी प्रयासों की सराहना की और कहा कि डिजिटल एग्रीकल्चर को लेकर विश्वविद्यालय देश भर में एक प्रमुख भूमिका निभा रहा है। नमो ड्रोन दीदी की ट्रेनिंग भी पूसा विश्वविद्यालय करा रहा है जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि वे हाल ही में आयोजित किसान मेला में विश्वविद्यालय की सराहनीय पहल के स्वंय साक्षी रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय आने वाले समय में तेजी से प्रगति करेगा और किसान हित में लगातार कार्य करता रहेगा।

## सभी जिलों में उद्योग विभाग से संबंधित योजनाओं की स्वीकृति एवं वितरण हेतु कैम्प का होगा आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी उद्योग निदेशक बिहार पटना के द्वारा विभिन्न योजनाओं यथा पीएमईजीपी1 और पीएम एफएमई पीएम विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को ऋण की स्वीकृति एवं वितरण करने हेतु दिनांक 26.06.2024 एवं 27.06.2024 को पूर्वाहन 11.00 बजे से राज्य के सभी जिलों में कैम्प का आयोजन करने हेतु निदेश दिया गया है। पत्र के माध्यम से कहा गया है कि विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं का कार्यान्वयन किया जा रहा है, जिसमें लाभार्थियों को स्वरोजगार हेतु ऋण एवं अनुदान दिया जाता है। योजनाओं में पीएमईजीपी-1 और पीएमएफएमई, पीएम विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को ऋण की स्वीकृति एवं वितरण करने हेतु दिनांक 26.06.2024 एवं 27.06.2024 को पूर्वाहन 11.00 बजे से राज्य के सभी जिलों में कैम्प का आयोजन किया जायेगा।इस कैम्प में जिला पदाधिकारी, उद्योग विभाग के वरीय पदाधिकारी, जीविका के वरीय पदाधिकारी एवं बैंक के वरीय पदाधिकारी भाग लेंगे। यह कार्यक्रम उद्योग विभाग एवं बैंक के मुख्यालय स्तरीय वरीय पदाधिकारी की उपस्थिति में होगी। इस संबंध में सभी जिला पदाधिकारी को अपने स्तर से जिला स्तरीय उद्योग विभाग के पदाधिकारियों, बैंक के पदाधिकारियों, जीविका के सदस्यों आदि के साथ बैठक करके कैम्प की गतिविधियों हेतु समीक्षा करने तथा कैम्प में शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रयास करेगें। उद्योग विभाग के अन्तर्गत महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, परियोजना प्रबंधक एवं उद्योग विस्तार पदाधिकारी को उपरोक्त कैम्प हेतु पूरी तैयारी सुनिश्चित करने हेतु निदेश दिया गया है। साथ ही सभी बैंकों के राज्य स्तरीय जोनल मैनेजर रिजनल मैनेजर से अनुरोध किया गया है कि सभी बैंक ब्रांच को कैम्प में शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निर्देश जारी करें। मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जीविका से अनुरोध किया गया है है कि वे सभी जिला एवं प्रखण्ड स्तर के संगठनों को इस कैम्प में अधिक से अधिक भाग लेने हेतु पत्र निर्गत करें।सभी संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि वे इस कैम्प में सभी योजनाओं में अधिक-से-अधिक लाभार्थियों को ऋण की स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित करने हेतु पूर्ण प्रयास करे।

## बीइंग हेल्पर फाउंडेशन के द्वारा पहली बार एक किया गया अनोखा पहल

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी पर्यावरण को बचाने के लिए एक अनोखा पहल।बीइंग हेल्पर फाउंडेशन के द्वारा बिहार के राजधानी पटना में किया गया है बताते चले की प्लास्टिक पॉल्यूशन के कारण हवा तो प्रदूषित हो ही रही है साथ।साथ अधिक मात्रा में पेड़ पौधे ना होने के कारण बिहार पटना का तापमान भी कई सालों का रिकॉर्ड तोड़ रहा है ' बीइंग हेल्पर फाउंडेशन के द्वारा पहली बार एक अनोखा पहल किया गया है जिसमें कचरे से प्लास्टिक की बोतल इकट्ठा करके पेड़ को बचाने के लिए सुरक्षा कवच उन्होंने बनाया है जिसका नाम मिशन ट्री प्रोटेक्शन रखा गया हैं ' इससे कई फायदे होंगे पर्यावरण को पहले तो प्लास्टिक पॉल्यूशन पर कंट्रोल दूसरा अधिक पैमाने पर पौधारोपण तीसरा सड़क सुरक्षा में भी सहायता मिलेगी और इस प्रोजेक्ट में बहुत ही कम पानी का उपयोग होगा ' संस्था के संस्थापक शुभम कुमार का कहना है कि इस मानसून वह तकरीबन 2 लाख उपयोग किया हुआ प्लास्टिक का बोतल का फिर से इस्तेमाल करने वाले हैं ' सिंगल उसे प्लास्टिक का उपयोग न करने और पर्यावरण को बचाने के लिए बहुत बड़े पैमाने पर यह संस्था लगातार बिहार में जन जागरूकता अभियान चला रही है मौके पर गिरधर झा इंद्रजीत कश्यप दीपशिखा मुस्कान आलोक एवं वन विभाग के अधिकारी मौजूद थे ।

## योग स्वास्थ्य व मानसिक संतुलन के लिए उपयोगी : प्रो मुश्ताक अहमद

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। खेल, व्यायाम और योग न केवल मानव स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक संतुलन के लिए भी उपयोगी है। इसलिए तमाम व्यस्तताओं के बावजूद यह जरूरी है कि हम अपने स्वास्थ्य और मानसिक फोकस के लिए योग को अपनाएं। ये विचार सीएम कॉलेज, दरभंगा के प्रधानाचार्य प्रो मुश्ताक अहमद ने व्यक्त किये` प्रो अहमद कॉलेज परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के बाद छात्रों को संबोधित कर रहे थे` उन्होंने कहा कि भारत में योग प्राचीन काल से ही सिखाया जाता है और आज योग ने विश्व स्तर पर लोकप्रियता हासिल की है, इसका एकमात्र कारण यह है कि योग से विभिन्न शारीरिक बीमारियों को ठीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता की पहचान यहां की अलग जीवनशैली रही है और इसमें योग का महत्व है। अतः योग को किसी विशेष नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि इसका असाधारण चिकित्सीय महत्व है। प्रोफेसर अहमद ने कहा कि हर धर्म में कुछ ऐसी चीजें होती हैं जो व्यक्ति के शरीर और आत्मा को मजबूत बनाती है` हालाँकि इसे एक धार्मिक कर्तव्य माना जाता है, लेकिन स्वास्थ्य के लिए भी इसके काफी फायदे हैं। उदाहरण के लिए, इस्लाम धर्म में प्रार्थना की विधि और उसका पूर्ण निष्पादन स्वास्थ्य को स्थिर करता है। उन्होंने कहा कि योग अब शिक्षण संस्थानों में पाठ्यक्रम का हिस्सा बन गया है, इसलिए इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है` वर्ष में केवल एक बार योग दिवस मनाकर संतुष्ट होने की आवश्यकता नहीं है बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा होना चाहिए। यह ज्ञातव्य हो कि कॉलेज की एनसीसी और एनएसएस इकाइयों के साथ-साथ कॉलेज के शिक्षक और इस विशेष कार्यक्रम में कर्मचारियों ने भाग लिया और दर्जनों योग मुद्राएं पूरी की।

## नर्तकी से छेड़छाड़ व फायरिंग मामले में सात लोगों पर एफआईआर दर्ज, एक गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरी उत्तरी पंचायत में बीते बुधवार की रात दो गोला नाच के दौरान नर्तकी से छेड़छाड़ व उसके बाद फायरिंग व दो लोगों के गोली लगने से घायल मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया। गोली लगने से घायल रवीन्द्र राय के भाई धर्मेन्द्र राय के आवेदन पर दर्ज की गयी प्राथमिकी में डुमरी के ही सात लोगों को नामजद किया गया है। आवेदन में कहा गया है कि बुधवार रात सभी आरोपी घर पर आये और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर सभी चले गये। बाद में पुनः कई लोगों के साथ आये और मारपीट करने के साथ फायरिंग की। जिसमें मेरे भाई रवीन्द्र राय व पोता सूरज कुमार के पैर में गोली लगी। इस दौरान घर की महिलाओं से सोने की सिकड़ी, कान की बाली और साढ़े चौहत्तर हजार रुपये भी छीनकर ले गये। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजीत कुमार त्रिवेदी ने बताया कि त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नामजद अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ के बाद उसे समस्तीपुर जेल भेजा जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यालयों की जांच के लिए 38 बिंदु किए गए निर्धारित

जमुई/गिद्धौर। अब सरकारी स्कूलों की गहनता से जांच कराने की रणनीति बनाई गई है। स्कूलों की जांच के लिए 38 बिंदु निर्धारित किया गया है। कर्मियों की जांच के बाद वरीय अधिकारी भी जांच करेंगे। अगर दोनों की जांच में अंतर पाया गया तो जांच कमी पर कार्रवाई की जाएगी। स्कूलों की आधारभूत संरचनाओं की जांच के लिए 16 तो शिक्षक व छात्रों से संबंधित जांच के लिए नौ-नौ बिंदु निर्धारित किया गया है।शिक्षा निदेशालय ने सख्त आदेश दिया है कि शिक्षा विभाग के कर्मी व अधिकारियों की जांच और जिला प्रशासन की जांच में भिन्नता पाये जाने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। यह माना जायेगा की शिक्षा विभाग के कर्मी व अधिकारी ने गंभीरता से जांच नहीं की। विद्यालय में शिक्षक व छात्रों की संख्या के अनुरूप वर्गकक्ष की उपलब्धता, स्कूल भवन के रंग-रोहन,किचेन शेड, गैस चूल्हा, थाली की उपलब्धता, छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की उपलब्धता, शौचालय की साफ-सफाई व क्रियाशीलता। यह भी देखा जाना है कि शौचालय में ताला तो बंद नहीं रखा जा रहा है।

# आहार का जीर्णोद्धार कार्य करायें बिना, पीआरएस ने निकाल लिये 7 लाख 22 हजार 780 रुपए

## ऑनलाइन पेज पेमेंट डिटेल मनरेगा पोर्टल पर साफ देखा जा सकता है

● गिद्धौर आहार से पश्चिम शिव नारायण मोदी के खेत तक आहार में चार से पाँच फीट पानी भरा होने के बावजूद कैसे हो गया आहार का जीर्णोद्धार



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई /गिद्धौर प्रखंड के पतसंडा पंचायत में मनरेगा की क्रियान्वित योजनाओं में लूट की होड़ मची हुई है। इसमें प्रखंड के पदाधिकारी से लेकर पंचायत के जनप्रतिनिधि,रोजगार सेवक की मिली भगत से पैसा का किया जा रहा है बंदरबाट।ताजा मामला पतसंडा पंचायत के गिद्धौर आहार से पश्चिम शिव नारायण मोदी के खेत तक आहार का जीर्णोद्धार कार्य बिहार सरकार के वर्क रजिस्टर डिटेल्ड॒/0550004003/हल/44841 पर कार्य को देखकर लगाया जा सकता है कि आहार के समीप जीर्णोद्धार कार्य का बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। और यह योजना लगभग 8 लाख 56 हजार रुपए का है।बिना आहार का जीर्णोद्धार कार्य किये ही पतसंडा पीआरएस ने 7 लाख 22 हजार 780 रुपए का निकासी भी कर लिया गया है,आहार जस का तस बना हुआ है। पंचायत के रोजगार सेवक प्रभात रंजन कुमार के द्वारा आहार का कार्य मजदूर से पूर्ण नहीं करके मजदूर के द्वारा पुराने फोटो का फोटो दिखाकर एनएमएस किया गया है,क्योंकि अभी आहार में चार से पाँच फीट पानी भरा हुआ है तो आहार में एनएमएस कैसे किया जा सकता है।वही विभागीय साइट पर मजदुरों की पुरानी फोटो को अपलोड कर सरकारी राशि पीआरएस द्वारा 7 लाख 22 हजार 780 रुपए निकासी कर लिया गया।वही पंचायत के मजदूरों को रोजगार की गारंटी के तहत अपने गांव में हर रोज काम उपलब्ध कराना होता है।यही वजह है कि क्रियान्वित योजनाओं में योजना स्थल पर बोर्ड नहीं लगाया जा रहा है। बोर्ड नहीं लगने पर प्राक्कलन में आसानी से चोरी की जा रही है। जबकि सरकार का स्पष्ट आदेश है कि किसी भी योजना के कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड जरूर लगाएं।उस बोर्ड में योजना का नाम,योजना की प्रकलित राशि,संवेदक का नाम आदि का जिक्र अनिवार्य रूप से रहनी चाहिए।जानकारी के अनुसार गिद्धौर प्रखंड भर में 40 से अधिक जगहों में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत योजनाएं संचालित हो रही है।यहां पैन सफाई,तालाब खुदाई,वृक्षारोपण एवं मिट्टी भराई के कार्य के अलावे सहित चालीस से अधिक योजनाओं का संचालन हो रहा है। बता दे कि कार्यस्थल पर योजना का बोर्ड नहीं लगाए जाने से सरकारी राशि की लूट करने की आजादी है। ऐसे में आम लोगों को योजना और प्राक्कलन की जानकारी नहीं मिल पाती है।पंचायत से लेकर प्रखंड तक के विभागीय कर्मी एवं पदाधिकारी की ताल मेल से सरकारी राशि की लूट का जरिया बना लिया है। ऐसे में ग्रामीण मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए केंद्र प्रायोजित मनरेगा योजना मजदूरों को घर पर ही मनरेगा उपलब्ध कराने और चेहरे पर खुशहाली लाने के बजाय लूट,खसोट का जरिया बनकर रह गया। खैर जो भी हो गिद्धौर प्रखंड में इन दिनों मनरेगा योजना की लूट मची हुई है और जिले के आला अधिकारी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे मजदूरों की रोजी-रोटी पर आफत मंडरा रहा है। कहते है पीआरएस,पतसंडा पंचायतप्रभात रंजन कुमार से पुछे जाने पर बताया कि गिद्धौर आहार से पश्चिम शिव नारायण मोदी के खेत तक आहार का जीर्णोद्धार विभागीय नियमानुसार ही करवाया गया है।मानकों के अनुरूप ही पंचायत भर में योजनाएं संचालित है। कहते है प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बिपिन कुमार से पुछे जाने पर कहा की अगर आहार का जीर्णोद्धार विभागीय नियमानुसार नही कराया गया होगा तो जाँच कर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रचंड गर्मी में बिजली नहीं रहने से उपभोक्ता परेशान

प्रात: किरण, संवाददाता

मधेपुरा घैलाढ़: प्रखंड क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की समस्या से लोग बेहद परेशान हैं ' इन दिनों बिजली की कु-व्यवस्था देखने को मिल रही है बिजली रानी कभी दिन तो कभी रात में घंटो- घंटो गुम हो जाती है जिससे उपभोक्ता इस भीषण गर्मी में परेशान दिखते है। बिजली आपूर्ति की चरमरायी व्यवस्था से लोगों में आक्रोश पनपने लगा है, दिन में भी बिजली कटौती कई घंटों तक हर दिन होती रहती है ' बिजली उपभोक्ताओं ने आक्रोश लहजे में बताया कि लगातार एक महीने से बिजली की आपूर्ति 24 घंटे में लगभग 10 से 12 घंटे भी बिजली की आपूर्ति नहीं दी जा रही है। शाम ढलते ही बिजली की कटौती करने से पूरा इलाका अंधकारमय में डूब जाता है । गर्मी से लोग बेहाल हो जाते हैं । इस कारण बच्चों की पढाई प्रभावित होने के साथ-साथ बाजार में दुकानदार के दुकानदारी भी काफी प्रभावित हो जाती है । उपभोक्ताओं ने आक्रोश लहजे में बताया कि बढ़ते ही गर्मी बिजली की व्यवस्था बिल्कुल खराब हो जाती है बिजली विभाग की उदासीनता देखकर हम लोग काफी परेशान रहते हैं इस प्रचंड गर्मी में बिजली नहीं रहने से लोगों के स्वास्थ्य के ऊपर काफी हद तक प्रभाव पड़ता है एक और आसमान से सूर्य देव आग उगल रही है तो दूसरी और कभी रात तो कभी दिन में घंटा -घंटा बिजली घूम रहती है ऐसी व्यवस्था रही तो हम लोग इस गर्मी में कैसे जी पाएंगे। दूसरे और सरकार 24 घंटे बिजली देने की बात करती है वही सरकार द्वारा किए गए जा रही वादे इस गर्मी में बिफल दिख रहा है। सुमन कुमार ,अखिलेश अकेला, भूपेंद्र यादव, रविंद्र यादव एवं कई लोगों ने बताया कि यदि विभाग द्वारा बिजली में सुधार नहीं किया जाएगा तो विभाग के खिलाफ एकजुट होकर सड़क पर उतर कर आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा।

# राशनकार्ड में शामिल बच्चों का ई-केवाईसी कराने में परेशानी, अंगूठे का निशान नहीं ले रही पॉश मशीन

## राशन कार्ड में केवाईसी के लिए बच्चों के अंगूठे का निशान नहीं ले रहा सपोर्ट



प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा घैलाढ़ : प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री दुर्गा उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आधार सेंटर पर आधारकार्ड को अपडेशन कराने के लिए क्षेत्र के लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मिली जानकारी के अनुसार, राशनकार्ड धारकों के ई-केवाईसी में आ रही समस्याओं के कारण विगत एक सप्ताह से आधार सेंटर पर अचानक घैलाढ़ प्रखंड क्षेत्र के लोगों की काफी भीड़ उमड़ने लगी है। आधारकार्ड का अपडेशन कराने के लिए आधार सेंटर पर पहुंचे कई राशनकार्ड धारकों ने बताया कि बिहार सरकार के खाद्य आपूर्ति विभाग के निर्देश के आलोक में सभी राशनकार्ड धारकों का अपने परिवार के सभी सदस्यों का संबंधित डीलर के पास पहुंचकर पॉश मशीन पर अंगूठा लगाकर ई-केवाईसी करवाई जा रही है। इस निर्देश को देखते हुए जब राशनकार्ड धारक जनवितरण प्रणाली विक्रेता के पास ई-केवाईसी कराने के लिए पहुंचते हैं तो उनके परिवार के वयस्क सदस्यों का ई-केवाईसी सहजतापूर्वक हो जा रहा है। लेकिन, उसी कार्डधारकों के परिवार के बच्चों के अंगूठा का निशान पॉश मशीन पर लोड ही नहीं हो पा रहा है। इस कारण से उन बच्चों का ई-केवाईसी नहीं हो पा रही है। इस बाबत प्रखंड के कई जनवितरण प्रणाली के विक्रेताओं ने बताया कि बच्चों का आधारकार्ड उनके माता-पिता के फिंगर की पहचान से बने होते हैं। जिसके कारण पॉश मशीन में बच्चों का इ-केवाइसी नहीं हो पा रहा है। जिन बच्चों का इ-केवाइसी नहीं हो रहा है उन्हें आधार सेंटर पर जाकर अपनी उंगली की पहचान देकर आधार अपडेशन कराना पड़ रहा है। फलस्वरूप, आधार सेंटर पर आधार अपडेशन कराने वाले राशनकार्ड धारकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। आधार सेंटर पर भी 5 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे का ही बायोमेट्रिक अपडेशन हो पा रहा है। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे का फिंगर आधार सेंटर पर भी नहीं लोड हो पा रहा है। आधार सेंटर पर काम कर रहे कर्मियों ने बताया कि 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का आधार उनके माता-पिता के फिंगर की पहचान से ही अपडेशन किया जा सकेगा।

# बच्चों के बीच हुए विवाद से गुस्साए तीन लोगों ने ससुर- बहु के साथ कि मारपीट



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] दो दिन पूर्व बच्चों के बीच हुए झगड़े की रंजिश को लेकर एक महिला और उसके ससुर के साथ उसके गोतिया के तीन लोगों ने मारपीट करते हुए घायल कर दिया। मामला झाझा थानाक्षेत्र के नवकाडीह नागीडैम गांव का है। घायल की पहचान राजकुमार की पत्नी चांदनी देवी और उसका पिता शिवनारायण के रूप में हुई है। मारपीट की सूचना डायल 112 की पुलिस को मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम घायल ससुर- बहु को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाकर भर्ती करवाया जहां डॉक्टर के द्वारा घायलों का इलाज किया गया। घायल चांदनी देवी के पति ने बताया कि दो दिन पूर्व बच्चों को लेकर हुए विवाद को लेकर शनिवार को मेरी चाची गौरी देवी, चचेरा भाई संतोष कुमार और उसकी पत्नी आक्रोश की भावना रखे हुए था। शनिवार को मेरे घर में मेरी पत्नी खाना बना रही थी कि तभी चचेरा भाई की पत्नी खाना में कुछ डालकर चली गई जिसपर मेरे पिता बोलने के लिए गया तो वे लोग मेरे पिता के साथ मारपीट करने लगा। पिता को मार खाते देखकर मेरी पत्नी बचाने के लिए गई उसके साथ उनलोगों ने मारपीट किया। लाठी से मारपीट किए जाने के कारण मेरी पत्नी और पिता घायल हो गया। घटना की जानकारी पीड़ित के द्वारा थाना में भी दिया गया।

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता रैली निकाली

## आशियाना बनाने से पहले पौधे लगाइए: सूर्या वत्स

● हम सभी पर्यावरण के प्रति अपनी जवाबदेही से भाग रहे है

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई/गिद्धौर। शनिवार को सेवा पंचायत के केतरू नवादा में सामाजिक कार्यकर्ता सूर्या वत्स ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाओं,जीवन बचाओं के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा आज अनियंत्रित गर्मी,ठंड,बरसात होने के पीछे सिर्फ और सिर्फ एक कारण है और वो है हम सभी पर्यावरण के प्रति अपनी जवाबदेही से भाग रहे है। जबकि पर्यावरण की उपेक्षा कर हम खुद के साथ पूरी पृथ्वी के लिए मुसीबत खड़ी कर रहें है।पर्यावरण की रक्षा के लिए सूर्या वत्स ने कहा यह इतना आवश्यक है की अगर आप अपना घर बना रहें है तो घर बनाने से पहले आप पौधे लगाए।आज आधुनिकता के आपाधापी में लोग प्रतिदिन प्रदत्त वस्तुओं से खुद से दूरी बना रहे है। आज तेजी से पेड़ काटे जा रहें है अन्य सुविधाओं के लिए जंगल उजाड़े जा रहे है।यह व्यवस्था पूरी मानव जाति के लिए खतरे की घंटी के समान है।

हम आज सतर्क नही हुए तो पृथ्वी से पानी और आक्सीजन की कमी होगी।लोग तिल तिल अपनी आने वाली पीड़ी को समाप्त कर देंगे।

इसलिए पर्यावरण रक्षा के लिए आईये हम कसम खाएं एक पौधा लगाएं ही नही बल्कि उसका संरक्षण भी करें।कार्यक्रम में एस साईस कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर रवि राज जी के साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्थित हुए।कार्यक्रम में सृष्टि रावत,अंशु कुमारी,ईशा कुमारी,मधु कुमारी,नंदनी कुमारी,खुशी कुमारी,पुनम कुमारी,रोनिका कुमारी,कोमल कुमारी,सुंदरता कुमारी,मौसम कुमारी,नैना कुमारी,उत्सव कुमार,आदित्य कुमार,सचिन कुमार,अभिषेक कुमार,रितिक कुमार,कुंदन कुमार,रूपेश कुमार,निशांत कुमार,विक्रम कुमार आदि उपस्थित थे।

# भगवान शनिदेव की स्थापना का मनाया गया 15 वां वर्षगाठ



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] शनिवार को शहर के चैती दुर्गामंदिर निकट स्थित शनिदेव मंदिर में भगवान शनिदेव की स्थापना का 15 वां वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मंदिर कमेटी के द्वारा मनाई गई। सबसे पहले मौजूद पंडित दिलीप झा, कुलदीप झा, मनोज महाराज के द्वारा अभिषेक, श्रृंगार पूजन किया गया उसके बाद विधिवत पूजन प्रारंभ किया जिसमें भगवान शनिदव को तरह तरह के प्रसाद का भोग लगया गया और सर्व कल्याण भावना से हवन कर आहुति दी गई। मौके पर मौजूद यजमान बिटटू चैधरी के साथ आयोजनकर्ता लक्ष्मण झा, सौरव गोयल, उदयशंकर झा, संजय पाल, मोती सिंघानिया, सुरेश भालुटिया सहित अन्य ने बताया कि इस मंदिर की स्थापना काल से यहां पर प्रत्येक वर्ष बड़े ही धूमधाम के साथ स्थापना दिवस मनाई जाती है। शहर में एकमात्र मंदिर होने के कारण यहां पर भक्तों की भीड़ भी रहती है। पूजन कार्य करवा रहे पंडितों ने बताया कि शनि दोष के प्रभाव को कम करने के लिए शनिवार के दिन भगवान शनि की विधि पूर्वक पूजा करनी चाहिए साथ ही इसके कष्ट को दूर के लिए शनिदेव की स्तुति पाठ भी करना चाहिए। मंदिर में सुबह से शनिदेव की पूजा करने वाले भक्तों की भीड़ लगी रही और लोगों ने शनिदेव की पूजा अर्चना करते हुए अपने जीवन के कष्टो को दूर सुखमय जीवन प्रदान करने की कामना किया। पूजन समाप्ति के बाद लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

# कब्रिस्तान घेराव को लेकर मंत्री से मिले समाजसेवी, दिये ज्ञापन, कई समस्याओं पर हुई चर्चा

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई/ई०अलीगंज प्रखंड क्षेत्र के आढ़ा गांव के कब्रिस्तान घेराबंदी को लेकर समाजसेवियों ने बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान से उनके आवास पटना में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। वहीं आढ़ा गांव के समाजसेवी अब्दुलगनी,मोहमद आदिल, मो हाफिज अंजार,हाजी इकबाल,हाफिज तनवीर इकराम,कौसर सुल्तान,इसरार करीम,मुख्तार,मोनू सहित अन्य लोगो ने मंत्री से मिलकर अपने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया।वहीं समाजसेवियों ने कहा की आढ़ा एक घनी आबादी वाला गांव है। आढ़ा गांव में दरगाह के निकट पुरानी कब्रिस्तान है जो जमीन बहुत बड़ी रकबा का है।पुरानी घेराबंदी चारदिवारी पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है।घेरा बंदी नहीं रहने से कब्रिस्तान की बेहुरमती हो रही है। पूरे आढ़ा गांव के शव को इसी कब्रिस्तान में दफनाया जाता है।लेकिन सबसे दुखद बात यह है की घेरा बंदी नहीं रहने से कब्रिस्तान में तरह-तरह के जानवरों का प्रवेश होने से कब्रिस्तान में गंदगी एवं कब्र को क्षतिग्रस्त कर देता है। जिससे लोगों में आक्रोश भी होता है। खास कर कब्रिस्तान में सूअर प्रवेश होकर दफनाएं गए शव की मिट्टी की ढेर को कोड़ खसोट देता है। जिससे दफनाये गए शव की बेहुरमती होती है।, इतना ही नहीं सूअर मुस्लिम धर्म में हराम माना जाता है,जो कब्रिस्तान में गंदगी खा कर प्रवेश करता है और कब्र को क्षतिग्रस्त कर देता है। कब्रिस्तान मुस्लिम समुदाय का एक महत्वपूर्ण स्थल होता है। जहां इस्लामधर्म के मोताबिक आखरी मंजिल समझा जाता है। कब्रिस्तान में कुत्ता, गाय बैल आदि मवेशियों के द्वारा कब्रिस्तान में गंदगी फैला देती है मवेसी सहित लोग भी गंदगी फैलाते है,जिससे आपस में तनाव होती है,घेराबंदी नही रहने से कब्र को क्षतिग्रस्त कर देते है,जिससे बहुत परेशानी होती,वहीं पत्र के माध्यम से पूरे आढ़ा ग्राम वासी ने बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान से निवेदन करते हुए दरगाह के निकट पुरानी कब्रिस्तान की चहारदीवारी कर पीसीसी ढलाई करने की आग्रह किया, वहीं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने सभी उपस्थित लोगो को आश्वासन देते हुए कहा की इस दिशा में जल्द ही अग्रेतर करवाई कर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# सिमुलतला थानाध्यक्ष के मनमानी रवैया को लेकर भाकपा माले ने किया थानाध्यक्ष का पुतला दहन

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई [ झाझा ] शनिवार को झाझा में सिमुलताला थानाध्यक्ष के विरुद्ध भाकपा माले ने पुतला जलाकर किया प्रतिरोध भाकपा माले झाझा प्रखंड कमिटि के बैनर तले सिमुलताला थानाध्यक्ष के विरुद्ध झाझा अम्बेडकर चौक से निकलकर मेन मार्केट भ्रमण करते हुए थाना होकर सुनील चौक पहुंच कर सिमुलतला थानाध्यक्ष का पुतला दहन गया गया युक्त वाते भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य रमेश यादव ने कही की सिमुलताला थानाकांड संख्या 27/24 के आरोपित जो पिछले तीन महीने से खुलेआम घुम रहा है ओर पिड़ीत परिवार को जान से मारने का धमकी दिया जा रहा है एक आरोपी को थाना लाया गया लेकिन आरोपी से मोटी रकम लेकर छोड़ दिया गया आज इस इलाके में आतंक बढ़ता जा रहा है लेकिन सिमुलताला थानाध्यक्ष इस इलाके में अपराधियों को गिरफ्तार करने के बजह उन्है थाना में शरन दिया जा रहा है बड़े राज नेता के ईसारे पर थाना को चलाया जा रहा है जिला कमिटी सदस्य गुलटन पुजहर ने कहा की सिमुलताला थानाध्यक्ष मनमानी तरिके से गरीवों को प्रताड़ित किया जा रहा है । गरीवों को न्याय नहीं मिल रहा है । भाकपा माले प्रखंड कमिटी मांग उच्च पदाधिकारी से करती है कि थानाध्यक्ष को अविलंब वर्खास्त किया जाय अन्यथा भाकपा माले प्रखंड से लेकर जिला मुख्यालय तक चरनबद्ध अनदोलन करेंगे मोके पर पप्पु मालाहार, मनोज मुर्मु, छोटकी मुर्मु, बड़की हेम्ब्रम, लुटन पुजहर, कुंती देवी, मुर्ती देवी, सितिया देवी, कलसी देवी।

# स्टेशन पर चला बस रेड टिकट चेकिंग अभियान बिना टिकट यात्रा करने वाले सावधान



प्रात: किरण, संवाददाता

पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट / प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है । इस संबंध में बिना टिकट / उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने वालों के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनता पूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 22.6.24 शनिवार को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर के मार्गदर्शन में सहायक वाणिज्य प्रबंधक / टी सी दानापुर के नेतृत्व में दानापुर मंडल के पटना - गया रेल खंड के परसा बाजार स्टेशन पर बस रेड टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में विशेष टिकट चेकिंग दस्ते तैनात कर पैसेंजर एवं एक्सप्रेस ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव लेकर गहनता से सघन टिकट जांच किया गया, परसा बाजार स्टेशन पर जांच के दौरान 150 बिना टिकट/अनियमित टिकट वाले यात्री पकड़े गए जिससे जुमार्ने रु.40500/- लिये गये तथा 52 यात्रियों को जो जुमार्ना नहीं दे पाने के कारण उन्हें रेलवे मजिस्ट्रेट पटना के समक्ष अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रस्तुत किया गया। वहीं मंडल के बक्सर,आरा, पटना किऊल एवं जहानाबाद स्टेशनों पर भी सभी ट्रेनों के एसी (अउ) कोचों की गहनता से जांच की गई जिसमें 75 यात्रियों को बिना टिकट / अनियमित टिकट यात्रा पाये गये जिसे जुमार्ने के रूप में रु.73500/- राशि लिया गया। इस टिकट चेकिंग जांच अभियान में वाणिज्य विभाग, आरपीएफ एवं सीआरपी कर्मी शामिल रहे।

### रेलयात्री का मोबाइल, तीस सौ रूपए की हुई चोरी

जमुई [ झाझा ] चलती गाड़ी में एक रेलयात्री का मोबाइल, पॉकेट से तीन सौ रूपए अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी कर ली गई। जिसको लेकर रेलयात्री ने झाझा रेलथाना में अज्ञात चोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया है। पीड़ित झाझा थानाक्षेत्र के सोहजाना गांव के रहने वाले रंजीत शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को पटना एनार्कुलम पटना सीटी रेलवे स्टेशन एक पर आकर खड़ी हुई तो आरक्षण टिकट के अनुसार अपने कोच एस टू में यात्रा करना प्रारंभ किया यात्रा के कुछ घंटे बाद नींद लग गई और जब नींद खुली तो देखा कि पॉकेट से मोबाइल और तीन सौ रूपए गायब है।

# पारस एचएमआरआई में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया



प्रात: किरण, संवाददाता

पटना। पारस एचएमआरआई, पटना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर योगाभ्यास किया गया। योग करने और इसको लेकर जागरूक करने के लिए हॉस्पिटल के डॉक्टर्स, अधिकारी और कर्मचारी हॉस्पिटल परिसर में मौजूद रहे। उसके बाद योगाचार्य प्रभात कुमार के नेतृत्व में सभी ने योग किया। लगभग एक घंटा योग और ध्यान किया। योग के बाद उसके महत्व के बारे में भी बताया गया और सभी से इसे रोज की दिनचर्या में शामिल करने की अपील की गई। खास बात रही कि योगशाला में शामिल कई लोग ने पहले से ही रोज योगाभ्यास करने की बात कही। इस मौके पर पारस एचएमआरआई के फैसिलिटी डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि आज तनाव भरी जिंदगी में योग से मुस्कान लाई जा सकती। वहीं इससे शरीर को भी दुरुस्त रखा जा सकता है। योगाभ्यास में मुख्य रूप से एचआर हेड आकाश सिन्हा, विभिन्न विभागों के डॉक्टर एंव कर्मचारी शामिल हुए। गौरतलब है कि योगाचार्य प्रभात कुमार सिर्फ 20 वर्ष की उम्र में राज्य योगासन खेल स्पर्धा में छह बार गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। वहीं चार बार राष्ट्रीय चैंपियन रहे हैं। इस अदभुत अचीवमेंट के लिए बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर और पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद उन्हें सम्मानित कर चुके हैं। पारस एचएमआरआई के बारे में पारस एचएमआरआई, पटना बिहार में 2013 से कार्यरत है। पारस एचएमआरआई में एक ही स्थान पर सभी चिकित्सा सुविधाएं हैं। हमारे पास एक आपातकालीन सुविधा, तृतीयक और चतुधार्तुक देखभाल, उच्च योग्य और अनुभवी डॉक्टरों के साथ चिकित्सा केंद्र है। पारस इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर बिहार में अपनी विशेषज्ञता, बुनियादी ढांचे और कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है।

# आरपीएफ ने भारी मात्रा में किया विदेशी शराब बरामद

प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [झाझा] आपराधिक गतिविधि, यात्रियो की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत आरपीएफ के द्वारा औचक निरीक्षक के दौरान अप में आने वाली गाड़ी मिथिला एक्सप्रेस से आरपीएफ ने भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है। दरअसल आरपीएफ निरीक्षक अनीता कुमारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मुकेश कुमार के साथ प्रधान आरक्षी पप्पू यादव, गोपाल कुमार के द्वारा यात्री सुरक्षा निगरानी हेतु औचक निरीक्षण किया जा रहा था इसी क्रम में अप में आने वाली मिथिला एक्स्प्रेस के लगते ही आरपीएफ के द्वारा आपराधिक गतिविधि निगरानी हेतु चेक किया जा र हा था तो इंजन से पीछे तीसरा साधारण बोगी में शौचालय और बफर के बीच दो पिठठू बैग छिपाकर रखा हुआ था जिसके बाद कोच में सवार रेलयात्रियों से पूछताछ किया गया तो किसी भी रेलयात्री ने बैग स्वीकार करने की बात नही किए जाने पर बैग की तलाशी ली गई तो दोनो बैग से 32 बोतल विदेशी शराब बरामद हुआ। आरपीएफ निरीक्षक ने बताया कि टोटल शराब की किमत 23680 है। बरामद शराब को रेलपुलिस को अग्रिम कार्रवाई के लिए सुपुर्द कर दिया गया है।

सम्पादकीय

## केजरीवाल की जमानत पर रोक

दिल्ली की विशेष अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नियमित जमानत देकर सभी पक्षों को चौंका दिया। केजरीवाल शराब घोटाले के आरोपित हैं और उन्हें पीएमएलए (धनशोधन निरोधक अधिनियम) की धाराओं में गिरफ्तार किया गया था। इस अधिनियम के तहत जमानत मिलना लगभग असंभव है। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन लंबे अंतराल से इसी कानून की धाराओं और अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत जेल में हैं। उन्होंने सर्वोच्च अदालत तक गुहार लगाई, लेकिन कमोबेश सिसोदिया को एक बार भी जमानत नहीं दी गई। सत्येंद्र स्वास्थ्य आधार पर कुछ समय के लिए जेल से बाहर रहे, लेकिन लौट कर जेल ही जाना पड़ा। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भी धनशोधन की धाराओं के तहत केस बनाए गए, लिहाजा वह भी जनवरी, 2024 से जेल में ही हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं भी खारिज होती रही हैं। तेलंगाना की ह्यभारत राष्ट्र समितिह्व पार्टी की सांसद के. कविता भी शराब घोटाले के कारण जेल में हैं। केजरीवाल को विशेष अदालत ने उन्हीं दलीलों पर जमानत दी थी, जिनके आधार पर उन्हें अन्य अदालतों ने जमानत नहीं दी थी। उन्हें लगातार न्यायिक हिरासत में रखा जा रहा था। बीच में सर्वोच्च अदालत ने उन्हें चुनाव-प्रचार के लिए विशेष अंतरिम जमानत दी थी। उसके बाद दो जून को उन्हें जेल लौटना पड़ा था। बहरहाल केजरीवाल की जमानत आधी-अधूरी साबित हुई, क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निचली अदालत के इस फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी और उच्च न्यायालय ने तब तक जमानत की प्रक्रिया पर रोक लगा दी, जब तक उसकी सुनवाई पूरी न हो जाए। अब साफ है कि केजरीवाल का जेल से बाहर आना फिलहाल रुक गया है। आम आदमी पार्टी (आप) का जश्न और भविष्य की योजनाओं पर सन्नाटा पसर गया है। दरअसल केजरीवाल का जेल में रहना आप के लिए बहुत बड़ी सजा है, लिहाजा जमानत के फैसले पर पार्टीजन सत्यमेव जयते के नारे लगा रहे थे। चूंकि आप का राष्ट्रीय संयोजक फिलहाल जेल के बाहर आ रहा था, लिहाजा वे जश्न मना सकते थे। अब सब कुछ स्थगित हो गया है। उच्च न्यायालय ने सुनवाई शुरू कर दी है। हम केजरीवाल और आप के प्रवक्ता, नेताओं से सवाल करना चाहते थे कि देश में संविधान, न्यायपालिका और लोकतंत्र अभी जिंदा हैं अथवा नहीं? चुनाव के दौरान एक झूठा नेरेटिव कांग्रेस ने गढ़ा था कि यदि मोदी सरकार ही लौट कर आ गई, तो संविधान बदल दिया जाएगा। लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। जाहिर है कि संविधान बदल दिया जाएगा, तो न्यायपालिका का अधिकार-क्षेत्र भी प्रभावित होगा। आरक्षण भी समाप्त कर दिया जाएगा। इस झूठे नेरेटिव को केजरीवाल-समूह ने भी आगे बढ़ाया था, क्योंकि आप भी इंडिया विपक्षी गठबंधन का हिस्सा रही है। बेशक चुनाव भी प्रभावित हुआ। यह जनादेश से स्पष्ट है कि भाजपा को भी बहुमत नहीं मिला। वह 240 सीट पर ही सिमट गई, नतीजतन देश में गठबंधन की सरकार बनी है। जब केजरीवाल जेल से बाहर आएंगे, तो क्या कहेंगे? आम चुनाव तो सम्पन्न हो चुके। आप के मात्र तीन सांसद पंजाब से चुने गए हैं। केजरीवाल की दिल्ली ने शून्य दिया है। केजरीवाल का जेल से बाहर आना पार्टी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। फरवरी, 2025 में विधानसभा चुनाव होने हैं। आप की सार्वजनिक छवि और भीतरी संकट बेहद गंभीर हैं। महिलाओं को 1000 रुपए माहवार देने का वायदा निभाना है

## वैश्विक गर्मी का चरम

प्रमोद भार्गव

इस बार वैश्विक गर्मी चरम पर है। विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार बीते वर्ष और पिछले दशक ने धरती पर आग बरसाने का काम किया है। अमेरिका की पर्यावरण संस्था वैश्विक विटनेस और कोलंबिया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन के निष्कर्ष में पाया है कि तेल और गैस के अधिकतम मात्रा में उत्पादन से यह हालात निर्मित हुए हैं। यदि इन ईंधनों के उत्सर्जन का यही हाल रहा तो 2050 तक गर्मी अपने चरम पर होगी। डब्ल्यूएमओ ने चेतावनी दी है कि अगले पांच साल में वैष्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने की 66 प्रतिषत आषंका है। इस गर्मी से जीव-जगत की क्या स्थिति होगी, इसका अनुमान लगाना भी मुष्किल है।

यूनिसेफ के साथ साझेदारी में अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान ह्यहेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट (एचईआइ)ह्व ने अपनी रपट में बताया है कि 2021 में दुनिया भर में 81 लाख लोगों की मौत वायु प्रदूषण से हुई है। इनमें भारत में 21 लाख और चीन में 23 लाख मौतें दर्ज की की गई हैं। 2021 में भारत में पांच वर्ष के कम आयु के एक लाख 69 हजार 400 बच्चों की मौतें हुई हैं।

इसके साथ ही नाइजीरिया, पाकिस्तान, इथौपिया और बांग्लादेष में भी हजारों बच्चे वायु प्रदुशण के चलते काल के गाल में समा गए हैं। समूचे विष्व में बढ़ते वैष्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाओं की संख्या और तीव्रता में निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है। इसीलिए कहा जा रहा है कि इस बार धरती पर प्रलय बाढ़ से नहीं आसमान से बरसने वाली आग से आएगी। इसके संकेत प्रकृति लगातार दे रही है। फिर भी विडंबना है कि दुनिया के नीति-नियंता चेत नहीं रहे है।

धरती पर रहने वाले जीव-जगत पर करीब तीन दशक से जलवायु परिवर्तन के वर्तमान और भविष्य में होने वाले संकटों की तलवार लटकी हुई है। मनुष्य और जलवायु बदलाव के बीच की दूरी निरंतर कम हो रही है। इस संकट से निपटने के उपायों को तलाशने के लिए 198 देश जलवायु सम्मेलन करते हैं। इन सम्मेलनों में होने वाली परिचचाओं के निश्कर्श में वैष्विक तापमान के बढ़ते कारणों में कोयला, तेल और गैस अर्थात जीवाष्म ईंधन को माना जाता रहा है। इसके उपयोग को धीरे-धीरे कम करने की नसीहतें भी दी जाती रही हैं।

लेकिन अब तक नतीजे ढांक के तीन पात्र रहे हैं। इन सम्मेलनों का एक ही प्रमुख लक्ष्य रहा है कि दुनिया उस रास्ते पर लौटे, जिससे बढ़ते वैष्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक स्थिर रखा जा सके। लेकिन अब जो संकेत मिल रहे हैं, उनसे स्पश्ट है कि कुछ ही सालों के भीतर गर्मी तापमान की इस सीमा का उल्लंघन कर लेगी। क्योंकि इस बार तीन सप्ताह से लगातार गर्मी का तापमान 40 से 55 डिग्री तक बना रहा है। राजधानी दिल्ली में यह तापमान 52.9 डिगी तक पहुंच चुका है। सऊदी अरब में भीषण गर्मी के चलते 1000 से ज्यादा हज यात्रियों की मौत हो चुकी हैं। इनमें 98 भारतीय हैं।

इस गर्मी का अनुमान पर्यावरणविदों ने पहले से ही लगा लिया है। इन्हीं की सलाह पर 100 से ज्यादा देष 2030 तक दुनिया की नवीनीकरण योग्य ऊर्जा को बढ़ाकर तीन गुना करने के प्रयास में लगे हुए हैं। इसके अंतर्गत अक्षय ऊर्जा के प्रमुख स्त्रोत सूर्य, हवा और पानी से बिजली बनाने के उपाय सुझाए गए हैं। इस सिलसिले में प्रेरणा लेने के लिए ऊरुग्वे जैसे देष का उदाहरण दिया जा रहा है, जो अपनी जरूरत की 98 फीसदी ऊर्जा इन्हीं स्त्रोतों से प्राप्त करता है। इस साल दुनिया में सूरज से कुल खपत की छह प्रतिषत ऊर्जा प्राप्त हो रही है।

प्रत्येक तीन साल के भीतर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की क्षमता दोगुनी बढ़ रही है। अगले दस साल में इसके 10 गुना बढ़ने की उम्मीद है। 2035 तक सौर्य ऊर्जा बिजली का सबसे बड़ा स्त्रोत होगी। 2040 तक बिजली समेत अन्य ऊर्जा की जरूरतें इन्हीं सौर्य ऊर्जा संयंत्रों से पूरी होने की उम्मीद है। सोलर पैनलों से पैदा होने वाली बिजली ऊर्जा के अन्य स्त्रोतों से लागत में सस्ती है। इसका चिंताजनक पहलू यही है कि इस ऊर्जा को पैदा करने वाले सौर पैनल का सबसे ज्यादा निर्माण चीन में होता है। इस कारण वह इनकी कीमत अपनी इच्छा के अनुसार दुनिया के देशों से वसूलता है। भारत भी सूर्य से ऊर्जा उत्पादन की दिषा में लगातार बढ़ रहा है। अडानी समूह हरित ऊर्जा के संयंत्र गुजरात और राजस्थान में लगा रहा है। लेकिन यह एक अपवाद हैं, हकीकत यह है कि यूक्रेन और रूस तथा इजरायल और हमास के बीच चलते भीशण युद्ध के कारण कोयला जैसे जीवाष्म ईंधन से ऊर्जा उत्पादन का प्रयोग बढ़ा है और बिजली उत्पादन के जिन कोयला संयंत्रों को बंद कर दिया गया था, उनका उपयोग फिर से षुरू हो गया है।

पर्यावरण विज्ञानियों ने बहुत पहले जान लिया था कि औद्योगिक विकास से उत्सर्जित कार्बन और षहरी विकास से घटते जंगल से वायुमंडल का तपमान बढ़ रहा है, जो पृथ्वी के लिए घातक है। इस सदी के अंत तक पृथ्वी की गर्मी 2.7 प्रतिषत बढ़ जाएगी, नतीजतन पृथ्वीवासियों को भारी तबाही का सामना करना पड़ेगा। इस मानव निर्मित वैष्विक आपदा से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन जिसे कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज (सीओपी/कॉप) के नाम से भी जाना जाता है में पेरिस समझौते के तहत वायुमंडल का तापमान औसतन 1.5 डिग्री सेल्सियस से कम रखने के प्रयास के प्रति भागीदार देषों ने वचनबद्धता भी जताई। लेकिन वास्तव में अभी तक 56 देषों ने संयुक्त राश्ट्र के मानदंडों के अनुसार पर्यावरण सुधार की घोशणा की है।

# मौसम के कहर का मुकाबला पारंपरिक ज्ञान से

देश के लगभग 60 फीसदी हिस्से में अब 35 डिग्री से 45 डिग्री की गर्मी के कहर के 100 दिन हो गए हैं। चेतावनी है कि आने वाले दो हफ्ते मौसम ऐसा ही रहेगा। यदि मानसून आ भी गया तो भले तापमान नीचे आ जाए लेकिन उमस से परेशानियां कायम रहेंगी। इस बार गर्मी के प्रकोप ने न तो हिमाचल की सुरम्य वादियों को बख्शा और न ही उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों को। चिंता की बात यह कि गंगा-यमुना के मैदानी इलाकों में लू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश जो कि गंगा-यमुना दोआब के साथ-साथ कई छोटी-मध्यम नदियों का घर है, और जो कभी घने जंगलों के लिए जाना जाता था, बुंदेलखंड की तरह तीखी गर्मी की चपेट में आ रहा है। यहां पेड़ों की पत्तियों में नमी के आकलन से पता चलता है कि आगामी दशकों में हरित प्रदेश कहलाने वाला क्षेत्र सूखे, पलायन, निर्वनीकरण का शिकार हो सकता है। आधा जून पार हो गया व अभी भी शिमला, मनाली जैसे स्थानों का तापमान 30 के करीब है। मौसम विभाग ने इस महीने के आखिरी हफ्ते तक कई जगह लू की चेतावनी जारी की है। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में गर्मी ने 122 सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है। यहां तापमान 42.4 दर्ज किया गया। गर्मी अब इंसान के लिए संकट बन रही है। राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में तीखी गर्मी ने हवा की गुणवत्ता खराब की है।





**पंकज चतुर्वेदी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

इन दिनों पूरा उत्तरी भारत तीखी गर्मी की चपेट में है। कुछ जगह पश्चिमी विक्षोभ के कारण बरसात भी हुई लेकिन ताप कम नहीं हुआ। देश के लगभग 60 फीसदी हिस्से में अब 35 डिग्री से 45 डिग्री की गर्मी के कहर के 100 दिन हो गए हैं। चेतावनी है कि आने वाले दो हफ्ते मौसम ऐसा ही रहेगा। यदि मानसून आ भी गया तो भले तापमान नीचे आ जाए लेकिन उमस से परेशानियां कायम रहेंगी। इस बार गर्मी के प्रकोप ने न तो हिमाचल की सुरम्य वादियों को बख्शा और न ही उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों को। चिंता की बात यह कि गंगा-यमुना के मैदानी इलाकों में लू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश जो कि गंगा-यमुना दोआब के साथ-साथ कई छोटी-मध्यम नदियों का घर है, और जो कभी घने जंगलों के लिए जाना जाता था, बुंदेलखंड की तरह तीखी गर्मी की चपेट में आ रहा है। यहां पेड़ों की पत्तियों में नमी के आकलन से पता चलता है कि आगामी दशकों में हरित प्रदेश कहलाने वाला क्षेत्र सूखे, पलायन, निर्वनीकरण का शिकार हो सकता है। आधा जून पार हो गया व अभी भी शिमला, मनाली जैसे स्थानों का तापमान 30 के करीब है। मौसम विभाग ने इस महीने के आखिरी हफ्ते तक कई जगह लू की चेतावनी जारी की है। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में गर्मी ने 122 सालों का रिकार्ड तोड़ दिया है। यहां तापमान 42.4 दर्ज किया गया। गर्मी अब इंसान के लिए संकट बन रही है। राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में तीखी गर्मी ने हवा की गुणवत्ता खराब की है। इसके अलावा लू लगने, चक्कर आने, रक्तचाप अनियमित होने से झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में 200 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। वहीं लगातार गर्मी ने पानी की मांग बढ़ाई तो संकट भी। सबसे बड़ी बात गर्मी से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता भी घटी है। बोतलों में बिकने वाला पानी हो या फिर लोगों द्वारा सहेजकर रखा जल, दोनों गर्म होते हैं। तीखी गर्मी में प्लास्टिक बोतल में उबलने के चलते पानी जहर बना दिया। पानी का तापमान बढ़ना तालाब-नदियों की सेहत खराब कर रहा है। एक तो वाष्पीकरण तेज हो रहा है, दूसरा पानी अधिक गर्म होने से जलीय जीव-जन्तु और वनस्पति मर रहे हैं। तीखी गर्मी भोजन की पौष्टिकता पर भी असर डाल रही है। गेहूं के दाने छोटे हो रहे हैं और पौष्टिक गुण घट रहे हैं। वैसे भी पका हुआ खाना जल्दी खराब हो रहा है। फल-सब्जियां जल्दी गल रही हैं। इस बार की गर्मी में रात का तापमान भी कम नहीं हो रहा है। पहाड़ हो या मैदानी महानगर, बीते दो महीनों से न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री तक अधिक चल रहा है। सुबह चार बजे भी लू का अहसास होता है। ऐसे में बड़ी आबादी की नींद पूरी नहीं हो पा रही। खासकर स्लम, नालों आदि के किनारे रहने वाले मेहनतकश लोग दिनभर उनींदे रहते हैं। इससे उनकी कार्यक्षमता पर असर पड़ रहा है। शारीरिक विकार हो रहे हैं।

जो लोग सोचते हैं कि एयर कंडीशनर से इस गर्मी की मार से सुरक्षित हैं, वे भ्रम में हैं। लंबे समय तक एसी कमरों में रहने से नाड़ियों में संकुचन, मधुमेह और जोड़ों के दर्द का खमियाजा भोगना पड़ सकता है। यह गर्मी शरीर को प्रभावित करने के साथ ही इंसान की कार्यक्षमता पर भी असर डाल रही है। वहीं पानी-बिजली की मांग बढ़ती है, उत्पादन लागत भी बढ़ती है। बीती मार्च में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने भारत में एक लाख लोगों के बीच सर्वे कर एक रिपोर्ट में बताया कि गर्मी-लू के कारण गरीब परिवारों को अमीरों की तुलना में पांच फीसदी अधिक आर्थिक नुकसान होगा। चूंकि सम्पन्न लोग बढ़ते तापमान के अनुरूप अपने कार्य को ढाल लेते हैं, जबकि गरीब ऐसा नहीं कर पाते। सवाल है कि प्रकृति के इस बदलते रूप के सामने इंसान क्या करे? तो जान लें कि प्रकृति की किसी भी समस्या का निदान हमारे अतीत के ज्ञान में ही है। आधुनिक विज्ञान इस तरह की दिक्कतों का हल नहीं खोज सकता जिसके पास तात्कालिक निदान और सुख के साधन तो हैं, लेकिन कुपित कायनात से जूझने में वह असहाय है। समय आ गया है, इंसान बदलते मौसम के मुताबिक अपने कार्य का समय, भोजन, पहनावे आदि में बदलाव करे। अगर लू की मार और उमस से बचना है तो अधिकाधिक पारंपरिक पेड़ रोपें। शहर के बीच बहने वाली नदियां, तालाब, जोहड़ आदि यदि सुरक्षित, निर्मल और अविरल रहेंगे तो बढ़ी गर्मी को सोखने में ये सक्षम होंगे। खासकर बिसरा चुके कुएं और बावड़ियों के जीवंत रहने से जलवायु परिवर्तन के संकट से बेहतर तरीके से निपटा जा सकता है। आवासीय और कार्यालयों के निर्माण की तकनीकी और सामग्री में बदलाव, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, भवनों को ईको फ्रेंडली होना, ऊर्जा संचयन, पलायन रोकना, ऑर्गेनिक खेती सहित कुछ ऐसे उपाय हैं जो बहुत कम व्यय में देश को इस गर्मी से राहत दिला सकते हैं।

# पेपर लीक से छात्रों में भारी नाराजगी

भारत के सभी मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए हर साल नीट (नीट)-यूजीसी परीक्षा आयोजित की जाती है। सबसे प्रतिष्ठित एनआईटी और एनईई प्रवेश परीक्षा भी एनडीआरएफ द्वारा आयोजित की जाती है। 2019 में एनटीए (एनटीए) के गठन से पहले यह परीक्षा सीबीएसई द्वारा ऐआईपीएमटी के नाम से आयोजित की जाती थी। सीएमईईटी और पीएमडीएम परीक्षाएं भी अलग-अलग राज्यों में राज्य सरकारों द्वारा आयोजित की जाती थीं। पूरे देश में एक समान परीक्षा आयोजित करने और छात्रों को अलग-अलग परीक्षाओं के लिए आवेदन न करना पड़े, इसके लिए भारत सरकार ने 2017 में एनटीए (एनटीए) का गठन किया, जिसने 2019 की परीक्षाओं से काम करना शुरू कर दिया सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश शुल्क लगभग 1 लाख रुपये है।, जबकि निजी मेडिकल कॉलेजों में यह प्रवेश शुल्क लगभग 25 -50 लाख रुपये है। इसलिए मध्यम वर्ग के परिवार सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एनटीए( एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (नीट)-यूजीसी से सीधे अध्ययन कर सकते हैं और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश ले सकते हैं। इस वर्ष यह परीक्षा 5 मई, 2024 को आयोजित की गई थी, जिसमें 23.81 लाख छात्र उपस्थित हुए थे। यह भारत की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। परीक्षा में बैठने के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 9 मार्च, 2024 थी, जिसे बढ़ाकर 16 मार्च, 2024 कर दिया गया। दुख की बात है कि इसे लगभग 15 महीने के लिए बढ़ा दिया गया और आवेदन पत्र भी 9-10 मार्च को लिया गया। इस तरह के अध्ययन किए गए लेकिन इसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।






**संजय गोस्वामी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

पिछले 15दिनों से देशभर में लाखों युवा उबल रहे हैं। इसके चलते एनटीए (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (नीट)-यूजीसी में बड़े पैमाने पर धांधली और अनियमितता की आशंकाएं जताई जा रही हैं। भारत के सभी मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए हर साल नीट (नीट)-यूजीसी परीक्षा आयोजित की जाती है। सबसे प्रतिष्ठित एनआईटी और एनईई प्रवेश परीक्षा भी एनडीआरएफ द्वारा आयोजित की जाती है। 2019 में एनटीए (एनटीए) के गठन से पहले यह परीक्षा सीबीएसई द्वारा ऐआईपीएमटी के नाम से आयोजित की जाती थी। सीएमईईटी और पीएमडीएम परीक्षाएं भी अलग-अलग राज्यों में राज्य सरकारों द्वारा आयोजित की जाती थीं। पूरे देश में एक समान परीक्षा आयोजित करने और छात्रों को अलग-अलग परीक्षाओं के लिए आवेदन न करना पड़े, इसके लिए भारत सरकार ने 2017 में एनटीए (एनटीए) का गठन किया, जिसने 2019 की परीक्षाओं से काम करना शुरू कर दिया सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश शुल्क लगभग 1 लाख रुपये है।, जबकि निजी मेडिकल कॉलेजों में यह प्रवेश शुल्क लगभग 25 -50 लाख रुपये है। इसलिए मध्यम वर्ग के परिवार सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एनटीए( एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (नीट)-यूजीसी से सीधे अध्ययन कर सकते हैं और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश ले सकते हैं। इस वर्ष यह परीक्षा 5 मई, 2024 को आयोजित की गई थी, जिसमें 23.81 लाख छात्र उपस्थित हुए थे। यह भारत की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। परीक्षा में बैठने के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 9 मार्च, 2024 थी, जिसे बढ़ाकर 16 मार्च, 2024 कर दिया गया। दुख की बात है कि इसे लगभग 15 महीने के लिए बढ़ा दिया गया और आवेदन पत्र भी 9-10 मार्च को लिया गया। इस तरह के अध्ययन किए गए लेकिन इसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। परीक्षा में आवेदकों की संख्या लगभग 24000 थी। क्या यह अध्ययन किसी विशेष वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया था? यह उम्मीद की जाती है कि कुछ उम्मीदवारों को अनुचित तरीकों से उसी परीक्षा में अनुचित लाभ दिया गया था। परीक्षा 5 मई, 2024 को आयोजित की गई थी और उसी दिन पडाना से पेपर लीक होने की खबर आई। इस परीक्षा का परिणाम 14 जून 2024 को घोषित होना था, लेकिन अरुणाचल प्रदेश में इसे 4 जून 2024 को घोषित किया गया। यह महज संयोग नहीं है कि 4 जून को ही भारत लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने थे और उसी दिन परिणाम घोषित किए गए। पूरे मीडिया का इस पर ध्यान केंद्रित होना स्वाभाविक था। शायद ऐसा इसलिए किया गया था ताकि उस दिन परिणाम घोषित होने से जो भी गड़बड़ हो, उस पर कोई ध्यान न दे। जब परिणाम घोषित हुआ, तो देखा गया कि 67 छात्रों ने प्रथम रैंक प्राप्त की। पिछले वर्षों में, दो या तीन छात्रों ने प्रथम रैंक प्राप्त की है। इन 67 छात्रों ने 720 में से 720 अंक प्राप्त किए। घोषित परिणामों के अनुसार, 718 और 719 अंक भी छात्रों ने प्राप्त किए, जो परीक्षा की योजना के अनुसार असंभव था। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक मिलते हैं और गलत उत्तर के लिए भी एक अंक जब्त कर लिया जाता है यदि कोई व्यक्ति सभी 180 प्रश्नों के सही उत्तर देता है तो उसे 720 अंक मिलते हैं और यदि उनमें से एक भी गलत है तो उसे 715 अंक मिलते हैं। यदि कोई व्यक्ति एक भी प्रश्न का गलत उत्तर देता है तो उसे 716 अंक मिलते हैं। किसी भी स्थिति में 718 और 719 उपलब्ध नहीं थे। जब इस संबंध में काफी हो-हल्ला मचा तो एनडीए ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि ऐसे छात्रों को सॉलिड मार्जिन दिया गया था। बाद में बताया गया कि केवल 1563 छात्रों को परीक्षा में समय पर अंक दिलाने के लिए सॉलिड मार्जिन दिया गया था। गौरतलब है कि स्लीपर परीक्षा में सॉलिड मार्जिन देने का कोई प्रावधान नहीं है। सॉलिड अंक देने का उल्टा असर क्यों हुआ, इसे समझने के लिए एक उदाहरण देना उचित होगा। 720 में से 720 अंक पाने वाले 67 छात्रों में से सॉलिड मार्क्स जोड़ने के बाद यह 720 अंक हो गए और फाइनल रिजल्ट आ गया। मजे की बात यह है कि छात्र ने सभी सवालों के जवाब दिए थे, जिससे यह साफ है कि सुनवाई के समय उसे कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया। उस दिन छात्र अपनी बात पर अड़ा रहा लेकिन कोर्ट में सुनवाई के दौरान उसने खुद कहा कि उसे सॉलिड मार्क्स दिए जाएंगे। इन 1563 छात्रों के लिए 23 जून को दोबारा परीक्षा होगी, जिसमें बैठने और बैठने का निर्धारण होगा। 30 जून को रिजल्ट घोषित किया जाएगा। इसके बाद दोबारा रैंकिंग घोषित की जाएगी। जो परीक्षा में शामिल नहीं होना चाहते, उनके मूल अंक माने जाएंगे। यह समाधान सिर्फ 1563 छात्रों को दिया गया, जबकि हकीकत में देश में कई ऐसे संस्थान थे, जहां समय पर पढ़ाई होती थी, लेकिन वहां पर भी काफी देर बाद परीक्षाएं होती थीं, जो सही भी था। इससे ज्यादातर लोग असंतुष्ट हैं और इसीलिए उनका आंदोलन और आंदोलन जारी है। यहां दो-तीन अन्य विसंगतियों का जिक्र करना उचित होगा। गुजरात में, गोवा में एक परीक्षा संस्थान था धरा, जलाराम स्कूल। इस स्कूल और हॉल में 30 छात्र बैठे थे। यहां से परीक्षा देने वाले छात्र झारखंड, कर्नाटक, ओडिशा आदि से थे। इन छात्रों से एजेंटों ने 10-10 लाख रुपये वसूले और अधिक उत्तर दिलाने का वादा किया गया था। यहां परीक्षा सीसीडीवी की देखरेख में हुई लेकिन परीक्षा के बाद शिक्षकों की मदद से यह किया जाना था कि सभी ओएमआर शीट अलग से ली जाएं और पढ़ने से पहले उनमें सभी सही उत्तर भरे जाएं। यह उम्मीदवारों के साथ किया गया और उन्हें अपनी ओएमआर शीट खाली छोड़नी थी। अगर वह अपने प्रयास में सफल हो जाते तो तमाम प्रयासों के साथ यह केंद्र नष्ट हो सकता था। यह जिला प्रशासन की सतर्कता और तत्परता थी कि उन्होंने समय रहते इस पर कार्रवाई की और स्कूल के प्रिंसिपल और अन्य शिक्षकों को गिरफ्तार कर लिया। वहां से और शिक्षकों से 7.60 लाख रुपये बरामद परीक्षा से एक रात पहले 20-20 लाख रुपये देने वाले छात्रों को प्रश्न पत्र बता दिए गए और उनके उत्तर भी रद्द कर दिए गए ताकि वे अगले दिन परीक्षा में सभी प्रश्नों के सही उत्तर दे सकें। यही कारण है कि वे डोपर बन गए। अनियमितताओं, मिलीभगत, पेपर लीव आदि के जितने मामले सामने आ रहे हैं, उसे देखते हुए इस पूरी परीक्षा को ढोंग कहा जाए तो गलत नहीं होगा। कहावत है कि दाल में वाला होता है, लेकिन नींद की इस परीक्षा में तो ऐसा लगता है कि पूरी दाल ही वाला है। जब पूरी दाल ही वाला हो तो उसे पैसे देना ही एकमात्र उपाय है। यही बात नींद की इस परीक्षा में भी लागू होती है। अध्यक्ष महोदय, खासकर प्रधानमंत्री को इस महत्वपूर्ण मामले में तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए। पूरी नींद की परीक्षा रद्द कर देनी चाहिए और दोबारा नींद की परीक्षा करानी चाहिए। और सभी यूनिवर्सिटी प्रोफेसरों को बर्खास्त कर उनकी जांच सीबीआई से करानी चाहिए और उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करना चाहिए। विभिन्न स्रोतों से मिली जानकारी के अनुसार नीट यूजी 2024 पेपर लीक मामले की जांच बिहार की आर्थिक अपराध इकाई कर रही है. मामले में पटना से चार अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया है. वहीं पूछताछ के लिए 9 अभ्यर्थियों को 18 और 19 जून को बुलाया गया है. इनमें 7 लड़कियां भी शामिल हैं. नीट यूजी परीक्षा का आयोजन 5 मई को किया गया था. रिजल्ट 4 जून को घोषित किया गया था. तब से नीट यूजी परीक्षा को लेकर बवाल चल रहा है. बिहार आर्थिक अपराध इकाई को जांच में अब तक पेपर लीक के कई सूबत मिले हैं. इकाई के अनुसार नीट यूजी परीक्षा से एक दिन पहले 4 मई को अभ्यर्थियों को पटना एयरपोर्ट के सामने स्थित ठलअ गेस्ट हाउस में कई अभ्यर्थियों को पेपर मिल गए थे. मामले में गिरफ्तार अभ्यर्थी अनुसार भी इसी गेस्ट हाउस में रुका था.जांच में यह भी सामने आया कि अभ्यर्थियों को गेस्ट हाउस के कमरा नंबर 404 में 4 मई को रोका गया था. इकाई ने करीब 35 अभ्यर्थियों को एग्जाम से पहले पेपर मिले की आशंका जताई है. वहीं पेपर के बदले 30-30 लाख रुपए देने की बात भी सामने आई है.जांच के दौरान पटना में एक किराए के मकान से विभिन्न बैंको के दर्जन भर एडीएम

# पाठों में बदलाव साकारात्मक नजरिया

प्रमोद भार्गव

राष्ट्रीय शैक्षिक एवं अनुसंधान और प्रषिक्षण परिषद् (हष्टश्वक्रञ्ज) की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले पाठों में बदलाव की शुरूआत साकारात्मक नजरिए से हो गई है।अब 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की किताब में से बाबरी मस्जिद, हिंदुत्व की राजनीति 2002, गुजरात दंगों से जुड़े पाठ को हटा दिया है। इसकी जगह राम जन्मभूमि आंदोलन की विरासत क्या हैइ इस पाठ को जोड़ा गया है। इससे पहले इतिहास की पुस्तकों में राखीगढ़ी और आर्यों के मूल स्थान से जुड़े पाठ जोड़े गए हैं।एनसीआरटी की पुस्तकों में वाकई सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं। इसके पहले भारतीय ज्ञान प्रणाली के संदर्भ में महरौली के लौह स्तंभ के बारे में भी बताया गया है। ऋग्वेद में लोहे के आविष्कार के बारे में बताया गया है। इसी क्रम में सोना, तांबा और कांसा धातुओं के अविष्कार किए गए। अतएव ऐसे पाठों को जोड़ना भारतीय विज्ञान की विरासत को छात्रों के सामने लाना है। इसी क्रम में भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं।21 वर्ष की खींचतान और दुनियाभर में हुए अध्ययनों के बाद आखिरकार यह तय हो गया कि आर्य सभ्यताइ भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय राखीगढ़ी मैनइ के नाम से प्रसिद्ध हुए प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12वीं की किताब में बदलाव किया गया है। इसमें इतिहास की पाठ्य पुस्तक में ईंट, मोती और हड्डियां : हड़प्पा सभ्यताइ नामक पाठ में आर्यों को मूल भारतीय होना बताया है। इसके अलावा कक्षा 7, 8, 10 और 11 के इतिहास और समाजशास्त्र के पाठ्यक्रमों में भी बदलाव किया गया है। इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है, परंतु अब आर्यों के भारतीय होने के संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विविद्यालय के टॉमस कीवीशील्ड ने किया था। 2003 में अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्सइ में प्रकाशित इस शोध-पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वशांणु (जीन) के आधार पर आर्यों के भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि वर्ष 2009 में वाराणसी हिंदू विविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो लालजी सिंह और प्रो. थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आर्यों को मूल भारतीय बताया था।2019 में प्रो. वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध है। इसके आधार पर यह तथ्य स्थापित हुआ कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति आर्यों द्वारा निर्मित है। एनसीआरईटी के इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो. शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, रविवार, 23 जून, 2024



# संक्षिप्त खबरें

## हत्या के आरोपी को पुलिस ने मशरख से किया गिरफ्तार

एकमा। स्थानीय थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के पारसा गढ़ तुरहा टोली निवासी गोबंधन मांझी के पुत्र सुरेंद्र मांझी ने फरवरी 2024 में अपने ही पड़ोसी कमल साह का हत्या कर फरार हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। जहां पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को मशरख से गिरफ्तार कर थाने लाई जहां पुछताछ करने के पश्चात उसे जेल भेज दिया।

## पुलिस ने शराब के साथ धन्धेबाज को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

एकमा। स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के एकारी गांव के चंवर से एक शराब धंधे बाज कारोबार करने कि खबर मिलते ही। थाना पुलिस ने छापामारी कर 21 लीटर देशी शराब से साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति कि पहचान रिविलगंज थाना क्षेत्र के नबी गंज बिन टोली निवासी शिवप्रसाद चौधरी के पुत्र मुन्ना चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

## जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य का सिवान जिला उपभोक्ता में प्रतिनियुक्ति

छपरा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के सदस्य मनमोहन कुमार को सिवान जिला उपभोक्ता आयोग मे प्रतिनियुक्ति किया गया है।उपभोक्ता आयोग के बीरेंद्र प्रताप सिंह एवम सदस्य मंजू सिंह और कर्मचारियो द्वारा उनको शाल और बुके देकर बिदाई दी गई। अध्यक्ष सिंह ने उनके द्वारा किए गए कार्यो के बारे में बताया और कहा कि वे जहां भी रहे स्वस्थ रहे और दीघार्यु रहे।पुर्व में भी सदस्य मनमोहन कुमार सिवान जिला उपभोक्ता आयोग मे और गोपालगंज उपभोक्ता आयोग मे कार्य कर चुके हैं।

## शराबी बेटा को बाप ने किया पुलिस के हवाले

बेतिया(घनश्याम)।मझौलिया में धृतराष्ट्र के पुत्र मोह ने महाभारत कराकर अपने को कलंकित कर लिया था लेकिन इस कलयुग में एक बाप ने अपने पियक्कड़ पुत्र के आदतों और कारनामों से तंग आकर अजीज होकर पुलिस के हवाले कर दिया।उक्त मामला मझौलिया थाना क्षेत्र के डुमरी पंचायत के रघुनाथपुर गांव वार्ड नंबर 6 की है। जहां बाप अब्दुल सलाम ने अपने पियक्कड़ पुत्र मोहम्मद शरीफ को पुलिस के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि पिता के आवेदन पर पियक्कड़ पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया। इस बाबत बिहार मध्य निषेध अधिनियम की धारा 37 के तहत कांड संख्या 403/24 दर्ज किया गया है।बताते चले की मोहम्मद शरीफ इसके पूर्व में तीन बार जेल जा चुका है लेकिन अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहा था।

## सड़क की अतिक्रमण से ग्रामीण हुए आक्रोशित, पुलिस जांच में जुटी

मशरक थाना क्षेत्र अंतर्गत कवलपुरा पंचायत के एकावना गांव में शनिवार को सुबह सड़क अतिक्रमण को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि एकावना गांव में आने के लिए यहीं एकमात्र मुख्य सड़क है ।जो एन एच 227 ए राम जानकी पथ से गांव को जोड़ती है। जिस पर गांव के एक दबंग व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। वहीं इस आक्रोश के कारण कई घंटो तक एक स्कूल बस रुका रहा।जिसमे सवार बच्चे गर्मी के कारण परेशान रहे। ग्रामीणों की सुचना पर पहुंची थाना पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल की और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाया बुझाया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क 50 वर्षों से एकावना गांव में आने जाने की मुख्य सड़क हैं।इस सड़क का सरकारी राशि से मिट्टीकरण और ईटीकरण कार्य किया गया है ,जिस पर कब्जा किया जा रहा है।

# पुलिस की कार्रवाई में 12 अभियुक्त गिरफ्तार, देशी शराब, 02 मोटरसाईकिल, बालू लदा हुआ ट्रैक्टर किया जब्त

### बगहा पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान 73,500 रुपए का लगाया जुमार्ना

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा।बगहा पुलिस जिला में शुक्रवार को विगत 24 घंटा में 12 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है।कुल-10 वारंट का निष्पादन किया गया है जिसमें जमानतीय 03 अजमानतीय 07 है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज जारी करके दिया।उन्होंने बताया कि बगहा थाना,लौकरिया थाना,धनहाँ थाना नौरंगिया थाना द्वारा शराब के काण्ड,वारंट तथा अन्य काण्ड में 12 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही 19 लीटर देशी शराब,02 मोटरसाईकिल बरामद किया गया।वही भितहाँ थाना द्वारा एक ट्रैक्टर ट्रॉली बालू लदा हुआ जब्त



किया गया।इस संबंध में भितहाँ थाना द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया।जॉच के क्रम में यातायात चिउटहाँ थाना द्वारा-23,000, रामनगर थाना

- रात्रि में विभिन्न थाना क्षेत्रों में बगहा पुलिस द्वारा रोको टोको अभियान तथा संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों का विधिवत जांच की गई
- अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए रखने हेतु दिवा गश्ती के दौरान विभिन्न थाना अंतर्गत बैंकों,वाहनों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई।

द्वारा-17,500, चौतरवा थाना द्वारा-12,000, धनहाँ थाना द्वारा-9,000, बगहा थाना द्वारा-7,000, पटखौली थाना द्वारा-5,000 इस प्रकार कुल-73,500 रुपए का जुमार्ना लगाया गया। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि बगहा पुलिस जिला में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए शुक्रवार की रात्रि में विभिन्न थाना क्षेत्रों में बगहा पुलिस द्वारा रोको टोको अभियान तथा संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों का विधिवत जांच की गई।वही शनिवार को बगहा पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए रखने हेतु दिवा गश्ती के दौरान विभिन्न थाना अंतर्गत बैंकों,वाहनों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई।

# कहत कबीर सुनो भाई साधो सत गुरु नाम ठिकाना है

### योगियां हाईस्कूल में मनी कबीर जयन्ती

प्रात: किरण, संवाददाता

रसूलपुर।थाना क्षेत्र की असहनी पंचायत के आर एन हाईस्कूल योगियां में प्रधानाचार्य लालबाबू यादव की अध्यक्षता में कबीर जयन्ती गीत संगीत के माध्यम से मनायी गई। संगीत शिक्षक राजेश कुमार के साथ शिक्षिका शाहजदा परवीन ,शिक्षिका कुसुम पटवा सहित छात्र-छात्राओं ने कबीर के दोहों का गायन किया।गुरू गोविन्द दोऊ खड़े ... से लेकर माटी कहे कुम्हार ..तक आदि कबीर के चर्चित दोहों की संगीतमय प्रस्तुति की गई।वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर गोप ने कहत कबीर सुनो भाई साधो गुरू चरणन में लिपट रहना की भावपूर्ण प्रस्तुति की।अध्यक्षीय संबोधन में प्रधानाचार्य यादव ने कहा कि बाह्य आडम्बरों से निकलने में कबीर का दर्शन संसार के लिए प्रेरक है।मौके पर वरिष्ठ शिक्षक उमेश कुमार पांडेय ,राकेश तिवारी, कपुर्री ठाकुर, दिनेश दुबे, धर्मेंद्र तिवारी, बृज किशोर पासवान, विजय कुमार गुप्ता ,अमरनाथ गुप्ता, विकास कुमार उपाध्याय, दीपक ,श्यामबाबू , आसिफ इकबाल , सुनैना आदि उपस्थित रहें।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर 131 वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का किया आयोजन



प्रात: किरण, संवाददाता

वाल्मीकिनगर ।भारत नेपाल सीमा संगम तट पर अवस्थित बेलवा घाट परिसर में ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर 131वीं नारायणी गंडकी महा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ नेपाल से आए मुख्य अतिथि धर्मपाल गुरु वशिष्ठ जी महाराज, विशिष्ट अतिथि पुलिस अवर निरीक्षक हरिश्चंद्र, समाजसेवी संगीत आनंद, निमार्ता एचेल थारू, त्रिनीति फाउंडेशन के तापस टैगोर, यूट्यूबर जयदेव कुमार, संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी, अभिनेता सोनू चौधरी, कोषाध्यक्ष शिवचंद्र शर्मा, सत्येंद्र सिंह, सुमन देवी एवं निमार्ता अरविंद अकेला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि ज्येष्ठ पूर्णिमा का संबंध भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी से होता है। इस पूर्णिमा तिथि में व्रत, स्नान - दान आदि करने से सभी दुख और कष्टों का नाश होता है। विशिष्ट अतिथि पु. अ. नि हरिश्चंद्र ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। वाल्मीकि नगर थाना के इंस्पेक्टर विजय प्रसाद राय के नेतृत्व में थाना परिसर में भी हम लोगों ने योग किया। नियमित योग करके हम निरोग रह सकते हैं। निमार्ता एचेल थारू ने स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा 6 नवंबर 2014 से निरंतर आयोजित नारायणी गंडकी महा आरती और वर्ष 2012 से आयोजित दैनिक चलंत दरिद्र नारायण भोज की भूरि भूरि प्रशंसा की।इंजीनियर बबन पांडे द्वारा लिखित पुस्तक बिन पानी क्या जिंदगानी का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि लेखक कार्यपालक अभियंता बबन पांडे ने बड़ी सरलता और सहजता के साथ पानी की महत्ता बताई है।जल ही जीवन है। गायक नंद महतो, राजा कुमार , मधु देवी एवम् गयिका हिरवंती देवी ने गंगा माता पर केंद्रित विभिन्न भजनों को प्रस्तुत किया। त्रिनीति फाउंडेशन के सदस्यों को आयोजन समिति द्वारा पौधा एवम् हनुमान चालीसा देकर सम्मानित किया गया। तापस टैगोर ने पर्यावरण संरक्षण संवर्धन की दिशा में नारायणी गंडकी महा आरती के आयोजन को एक ऐतिहासिक कार्यक्रम की संज्ञा दी। अमेरिका वासी सत्संगी कृष्णा पांडे , इंजीनियर नीरज कुमार, पीडीएस के अध्यक्ष प्रमोद सिंह, फौजी विद्यासागर राणा आदि सक्रिय सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया गया। संचालन संगीत आनंद ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन निमार्ता एचेल थारू ने किया। काठमांडू नेपाल से आए गुरु वशिष्ठ जी महाराज मुख्य अतिथि को संस्था के सदस्यों ने संयुक्त रूप से अंग वस्त्रम द्वारा सम्मानित किया। कुमारी संगीता एवम् पवन भट्टराई द्वारा महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। आचार्य पंडित अनिरुद्ध द्विवेदी ने कथा पूजा एवं हवन द्वारा विश्व शांति की कामना की। इस मौके पर विक्रम अंकित सिंह, भोला कुमार दास, गीतकार नीरज कुमार ,रामनारायण प्रसाद, पिंकी देवी, बसंती देवी ,सरस्वती देवी ,आदि की भूमिका सराहनीय रही। सूर्यास्त के पश्चात वैदिक ऋचाओं के सस्वर उच्चारण के साथ नारायणी गंडकी महा आरती की गई। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम को विराम दिया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त , महिला, पुरूष, बच्चे सहित पुलिस बल एवम् होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

# बेटियों के जन्म पर छपरा नगर निगम के महापौर ने प्रसुताओं को दिया बेबी किट

### नन्ही पारियों को लायंस संगिनी उपहार के तहत दिया गया बेबी किट



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।अंतरराष्ट्रीय स्वयं सेवी संस्था लायंस क्लब छपरा टाउन के द्वारा छपरा शहर के सदर अस्पताल के प्रसूति विभाग में लायंस क्लब के सिग्नेचर प्रोजेक्ट ह्लनन्ही परी संगिनी उपहारह्व के तहत नवजात बेटियों को उपहार स्वरूप बेबी किट वितरण किया गया। नवजात शिशुओं की माताओं को छपरा नगर निगम के महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता लायंस अध्यक्ष गोविंद सोनी ने संगिनी सोनी उपहार स्वरूप बेबी किट वितरित किए गए। छपरा सदर अस्पताल के प्रसूति विभाग में जन्म लेने वाली और एसएनसीयू वार्ड में नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट (बेबी शॉप, बेबी ऑयल, बेबी पाउडर, डायपर, मच्छरदानी, तौलिया एवं बैग) वितरित किए। नन्ही परी संगिनी उपहार कार्यक्रम की अध्यक्षता सलोनी सोनी और मनीष मनी ने किया। लायंस अध्यक्ष गोविंद सोनी ने बताया कि लायंस क्लब छपरा टाउन के सदस्यो के द्वारा लगातार एक सालो से ये कार्यक्रम संचालित होते आ रहा है, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सदर अस्पताल में जन्म लेने वाली बेटियो के अभिभावक को प्रोत्साहन करना है, बेटियां हमारे घर की लक्ष्मी होती है, इनसे संसार की सृष्टि की निर्माण होता है। वही छपरा नगर निगम के महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने कहा कि लायंस क्लब छपरा टाउन के सदस्यो के द्वारा संचालित ये कार्यक्रम ह्लनन्ही परी संगिनी उपहारह्व किसी जन्मोत्सव कार्यक्रम से कम नही है, आज हमारे समाज में केवल बालिका दिवस के आवास पर बेटियो को के लिए विभिन्न कार्यक्रम होते है वही खुशी की बात है की लायंस सदस्यो के द्वारा रोज जन्मोत्सव की खुशी मनाई जा रही है। आज हमारे समाज में बेटियां कितनी आगे बढ़ चुकी है, इसका उदाहरण है की हमारे देश की राष्ट्रपति, अधिकारी, पदाधिकारी महिला है। बेटियों की सुरक्षा एवं उनके उज्वल भविष्य के लिए भी सरकार और नगर निगम अनेक योजनाएं चला रही है। इस दौरान प्रसूति विभाग की इंचार्ज निष्ठा मंडवाल, लायंस क्लब के सदस्य लायन अभिषेक किशोर, अमर गुप्ता, अनुज कुमार, रोहन कुमार, अमित सोनी, कुंवर जयसवाल आदि मौजूद रहे।

# इसुआपुर के धामा में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य रोका



प्रात: किरण, संवाददाता

इसुआपुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के धामा गांव में सड़क निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किए जाने को लेकर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रोक दिया है। वहीं इसकी सूचना विभागीय पदाधिकारीयों को भी दे दी गई है। स्थानीय केरवां पंचायत के सरपंच चंद्रदेव राय, कामेश्वर राय, कृष्णा राय, भूमिनाथ सिंह, सुदिश राय, दुलारचंद राय, शिवाजी राय, पारस राय, विकास कुमार, रमेश राय, विशाल कुमार चंद्रदेव राय, पप्पू कुमार, बाहरन कुमार व अन्य ग्रामीणों का कहना है कि रामपुर अटौली पंचायत के महुली गांव स्थित महावीर मंदिर से हनुमानगंज, बजरिया गांव होते हुए धामा गांव स्थित रेलवे ढाला तक जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें मानक के अनुसार निर्माण सामग्री नही लगाई जा रही है। सड़क पर पत्थर चढ़ा दिया गया है तथा उसके ऊपर लाल डष्ट में बराबर मात्रा में मिट्टी मिलाकर पत्थर के गैप को भरा जा रहा है। वहीं धामा गांव में ही पहले से बने पुलिया के पास एक अन्य पुलिया बनाकर सरकारी रुपए का बंदरबांट किया जा रहा है। इस बाबत विभागीय जेई और एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से पूछे जाने पर उन्होंने ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच किए जाने की बात कही। वहीं ग्रामीण जांच पदाधिकारियों के स्थल पर आने का इंतजार कर रहे हैं।

# मशरक निरंकारी भवन मे विशाल सत्संग का आयोजन हुआ



प्रात: किरण, संवाददाता

मशरक नगर पंचायत के बरहिया टोला स्थित निरंकारी भवन मे विशाल सत्संग का आयोजन हुआ।इस अवसर पर गुरूगद्दी पर विराजमान पटना जोन के जोनल इंचार्ज नवल किशोर सिंह कहा कि निरंकारी मिशन दुनिया को संदेश दे रहा है कि आओ मेरे भाई जो सुख हमे गुरू चरणो से मिला है।रमेराम को पाकर जैसे मेरा लोक सुखी परलोक सोहेला हुआ है।आपका भी हो जाएगा।उन्होने कहा कि तीन लोक नवखंड मे गुरू से बड़ा न कोए।करता करे न कर सके गुरू करे सो होए।यही संदेश निरंकारी महात्मा दुनिया को दे रहे है।और बता रहे है कि लोगो हम है निरंकारी नाम के है व्यापारी जहां मे कोई गैर नही है।किसी से कोई वैर नही है।मेरा घर है वेगमपुर मेरा शहर अल्हा है।न गम है न फिक्र कोई खुदा के हाथ पला है।इसी पवित्र भाव से महात्मा सत्संग मे इक्कठा होते है।और हरदेव जी महाराज की युक्ति नर सेवा नारायण सेवा को चरितार्थ कर रहे है।सत्संग कार्यक्रम का मंच संचालन सीवान के सोनू सिंह ने किया।जबकि कार्यक्रम मे हरेराम प्रसाद संयोजक पटना, रमेश कुमार क्षेत्रीय संचालक हाजीपुर, शिव नारायण सिंह मुखी मशरक, रामपूजन सिंह,चंद्रदीप जी,डाक्टर सचिन, बसंत राय,पुलिस राय, काशी राम, संत कुमार सिंह, डॉ. रीता भारती, निर्मला सिंह, शंकर राय, तुलसी राय, के.पी. निराला, हरिकिशोर राम, नयंत्री देवी, अमृता सिंह, विनोद गुप्ता, मनोकामना सिंह, मुकेश पंडित, नरेंद्र राम, मीना देवी, संतोष सिंह बासडीह, संदीप जी, अर्पणा पांडेय, डॉ. सुशांत जी, प्रीति कुमारी,मेनका कुमारी, इंद्रजीत राम, रामायण राम, मुंद्रिका देवी, लक्ष्मण जी सहित अन्य की गरिमामयी उपस्थित रही।

# बिचरा के डूबने की भय से किसान चिंतित

प्रात: किरण, संवाददाता



अमनौर प्रखण्ड के नारायण पुर उप बितारणी नहर में बरसात के पूर्व शुक्रवार को पानी छोड़ा गया।नहर में पानी आने से किसानों की खुशी दुगनी हो गई।परन्तु कुछ ही पलों में मात्र दो फिट के पानी मे यदुबंशी नगर पुलिया के पास नहर बांध में एक बड़ी होल बन गई।जिससे नहर का पानी बहने लगी।स्थानीय लोग कुदाल से मिट्टी डाल कर होल बंद करने की कोशिश किया पर असफल रहे।किसान चिंतित हो उठे की नहर के आस पास कई खेतो में धान की बिचरा डाले हुए है।कही नहर के पानी से बिचरा डूब नही जाए।ग्रामीण गंडक विभाग के अधिकारियों को फोन कर इसकी शिकायत किया।ग्रामीणों के शिकायत पर गंडक विभाग के एसडीओ जेई मौके पर पहुँच जायजा लिया तथा नहर बांध के मरमती में जुट गए। नहर के गाद की सफाई किये बिना नहरमें पानी छोड़ने से टूट रही नहर बांध किसानों को खेतों में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए सरकार नहरों का निर्माण कराई है।नहरों के कटाव रोकने के लिए धोबाही से खोरी पाकर गोविंद स्कूल तक मात्र पक्कीकरण कराई गई है। जबकि यह नहर धोबाही से दरियापुर तक जाने वाली नारायण पुर बितारणी नहर है।यह नहर गाद से भरा पड़ा है।एक तो नहर में पानी नही होंने की वजह से गांव शहरों के कूड़ा कचरा फेक रहे है।कई जगह तो झाड़ियों के उगने से लगता ही नही नहर है।एक माह पूर्व नहर में सफाई का कार्य गंडक विभाग द्वारा कराई गई थी।परन्तु नहर के कचरा नहर में छोड़ दी गई।आधा अधूरा कार्य ही हुआ है।आज भी नहर गाद व झाड़ियों से पटा हुआ है।वरसात के दिनों में जब नहर में पानी छोड़ा जाएगा नहर की पानी आगे बढ़ ही नही पायेगा।जिससे नहर की बांध टूटने की आशंका रहेगी। नहर बांध पर सड़क निर्माण होने से हजारो हरे वृक्ष की हुई कटाई नहर बांध पर वृक्ष लगाने से नहर का मेढ़ मजबूत रहता है।लेकिन नहर के एक तरफ पिच सड़क निर्माण होने से गंडक विभाग द्वारा हजारो हरे वृक्ष की कटाई करवा दी गई।सड़क का निर्माण तो हो चुका लेकिन वृक्षारोपण आज तक नही कराई गई है।जिससे नहर का मेढ़ और कमजोर पड़ गया है। इस सम्बंध में जेई जयबिन्द कुमार ने कहा कि अमनौर में टूटे नहर बांध की मरम्मति कराई जा रही है ।वही नहर मे भरे गाद व उपजे जगल की सफाई के संदर्भ में पूछे जाने पर गोल मटोल जबाब देकर अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि कुछ सफाई हुई है । विशेष बात वरीय अधिकारी ही बतायेंगे।

# इंडो नेपाल सीमा पर मजदूर महिला की मौत, नेपाल जा रही थी मृतक महिला



प्रात: किरण, संवाददाता

वाल्मीकिनगर ।नसीम खान क्या वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के चंदेश्वर शिव मंदिर के समीप शनिवार की सुबह एक महिला मजदूर जो नेपाल में धान की रोपनी करने जा रही थी,पेट में अचानक दर्द होने के कारण उसकी मौत हो गई ।विदित हो कि बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के हनार्टांड़, सेमरा, रामनगर, भैरोगंज आदि कई क्षेत्रों से धान के रोपनी के लिए हर वर्ष गरीब मजदूर हजारों की संख्या में पड़ोसी देश नेपाल में मजदूरी करने जाते हैं ।इसी क्रम में इस बार भी इन दिनों हजारों की संख्या में मजदूर धान रोपनी करने के लिए नेपाल की ओर अपना रुख कर रहे हैं ।रोपनी करने जा रहे लोगों में शनिचरी थाना के चरगाहा पंचायत के भैंसही गांव निवासी पाना देवी पति मैनेजर राम उम्र तकरीबन 55 वर्ष अपने ही गांव के मंशी शाह के साथ नेपाल रोपनी करने जाने के लिए शुक्रवार की देर शाम वाल्मीकिनगर पहुंची ।शनिवार की सुबह अचानक से उसके पेट में दर्द हुई और उक्त महिला की मौत हो गई ।इस बात को मंशी शाह ने बताया। मानवता का बना मिशालः मृत महिला के साथ आए व्यक्ति को रोते बिलखते देख स्थानीय लोग उसके मदद के लिए आगे आए और उस गरीब को आर्थिक मदद देना शुरू किया ।जिसमें सबसे ज्यादा युवा वर्ग में रितेश कुमार,पिंटू कुमार,मोनू कुमार,उपेंद्र कुमार,प्रेम कुमार,सोनू रौनियार, दीपू कुमार, एसएसबी जवान महेश कुमार सहित दर्जनों लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए आर्थिक और शारीरिक रूप से मदद किया। भाड़े की गाड़ी से सामाजिक लोगों की मदद से मृत महिला के घर उसके शव को भेज दिया गया। नौरंगिया थाना कांड संख्या 50/24 का अभियुक्त पुलिस के हत्थे चढ़ा वाल्मीकिनगर ।नसीम खान क्या नौरंगिया थाना का कांड संख्या 50/24 का अभियुक्त मदनपुर चेकपोस्ट के पास पुलिस के हत्थे चढ़ गया। एएसआई राणा रणजीत सिंह ने बताया कि 24 वर्षीय पन्नालाल साह नामक अभियुक्त को मदनपुर चेकपोस्ट से गुप्त सूचना पर कार्यवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है ।इस मुजरिम पर अपने ही गांव के राजू राम पर चाकू से हमला करने आरोप है ।अभियुक्त पन्नालाल साह पर धारा 341,323,324,307,506,34 के तहत नौरंगिया थाना में 50/24 कांड में दर्ज है जो फरार चल रहा था।

# गोली कांड में पीड़ित परिवार के साथ न्याय करें प्रशासन:तेजस्वी

### सुबे में अपराधी बेलगाम, पुल गिरना भ्रष्टाचार को बढ़ावा का संकेत



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा । चुनावी हिंसा के दौरान छपरा गोली कांड में मृतक चंदन यादव के साथ प्रशासन न्याय करें, अपराधियों को अविलंब गिरफ्तारी करें, किसी के दबाव में आने की जरूरत नहीं है ' उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शनिवार को छपरा गोली कांड में मृत चंदन यादव के परिजनों से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कही ' बता दें कि चुनावी हिंसा के दौरान एनडीए और महागठबंधन के बीच हुई हिंसा में एक राजद कार्यकर्ता चंदन यादव की मृत्यु गोली लगने से हो गई । नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आज चंदन यादव के परिजनों से मिले ' इसके अलावा राहत रोड में भी गोली कांड में एक अल्पसंख्यक समुदाय के युवती को गोली लगी थी।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने पीड़ित युवती व उनके परिजनों से भी मुलाकात किया ' पत्रकारों से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि घटना हुआ है, समय आने पर इसका हिसाब लेंगे । पीड़ित परिवार ने एक जवान बेटा खोया है, प्रशासन को पीड़ित परिवार के साथ न्याय करने की जरूरत है । उन्होंने कहा कि मैं महसूस कर रहा हूं, प्रशासन पर दबाव है । लेकिन प्रशासन को अपने स्तर से न्याय देने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है । मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि आए दिन बिहार में लूट, हत्या, बलात्कार की घटनाएं हो रही है, लगातार पुल का गिरना जारी है, नीट पेपर लीक होना,छात्रों के साथ खिलवाड़ हो रहा है । डबल इंजीनियर की सरकार में भ्रष्टाचार लागातार बढ़ रहा है, प्रशासन चुप है । नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने लव एन्ड ऑर्डर पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि कहाँ है बिहार में लव एंड ऑर्डर,अपराधी बेलगाम हैं, लगातार अपराधिक घटनाएं को अंजाम दे रहे हैं । इस अवसर पर बड़ी संख्या में राजद कार्य कर्ता और विधायक भी उपस्थित थे ।

# पैसेंजर ट्रेन के लोको पायलट और को-लोको पायलट ने अपनी जान का जोखिम में डालकर बीच पुल खड़ी ट्रेन की मरम्मत की

प्रात: किरण, संवाददाता



बगहा।गाड़ी संख्या - 05497 नरकटियागंज गोरखपुर पैसेंजर वाल्मिकीनगर एवं पनियहवा के बीच पुल सं०-382 पर अचानक लोको के अनलोडर वाल्व से एयर प्रेशर का लीकेज के कारण ट्रेन बीच पुल पर खड़ी हो गई,जिसे ठीक करने लिए पहुँचने का कोई रास्ता उपलब्ध नहीं था। जहां पैसेंजर ट्रेन के लोको पायलट और को-लोको पायलट ने अपनी जान का जोखिम में डालकर बीच पुल खड़ी ट्रेन की मरम्मत की। इस दौरान लोको पायलट ट्रेन और ट्रैक के बीच रेंगते हुए फॉल्ट वाली जगह तक पहुंचे। वहीं साथी ने पुल से लटक कर तार खींचा,जिससे ट्रेन फिर से स्टार्ट हो सकी। इस पूरे वाकये का वीडियो सामने आया है जो काफी तेज से वायरल हो रहा हैदरअसल, गोरखपुर से नरकटियागंज तक जाने वाली 05497 सवारी गाड़ी के इंजन में एयर लीकेज हो जाने के कारण ट्रेन वाल्मीकि नगर और पनियहवा के बीच पुल पर रुक गई। जैसे ही ट्रेन वाल्मीकि नगर रोड स्टेशन से खुली वछ वॉल्व से लीकेज होने लगा और गाड़ी ङ्ट-298/20 पुल संख्या 382 पर खड़ी हो गई।बीच पुल ट्रेन रुक जाने से पैसेंजर्स में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वछ वॉल्व पुल के बीचो-बीच लीक हुआ था। ऐसे में लीकेज को बंद करना एक चुनौती थी। इस इमरजेंसी वाली स्थिति में ट्रेन के लोको पायलट अजय कुमार यादव और सहायक लोको पायलट रंजीत कुमार ने अपनी जान की परवाह किए बिना पुल पर होते हुए ट्रेन के नीचे पहुंचे। और वॉल्व को ठीक किया। जिसके बाद ट्रेन सुरक्षित आगे के लिए बढ़ सकी।मामला गुरुवार का है। इस पूरे वाकये का वीडियो रेलवे ने शुक्रवार को जारी किया है। करीब 5 मिनट के वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक लोको पायलट रेलवे ब्रिज के पतली सी रेलिंग के सहारे धीरे-धीरे फॉल्ट वाली जगह तक पहुंचता है। वहीं दूसरा ट्रेन और ट्रैक के बीच की संकरी जगह में रेंगते हुए वॉल्व तक आता है। दोनों काफी मशक्कत से वॉल्व को दुरुस्त कर लीकेज को बंद करते हैं।दोनों लोको पायलट्स की इस बहादुरी की सराहना हो रही है। यात्री और रेलवे स्टाफ सभी उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने दोनों पायलटों को धन्यवाद ज्ञापन करते नगद राशि से पुरस्कृत करने की घोषणा भी किया है।



# ऋचा को पसंद आया मिर्जापुर 3 का ट्रेलर

**अली फजल इन दिनों अपनी सीरीज मिर्जापुर 3 को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो गया और इस दर्शकों की अच्छी-खासी प्रतिक्रिया भी मिल रही है। इसी क्रम में अली फजल की पत्नी ऋचा चड्ढा ने भी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर सीरीज के ट्रेलर को साझा करते हुए अभिनेता के लुक की तारीफ की है। इसके साथ ही उन्होंने अली के बालों का भी मजाक बनाया है।**

हाल ही में, ऋचा चड्ढा ने इंस्टाग्राम पर मिर्जापुर के तीसरे सीजन का ट्रेलर शेयर किया, जिसमें उनके पति अली फजल और अन्य स्टार कास्ट नजर आ रहे हैं। हीरामंडी अभिनेत्री ने मजाक करते हुए कहा कि उनका बच्चा उनकी शादी की तस्वीरों से लेकर नए लुक तक अली के बालों में अंतर समझ जाएगा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, तो यह आज आ गया, है न, गुड्डू? कम से कम बच्चों को तो पता चलेगा कि शादी की तस्वीरों में डैडी के बाल छोटे क्यों थे, जबकि अब वे लंबे बाल रखते हैं! क्या मैं देख पाऊंगी? अपने पति अली की प्रशंसा करते हुए ऋचा ने कहा, आप इसमें बेहतरीन ही होंगे, चाहे कुछ भी हो। मैंने देखा कि आप कितनी मेहनत करते हैं अली। बता दें कि सीरीज के ट्रेलर में अली फजल का किरदार गुड्डू पंडित पूर्वांचल पर अपनी पकड़ बनाने की कोशिश करता है। ट्रेलर में श्वेता त्रिपाठी, विजय वर्मा, रसिका दुग्गल और अन्य की झलक भी है। एक सीन में गुड्डू को पंकज त्रिपाठी के किरदार की ओर इशारा करते हुए और कहते हुए जा सकता है, कालीन भैया गॉन, और गुड्डू पंडित ऑन।



# कौन हैं सना सुल्तान? बिग बॉस ओटीटी 3 में कर रहीं एंट्री, ब्लॉगर के रूप में शुरू किया था करियर

चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी का तीसरा सीजन शुरू हो चुका है। इस बार इस शो में कई दिलचस्प चीजें हैं। सबसे बड़ा बदलाव तो इस शो के होस्ट हैं। इस बार अनिल कपूर बिग बॉस को होस्ट करते दिखेंगे। बिग बॉस ओटीटी 3 के जरिए अनिल कपूर भी बतौर होस्ट डेब्यू ही कर रहे हैं। बिग बॉस के घर की झलक भी सामने आ चुकी है। साथ ही प्रतिभागियों को लेकर भी जानकारियां आ रही हैं। इस बार अधिकांश सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर इस शो की रौनक बढ़ाएंगे। इनमें एक नाम सना सुल्तान का भी है। आइए जानते हैं उनके बारे में...

सामने आए एक प्रोमो में सना सुल्तान की झलक भी सामने आई है। इसके साथ यह पुष्टि हो गई है कि सना सुल्तान भी रियलिटी शो में इस बार धमाल मचाने वाली है। सना सुल्तान एक मॉडल और अभिनेत्री हैं। इसके अलावा वह मशहूर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत बतौर ब्लॉगर की थी। सोशल मीडिया पर सना की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। सना खान को क्वीन खान के नाम से भी जाना जाता है। ब्लॉगर के रूप में करियर शुरू करने के बाद सना ने वर्ष 2014 से 2015 तक डबस्मैश वीडियो बनाकर बतौर मॉडल शुरुआत की। उस दौरान ऐसी वीडियो का जबर्दस्त क्रेज था। जल्द ही सना छा गईं। इसके बाद उन्होंने टिकटॉक पर वीडियो बनाना शुरू किया। उनके वीडियो ट्रेंड होने लगे और उनके फॉलोअर्स की संख्या लगातार बढ़ती रही। इसके बाद सना खान ने मॉडलिंग शुरू की। वह कई विज्ञापनों में नजर आईं। 2019 में 'यूसी मिस क्रिकेट' का खिताब जीतने के बाद उन्हें बिलबोर्ड न्यूयॉर्क के टाइम स्कायर बिल्डिंग पर भी दिखाया गया था। सना को पंजाबी गायक और एक्टर शैरी मान के दिलवाले, काका के गुस्ताखी, बी प्राक के रूहेदारियां, जैजी बी और मिलिंद के गाबा की जोड़ी जैसे सुपरहिट म्यूजिक वीडियो के लिए भी जाना जाता है।



# दीपिका पादुकोण को पीछे छोड़ इस मामले में आगे निकलीं आलिया भट्ट

आलिया भट्ट जल्द ही जिगरा फिल्म में नजर आएंगी, जो 11 अक्तूबर, 2024 को रिलीज होगी। इन दिनों आलिया अपनी फिल्मों के अलावा एक और मामले की वजह से सुर्खियां बटोर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आलिया भट्ट ने ब्रांड वैल्यू के मामले में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को पीछे छोड़ दिया है। अब आलिया भट्ट 101.1 मिलियन डॉलर के साथ पांचवें पायदान पर पहुंच गई हैं जबकि दीपिका पादुकोण 96 मिलियन डॉलर के साथ छठे स्थान पर हैं। आलिया भट्ट की पिछली फिल्म की बात करें तो वो रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आई थीं, जिसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार किया था।

# नो एंट्री 2 में एंट्री नहीं मिलने पर आया अनिल कपूर का जवाब

जब से नो एंट्री फिल्म के सीक्वल का एलान हुआ है, तब से इसे लेकर आए दिन कोई न कोई नई जानकारी सामने आ रही है। नो एंट्री साल 2005 में रिलीज हुई एक कॉमेडी फिल्म है। इसके दूसरे भाग में सभी मुख्य किरदारों को बदल दिया गया है। हाल ही में, फरदीन खान ने सीक्वल का हिस्सा न होने पर बातचीत की थी और अब अनिल कपूर ने भी इसी मामले पर कुछ बातें साझा की है।

**घर की बात है, घर में रहने दो**

एक हालिया साक्षात्कार में, अनिल कपूर से नो एंट्री के सीक्वल पर कुछ कहने के लिए कहा गया तो वो बोल पड़े कि घर की बात है, घर में रहने दो। उससे क्या चर्चा करनी चाहिए। दरअसल, नो एंट्री 2 का निर्माण बोनी कपूर कर रहे हैं, जो अनिल कपूर के भाई है। शायद इसी वजह से अनिल कह रहे थे कि पारिवारिक मुद्दों पर बात करने का कोई मतलब नहीं है। नो एंट्री 2 में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अर्जुन कपूर मुख्य भूमिका अदा करेंगे। फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी करेंगे। फिल्म के पहले भाग को भी उन्होंने ही डायरेक्ट किया था। चर्चा है कि फिल्म की शूटिंग दिसंबर में शुरू हो जाएगी। फिल्म के पहले भाग में सलमान खान, अनिल कपूर और फरदीन खान ने मुख्य किरदार निभाया था।



# मंगल लक्ष्मी मेरे करियर में नई पहचान दिलाएगा

लोकप्रिय टीवी सीरियल मंगल लक्ष्मी में एक्ट्रेस गायत्री सोहम नेगेटिव किरदार निभाती नजर आएंगी। वह अपने बेटे कार्तिक (शुभम दीप्ता) को लेकर बहुत ही पजेसिव है। उन्होंने बताया कि कैसे उनकी आवाज इस किरदार को निभाने में उनकी मदद करेगी। गायत्री ने कहा - कार्तिक की मां गायत्री निगम का किरदार निभाना मेरे लिए कलाकार के तौर पर शानदार एक्सपीरियंस रहा है। वह एक ऐसी मां है, जो अपने बेटे से प्यार और अटेंशन चाहती है। वह अपने बेटे को उसकी बीवी के साथ भी शेयर नहीं करना चाहती.

अपनी किरदार के बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए उन्होंने कहा, गायत्री अपने बेटे कार्तिक को किसी भी कीमत पर खोना नहीं चाहती। इसी डर के चलते उसका व्यवहार अटपटा होता है। शादी के बाद बेटे का किसी दूसरी महिला के साथ करीब जाने का विचार उसे सताता है। इसके लिए वह कार्तिक और उसकी पत्नी लक्ष्मी के बीच मुश्किलें पैदा करती हैं, हालांकि यह गलत है। लेकिन उसका व्यवहार उसके मन में चल रहे उथल-पुथल को दिखाता है। गायत्री ने आगे कहा, यह किरदार इसलिए भी खास है क्योंकि मैंने अब तक पॉजिटिव किरदार निभाए हैं। यह किरदार मेरा पहला ग्रे किरदार है, और मेरी भारी आवाज इस किरदार को निभाने में मदद करेगी। मुझे उम्मीद है कि यह शो मुझे मेरे करियर में नई पहचान दिलाएगा।



# तेलुगु फिल्म हीरो हीरोइन में डेब्यू कर रही हैं प्रियंका चाहर चौधरी

एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी आज टीवी और म्यूजिक इंडस्ट्री का बड़ा नाम बन चुकी हैं। वह अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। इन दिनों वह दिव्या खोसला स्टारर तेलुगु फिल्म हीरो हीरोइन को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। वह इस फिल्म में अहम रोल निभाने वाली हैं। प्रियंका ने कहा कि मैं हीरो हीरोइन का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। फिल्ममेकर प्रेरणा अरोड़ा के साथ काम करना वाकई शानदार है। यह फिल्म सुनहरा अवसर है, और मैं ऐसे टैलेंटेड कलाकारों और क्रू के साथ अपने किरदार को निभाने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी दिल को छू लेने वाली है, और मैं दर्शकों के लिए कुछ खास लाने के लिए शुरू होने वाले सफर का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। इस फिल्म के जरिए प्रियंका तेलुगु इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं। प्रेरणा अरोड़ा द्वारा निर्मित, हीरो हीरोइन में परेश रावल और सोनी राजदान भी हैं। इसकी शूटिंग जुलाई में हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में शुरू होने वाली है। प्रियंका अपने वेब शो दस जून की रात की रिलीज के लिए भी तैयार हैं, इसमें उनके साथ तुषार कपूर भी हैं। शो का प्रीमियर जल्द ही होने वाला है। जयपुर में जन्मी प्रियंका ने 2018 में फिल्म लतीफ टू लादेन में चांदनी की भूमिका निभाई। इसके बाद 2019 में गठबंधन के साथ छोटे पर्दे की दुनिया में कदम रखा। वह क्राइम थ्रिलर फिल्म कैंडी ट्विस्ट में भी नजर आईं।





# मुझे एक्टिंग के अलावा कुछ नहीं आता है, मेरे करियर का बेस्ट पार्ट आना अभी बाकी है

एक्टर और कॉमेडियन सुनील ग्रोवर हाल ही में फिल्म 'ब्लैक आउट' में नजर आए। इस फिल्म में उनका किरदार ग्रे शेड लिए हुए है। अपनी कॉमिक इमेज से हटकर इसमें उन्होंने अपना एक नया रूप दिखाया है। सुनील ने कहा, मुझे एक्टिंग के अलावा कुछ नहीं आता है। मेरे करियर का बेस्ट पार्ट आना अभी बाकी है। इसके अलावा उन्होंने अपनी फिल्म ब्लैक आउट के बारे में भी बात की।

**ब्लैक आउट की स्क्रिप्ट आपको कैसे अप्रोच हुई थी?**

मुझे नीरज कोठारी जी का फोन आया था। उन्होंने बताया कि इस फिल्म के जो राइटर हैं अब्बास और हुसैन दलाल वो आपको कुछ सुनाना चाहते हैं। फिर बाद में जब मैं उनसे मिलने पहुंचा तो डायरेक्टर देवांग भी वहां थे जिन्होंने अब्बास और हुसैन के साथ ये कहानी लिखी है। मैंने कहानी सुनी तो मुझे मजा आ गया। मुझे लगा ये फिल्म तो करनी चाहिए और फिर मैंने इसके लिए हामी भर दी। इस पूरी फिल्म में ही काफी सस्पेंस है। मेरे किरदार के साथ भी कुछ सस्पेंस जुड़े हुए हैं। जिन्होंने ये फिल्म अभी तक नहीं देखी है मैं चाहता हूं कि वह देखें। मैंने भी जब स्क्रिप्ट पढ़ने के दौरान वो सारे सस्पेंस पढ़े तो बड़ा अच्छा लगा। मुझे काफी फीडबैक भी मिले कि लोग मेरे किरदार को काफी पसंद कर रहे हैं।

**आगे आपके पास क्या प्रोजेक्टस हैं?**

एक वेब सीरीज भी है अगले महीने से उस पर भी काम शुरू होने वाला है। साथ ही एक फिल्म है जिसकी शूटिंग मैं जुलाई में शुरू करूंगा। फिलहाल नाम रिवील नहीं कर पाऊंगा।

**कपिल शर्मा के शो से ब्रेक के दौरान कभी लगा नहीं कि 'चला लल्लन हीरो बनने...' को फिर शुरू करें?**

मेरा मानना है कि हर चीज की एक उम्र होती है। एक दौर था जब मैं 'चला लल्लन हीरो बनने' शो कर रहा था। उस समय लोग उस शो को काफी पसंद भी करते थे। मैंने उसमें भी कई तरह के अवतार लिए थे। मैंने खुद भी वह शो काफी एंजॉय किया। ऑलमोस्ट मैंने दो साल तक वह शो किया था। उसके बाद मैंने एक अलग जर्नी शुरू की, अलग किरदार किए। अगर वही करता रहता तो उससे बाहर कैसे निकलता। हालांकि, उस शो को करने में बहुत मजा आया था। अलग-अलग किरदार करने में काफी मजा तो आता है।

**आप इतने लंबे समय से इंडस्ट्री में क्या लगता है सही ड्यू मिला है आपको फिल्मों में?**

मुझे लगता है कि मेरी उम्मीद से अधिक ड्यू मुझे मिला है। मेरा मानना है कि हर चीज की एक जर्नी होती है। अगर शुरुआत थोड़ा स्लो फेज भी रहा है तो टाइम भी लगा कुछ हासिल करने में। मैंने तो उस समय को भी एंजॉय किया जब काम नहीं था या कम था। मुझे अंदर से लगता था कि ये टाइम दोबारा नहीं मिलेगा तो मजा कर लो। फिर जब बिजी हो गया तो उस फेज का भी खूब आनंद लिया। अब मैं अपनी पसंद से काम करता हूं जो मुझे अच्छा लगता है। मैं खुद को बहुत लकी भी मानता हूं कि अच्छे लोगों के साथ काम करने का मौका मिला। आगे मेरी तमन्ना है कि अलग-अलग तरह के किरदार करूं, अलग-अलग तरीके से करूं।

**क्या लगता है कि वेब सीरीज में आपको ज्यादा तवज्जो मिल रही है?**

वेब सीरीज में अच्छा स्क्रीन स्पेस तो मिला है। ऐसा भी नहीं है कि मुझे वेब स्पेस में कॉमिक इमेज से हटकर कुछ करना है। मैं अपनी कॉमिक इमेज से खुश हूं। वो तो मैं लकी हूं कि मुझे अलग-अलग तरह का काम करने का मौका मिल गया। उन डायरेक्टर्स का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मुझे अलग तरह से यूज किया। मुझे खुशी है इस बात की।

**आपको पर्सनली कॉमिक एक्टर के टैग से कोई प्रॉब्लम तो नहीं?**

यहां बात सिर्फ जॉनर की नहीं है। एक अच्छी स्क्रिप्ट होनी चाहिए। कोई भी जॉनर हो मैं करना चाहूंगा। मान लीजिए एक कॉमेडी स्क्रिप्ट है जिसकी कहानी बेहतरीन और दूसरी तरफ एक दूसरे जॉनर की स्क्रिप्ट जो एवरेज है तो मैं कॉमेडी ही करूंगा। जिसकी स्क्रिप्ट अच्छी हो, किरदार अच्छा हो वह करूंगा।

**ऐसा क्या है इस फील्ड में जो अभी तक आपने एक्सप्लोर नहीं किया है?**

मैंने तो जितना करना था उससे ज्यादा ही एक्सप्लोर किया है। मुझे एक्टिंग के अलावा और कुछ आता ही नहीं है। मैं और किसी फील्ड में हाथ नहीं आजमाता। मुझे सिर्फ एक्टिंग में ही आनंद आता है। मैं राइटिंग या डायरेक्शन या और किसी काम को कर ही नहीं सकता। मेरा इन चीजों में कोई अनुभव भी नहीं है और रुचि भी नहीं है। करिअर में बेस्ट धीरे-धीरे आना बाकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### एन एच 31 पर अब होगा कम वाहनों का परिचालन

बरियारपुर (मुंगेर)। छः माह पूर्व जब एनएच 80 का निर्माण आरंभ हुआ तो भागलपुर और मोकामा को ओर जाने वाले समानों से लदे भारी वाहन 70 किलोमीटर अधिक दूरी तय कर एनएच 31 होकर परिवहन करते थे। अब एनएच 80 पर भारी वाहनों का परिचालन आरंभ होने के बाद एनएच 31 से वाहनों के परिचालन में काफी कमी आयेगी , क्योंकि वाहन श्री कृष्ण सेतु से तेलिया तालाब होकर एनएच 80 से ही परिवहन कर रहे है निर्माण कार्य जारी रहने के कारण अभी कहीं कहीं जाम लगने के बावजूद चालक 70 किलोमीटर की दूरी से बचने के लिय एनएच 80 का ही इस्तेमाल करते है। ऐसे में आने वाले दिनों में एनएच 31 सुनसान हो सकता है। एनएच 80 का निर्माण पूर्ण होने के बाद केवल बंगाल और पूर्वोत्तर बिहार जाने वाले भारी वाहन हो एनएच 31 होकर परिचालित होंगे। भागलपुर की ओर से पत्थर लेकर आ रहे ट्रक चालक सूर्यगढ़ा निवासी धर्मवीर यादव , मोकामा निवासी दीपक राम आदि ने बताया की बरियारपुर हो कर जाने से 70 किलोमीटर काम दूरी तय करना पड़ता है।

### मढ़ौरा में सांप के काटने से 7 वर्षीय बच्ची की हुई मौत

मढ़ौरा ग्रामीण। स्थानीय जगन छपरा निवासी रंजन राय की 7 वर्षीया पुत्री रौशनी कुमारी की मौत शनिवार को जहरीला साँप के काटने से हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रोशनी घर के पास ही एक आम के बगीचे में खेल रही थी। इसी बीच उसे किसी जहरीले सांप ने डस लिया। आनन फानन में परिजन पहले झाड़ फूक कराये फिर उसे लेकर मढौरा रेफरल अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। रौशनी दो भाइ बहनो में सबसे बड़ी थी। डाक्टरो के अनुसार साँप के काटने के बाद झाड़ फुक नही कराकर सीधे नजदीकी अस्पताल में जाकर दक्ष डाक्टरो से उसका समुचित इलाज कराना चाहिए।

### अज्ञात बोलेरो ने बाईक सवार को मारी धक्का,युवक की मौत

बनियापुर ।चेतन छपरा - नगरा मुख्य सड़क पर पैगबरपुर नारायण टोला के समीप एक अज्ञात बोलेरो ने बाईक सवार युवक को धक्का मार दिया है,जिससे बाईक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गयी,घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ उमर पड़ी,जहा पुलिस को मिली सूचना पर घटना स्थल पर अग्रेर्त करवाई मे जुट गयी है।घटना के संबंध मे बताया गया है की परसा गाव निवासी सोबराती मिया का 23 वर्षीय पुत्र बुलेंडर खाकी मठिया के तरफ से घर बाइक से आ रहा था कि नरायण टोला के समीप एक अज्ञात बोलेरो ने धक्का मार दिया,जिससे उक्त युवक की मौत हो गयी है,घटना के बाद परिजनों मे कोहराम मच गया है।पुलिस आगे की करवाई मे जुटी है।

### चोरी के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया

दानापुर नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के दाउदपुर में हुए चोरी मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी गये मोबाइल बरामद किया।पुछताछ के गिरफ्तार दाउदपुर निवासी निखिल उर्फ भोला का न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध मे मनोज कुमार ने लिखित शिकायत किया। बताया जाता है कि शुक्रवार की देर रात शाहपुर थाना क्षेत्र के दाउदपुर निवासी मनोज राय के घर से मोबाइल व करीब 50 हजार रुपए चोरी हो गयी। जिसकी सूचना पर छानबीन में लगी पुलिस ने संदिग्ध मानते हुए दाउदपुर निवासी निखिल उर्फ भोला को हिरासत में लिया। पुछताछ के बाद उसके पास चोरी किये गये मोबाइल बरामद किया गया।थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि बीते रात चोरी मामले में दाउदपुर निवासी निखिल उर्फ भोला को गिरफ्तार किया गया।जिसके पास से चोरी गये मोबाइल बरामद किया।

### गंगापुर वार्ड 21 में अज्ञात चोरों 30 हजार नकदी समेत जेवर की चोरी

सुलतानगंज थाना क्षेत्र के गंगापुर वार्ड 21 में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है।वही इस मामले में गृहस्वामी रामलाल मंडल ने सुल्तानगंज थाना में आवेदन देकर बताया कि रात घर में सभी लोग सोये थे।और घर का दरवाजा सटा दिये थे। सुबह करीब चार बजे शौच जाने के लिए उठे, तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था।घर में रखा अटैची गायब था।अटैची में 30 हजार नकद, चांदी का जेवरात सहित कई कीमती सामान था।और उस जगह से अटैची भी गायब था।एक में पलंग पर रखा मोबाइल भी चोरी कर लिया गया है।वही इस मामले को लेकर सुल्तानगंज पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा को लेकर अजगैबीनाथ धाम के उत्तरवाहिनी गंगा तट पर गंगा स्नान करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। जिले के सुल्तानगंज के प्रसिद्ध अजगैबीनाथ धाम के उत्तरवाहिनी गंगा तट पर ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी देखने को मिली। ज्येष्ठ पूर्णिमा को एक विशेष महत्व दिया जाता है, जिसे भगवान शिव की कृपा का दिन माना जाता है। इस अवसर पर बिहार राज्य के भागलपुर, मुंगेर, बेगुसराय, बलिया, सहरसा, पूर्णिया, कटिहार, अररिया सहित अन्य जिलों से लगभग हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम पहुंचकर उत्तरवाहिनी गंगा में स्नान करके अपने पापों का प्रायश्चित किया और भगवान शिव की आराधना की। वहीं गंगा घाट स्थित बाबा अजगैबीनाथ मंदिर में जाकर भक्तों ने बाबा भोलेनाथ को जलाविशेक किया और विशेष पूजा-अर्चना का अभिषेक किया। साथ ही बता दे की ज्येष्ठ पूर्णिमा को लेकर अररिया के शिव भक्त अजगैबीनाथ धाम पहुंचकर उत्तरवाहिनी गंगा में स्नान कर अपने जलपात्र में गंगा जल भरकर जल संकल्प कराकर अपने पूरे परिवार के साथ बाबा भोलेनाथ की नगरी देवघर के लिए अपने निजी वाहन से रवाना हुए। इस दौरान अररिया के शिव भक्त संदीप कुमार ने बताया कि सावन के एक माह पूर्व ज्येष्ठ पूर्णिमा को बाबा भोलेनाथ को जलाविषेक करने जा रहे है सावन में काफी भीड़ होती है जिसके वजह से बाबा का दर्शन नहीं कर पाते है।

अभी जा रहे है कि मैंने जो बाबा से मन्नते मांगे थे वो पूर्ण हो गए है इसलिए बाबा का दर्शन हो जाए इसके लिए ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा में जा रहे है। इस दौरान सुलतानगंज में इस धार्मिक उत्सव के दौरान पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की और भक्तों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए। वहीं गंगा घाटों में अंचल अधिकारी के द्वारा बांस बेरिकेटिंग भी किया गया था ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओ को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## बायोमेट्रिक से उपस्थिति बनाए जाने में प्राचार्य कर रहे हैं तकनीकी का इस्तेमाल

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। सरकार डाल-डाल पर और भगोड़ा कर्मचारी पात पात पर यही कहावत राज्यकीय पोलीटेक्निक कॉलेज मुंगेर में चरितार्थ हो रहा है राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज की सूत्रों का मांगे तो कॉलेज की प्राचार्य अपने कार्यालय से गायब रहती हैं।

कॉलेज के एक कर्मचारी ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि कॉलेज में बायोमेट्रिक से उपस्थिति बनाए जाते हैं प्राचार्य ने अपने मोबाइल को तकनीकी का उपयोग करते हुए बायोमेट्रिक से जोड़ दिया है सूत्र ने बताया कि कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार यादव बायोमेट्रिक की मशीन उठाकर प्राचार्य के कार्यालय कक्ष में ले जाकर मशीन को खोल दिया जाता है और प्राचार्य के फोन को वीडियो कॉल कर मशीन के सामने मोबाइल को रखकर और पटना से घर बैठे बायोमेट्रिक से तकनीकी का इस्तेमाल कर उपस्थित बना लिया जाता हैं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग बिहार पटना को इसकी सच्चाई की जांच करना हो तो सीसीटीवी कैमरा का फुटेज प्रतिदिन का निकाल कर देखने पर पता चलेगा कि पंकज कुमार यादव प्रतिदिन मशीन को लेकर प्राचार्य के कार्यालय कक्ष में जाते नजर आते हैं और प्राचार्य उपस्थिति खेल का पोल खुल जाएगी चुकी कार्यालय कक्ष में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है कार्यालय कक्ष के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरा यह बताता है कि प्राचार्य अपने कार्यालय में नहीं प्रवेश कर रही है सूत्रों ने बताया की बिहार सरकार अगर प्राचार्य के कई कारनामों की जांच अगर करें तो प्राचार्य को जेल भी जाना पड़ सकता हैं।

## कबीर सेवा संस्थान कि ओर से दरिद्र नारायण बीच छाता व ठंडा पानी, बिस्कुट का किया वितरण

प्रात : किरण



दरभंगा।कबीर जयंती के अवसर पर कबीर सेवा संस्थान, दरभंगा के कार्यालय में सदस्यों ने कबीर के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताएं गए मार्ग पर चलने का प्रण किया। कोतवाली थाना अंतर्गत मुफ्ती मोहल्ला स्थित संस्थान के कार्यालय में माल्यार्पण कार्य संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संरक्षक नवीन सिन्हा सहित श्याम कुमार यादव, राजकुमार नायक, शशि कुमार नीलू, मोहम्मद उमर, सचिन राम, मधुबाला सिन्हा ,शंकर यादव, अब्दुल हमीद, अशोक कुमार श्रीवास्तव, रोशन कुमार, सोनू कुमार, मुकेश राय, शंकर कुमार, अमरजीत राय, टिंकू कुमार, गोलू कुमार इत्यादि उपस्थित थे। वही शाम में कबीर सेवा संस्थान के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर भिक्षाटन करने वाले दरिद्र नारायण के बीच ठंडा पानी, बिस्कुट का वितरण किया एवं उन्हें छाता भी प्रदान किया, ताकि वे इस गर्मी में धूप से बच सकें।

## भागलपुर के 18 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित है डिप्लोमा सर्टिफिकेट परीक्षा परीक्षार्थियों का समय बर्बाद ना हो ध्यान देंगे वीक्षक : डीएम

भागलपुर। समीक्षा भवन में बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, पटना द्वारा 22 एवं 23 जून को आयोजित डिप्लोमा सर्टिफिकेट एक्जाम के केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी को ब्रीफिंग करते हुए जिलाधिकारी डॉ॰ नवल किशोर चौधरी ने कहा कि परीक्षार्थियों का एक-एक मिनट का समय बहुत कीमती होता है। कई परीक्षार्थी सारे प्रश्न हल करने के बाद ओएमआर शीट में उत्तर वाले गोल घेरा को रंगते हैं, अगर थोड़ा सा भी समय से पहले कॉपी ले लिया जाए तो उनका सारा हल किया हुआ प्रश्न बेकार चला जाता है। इसलिए सभी वीक्षक इस बात पर ध्यान रखेंगे की परीक्षा निर्धारित समय पर शुरू हो एवं निर्धारित समय समाप्त होने पर परीक्षार्थियों से कॉपी ली जाए। उन्होंने कहा की परीक्षा कक्ष में प्रकाश, पेयजल और पंखे की व्यवस्था हो, प्रवेशपत्र परीक्षार्थियों का अच्छी तरह से फ्रिशकिंग की जाए और कोई भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट परीक्षा केंद्र के अंदर नहीं पहुंच पाए यहां तक की वीक्षक को भी मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी (पूर्वाहन 10:30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी इसलिए परीक्षार्थी 10:30 बजे से पहले ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर जाएंगे। उल्लेखनीय है कि डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (डब/डटट/डटट) 2024 का आयोजन भागलपुर जिला के 18 परीक्षा केंद्रों पर 22 एवं 23 जून 2024 को किया गया है। 22 जून को डब (पॉलिटेक्निक इंजीनियरिंग) की परीक्षा ली जाएगी जिसमें 8500 परीक्षार्थियों को भाग लेना है। 23 जून को डट (प्रोजेक्ट मैनेजर) के 8700 एवं डटट के 8382 परीक्षार्थियों को भाग लेना है इस प्रकार कुल 25582 परीक्षार्थी भाग लेंगे।सभी परीक्षा केंद्रों के लिए गश्ती -सह -जोनल दंडाधिकारी एवं 23 स्टैटिक दंडाधिकारी तथा 4 उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है।

## मुंगेर के स्वच्छता कर्मियों ने मुंगेर विधायक को सौंपा मांग- पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर । बिहार प्रदेश स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी संघ, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष सह मुंगेर सदर प्रखंड अंतर्गत नौवागढ़ी पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक श्रवण कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता कर्मियों का एक प्रतिनिधिमंडल ने मुंगेर के विधायक प्रणव कुमार से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने विधायक को अपनी 5 मांगों से संबंधित एक मांग- पत्र सौंपा। मांग पत्र में स्वच्छता कर्मियों ने कहा है कि, हमारे नियुक्ति संविदा के आधार पर हुई है। परंतु, संविदा के मापदंडों का लाभ हमें नहीं मिल रहा है।

हमें संविदा से संबंधित एवं मापदंडों के अनुरूप सभी तरह के लाभ दिए जाएं और हमें उचित मानदेय दिया जाए।। हमें जो मानदेय दिया जा रहा है वह हमारे कार्यो को देखते हुए काफी कम है। हम सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी हमेशा आर्थिक कठिनाइयों से घिरे रहते हैं। ऐसे में पूर्व में पंचायत राज विभाग द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में हमारा मानदेय बढ़ाकर 20000 रुपया किया जाए। इसके साथ ही सरकार द्वारा पूर्व में जारी पत्र के अनुसार हमारे बैठने की व्यवस्था पंचायत सरकार भवन अथवा पंचायत भवन में किया जाए। इसके अतिरिक्त पत्र में कहा गया है कि, हमारा काम साफ- सफाई का है। इस क्रम में हम गंदगी से घिरे रहते हैं। ऐसे में स्वच्छता पर्यवेक्षकों एवं स्वच्छता कर्मियों को विभिन्न तरह का भयंकर बीमारी होने का खतरा बना रहता है। इसलिए, कार्य की प्रकृति एवं उससे होने वाले विभिन्न बीमारियों के खतरों को देखते हुए हमारा हेल्थ कार्ड बनाया जाए। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष ने कहा कि, हम अपनी मांग- पत्र मुंगेर के विधायक प्रणव कुमार को सौंप रहे हैं। हम चाहते हैं कि, ये हमारी आवाज सरकार तक पहुंचाएं। हम इस पत्र के माध्यम से सरकार एवं पंचायती राज विभाग से अपनी मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने तथा मांगें पूरी करने का आग्रह करते हैं।

## भागलपुर एवं बांका में चल रहे विकास कार्यों की आयुक्त ने की समीक्षा

भागलपुर। दिनेश कुमार, आयुक्त भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में भागलपुर प्रमंडल के दोनों जिलों के विकास से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, पंचायत सरकार भवन, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिहार निःशक्तता पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना की समीक्षा की गई। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन में तेजी लाने तथा अपूर्ण योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया गया। समीक्षा में पाया गया कि मनरेगा अंतर्गत सक्रिय लाभार्थियों की संख्या भागलपुर जिला में 204814 तथा बांका में 176308 है। भागलपुर जिला में 150179 एवं बांका जिला में 176044 आधार आच्छादित जॉब कार्डधारी हैं। आधार आधारित भुगतान का प्रतिशत भागलपुर जिला में 88.39 प्रतिशत तथा बांका जिला में 86. 43 प्रतिशत है। आयुक्त महोदय द्वारा जॉबकार्ड सत्यापन तथा आधार आधारित भुगतान शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की समीक्षा में पाया गया कि भागलपुर जिला में कुल स्वीकृत 86510 आवासों में से 85314 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि बांका जिला में 117940 में से 116221 आवास पूर्ण हो चुके हैं। समीक्षा में पाया गया कि स्वीकृत आवासों में से दोनों जिला में क्रमशः 358 एवं 718 योजनाओं में कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। जुलाई-अगस्त, 2024 से पहले सभी अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निदेश दिया गया। लाभुकों को समय पर भुगतान करने का निदेश दिया गया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की समीक्षा में पाया गया कि 2022 - 23 तक भागलपुर जिला में 144 के लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि 106 है, जबकि बांका जिला में 123 लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि 107 है। इसी प्रकार 2023-24 के लिए भागलपुर जिला में 94 के लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि 40 है, जबकि बांका जिला में 59 लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि 39 है। इसमें अपूर्ण योजनाओं को अगस्त, 2024 तक पूर्ण करने का निदेश दिया गया। पंचायत सरकार भवन की समीक्षा में पाया गया कि भागलपुर जिला में 238 के लक्ष्य के विरूद्ध स्थल चयन की सं0 200 है, जबकि बांका जिला में 182 लक्ष्य के विरूद्ध 138 है।निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन को शीघ्र पूर्ण करने तथा जहां जमीन उपलब्ध हो वहां निर्माण कार्य तेजी से करने का निदेश दिया गया । मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की समीक्षा में पाया गया कि भागलपुर जिला में प्राप्त 406 आवेदनों में से सभी को स्वीकृत किया गया है, जबकि बांका जिला में प्राप्त 872 आवेदनों में से 631 को स्वीकृत किया गया है।

## महासचिव पटना पहुंचे, अध्यक्ष से अबतक मीटिंग को ले बात नहीं

### बैठक में तख्तश्री कमेटी का चुनाव, बजट पास करने आदि मुद्दा है पास कराना, एजेंडे पर हो सकता मतभेद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब का चुनाव में लगातार विलंब होता जा रहा है। मामला पटना उच्च न्यायालय में भी लंबित है और उस पर सुनवाई होने के बाद आदेश आना बाकी है। वहीं कमेटी का चालू वित्तीय सत्र का बजट पेश कर पास भी कराया जाना है। चुनाव को लेकर भी फैसला लिया जाना है। अन्य मुद्दे भी हैं। मगर बताया जाता है कि बैठक में मुद्दों को लेकर अध्यक्ष और महासचिव के बीच मतभेद भी हो सकता है। इस बीच मिली जानकारी के अनुसार महासचिव इंद्रजीत सिंह ने महासचिव को पटना आने के पूर्व पत्र भेजा था। इसमें कहा गया था कि आपके द्वारा 30 अप्रैल, 24 को पत्रांक 3/249/24 एवं 5 जून, 24 को पत्र 3/277/24 को आपातकालीन बैठक बुलाने के संबंध में मिला था। इस विषय में उनके द्वारा आपको हालात के मुताबिक जवाब दिया गया था। इसके बाद भी आपके निर्देश के अनुसार काम नहीं हो सका है। इसके लिए परिस्थितियों भी उनके साथ कुछ बुरी गुजर रही थीं। वह पिछले एक-दो दिनों में पटना साहिब आ रहे हैं। इसके बाद आपके साथ बात करके कमेटी के चुनाव के अलावा और भी जो कुछ मुख्य निर्णायक कार्य हैं, उसकी स्वीकृति प्रबंधक कमेटी की बैठक में ली जा सके। उन मुद्दों पर विचार-विमर्श करके बैठक की तिथि निर्धारित की जा सके। साथ ही चुनाव प्राधिकार के निर्देश का भी पालन करते हुए स्थानीय संगत के द्वारा चुनाव के संबंध में खड़े किए जाने वाले अटकलों का भी जवाब दिया जा सके। इस बीच महासचिव इंद्रजीत सिंह 20 जून को पटना साहिब आ चुके हैं। उनका तीसरा दिन बीत चुका है। हालांकि इस दौरान दो बार उनका अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही के साथ मुलाकात हुई है, मगर बैठक को लेकर कोई चर्चा अब तक नहीं हो पाई है। हालांकि बताया जाता है कि बैठक में एजेंडख और फुटकर को लेकर भी दोनों के बीच मतभेद हो सकते हैं। दूसरी ओर कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह लक्खा के भी पटना साहिब पहुंचने की एक-दो दिनों में संभावना है। हरपाल सिंह जौहर भी पटना में हैं। अब देखना है कि कमेटी में बने मतभेद के बीच बैठक की तिथि कैसे निर्धारित की जाती है। साथ ही अध्यक्ष और महासचिव के बीच एजेंडा को लेकर भी क्या सहमति बन पाती है। विदित होगी वर्तमान कमेटी का कार्यकाल जुलाई 23 में ही पूरा हो चुका है मगर अब तक चुनाव कब तक होगा इस दिशा में अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं है। यह संबंध में कमेटी के पूर्व महासचिव चरणजीत सिंह का कहना है कि कमेटी का कार्यकाल समाप्त हुए करीब 11 माह हो चुका है। ऐसे में कमेटी दिनचर्या कामकाज के अलावा कोई भी बड़ा निर्णय बैठक में लेने के लिए स्वतंत्र नहीं है।

## पुलिस ने पत्नी के जहरीली पदार्थ खिला कर हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी पति गिरफ्तार

दानापुर। नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने पत्नी के जहरीली पदार्थ खिला कर हत्या करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी पति रत्नेश कुमार को पश्चिम बंगाल के बानागढ से गिरफ्तार किया। पिछले करीब डेढ माह से रत्नेश फरार चल रहा था। पुलिस ने पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में मृतका मालती देवी के पिता मनेर के लोदीपुर निवासी भरत राय ने शाहपुर थाना में मामला दर्ज करा मालती के पति रत्नेश समेत ससुराल वालो के विरूद्ध जहरीली पदार्थ खिला कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। घटना के बाद से आरोपी फरार वल रहे थे। छानबीन में लगी पुलिस ने लगी सुराग के आधार पर पश्चिम बंगाल के बानागढ से आरोपी पति रत्नेश को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि पत्नी के हत्या के आरोपी पति रत्नेश को बंगाल के बानागढ से गिरफ्तार किया गया।

## आयुक्त ने संभावित बाढ़ की पूर्व तैयारी की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर । प्रमंडलीय आयुक्त दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संभावित बाढ़, 2024 की पूर्व तैयारियों से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भागलपुर के जिला पदाधिकारी को निदेशित किया गया की जिन तटबंधों पर मरम्मती का कार्य चल रहा है उन तटबंधों को विशेष ध्यान देते हुए यथाशीघ्र मरम्मति का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय ।सभी अस्पतालों, स्वास्थ्य / उप-स्वास्थ्य केन्द्रों पर आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयों की व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं आवश्यकतानुसार मोबाईल मेडिकल टीम गठित करने का निदेश दोनों जिला पदाधिकारियों को दिया गया। पशुओं के लिए आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था, पशुओं के लिए चारा और आवश्यकतानुसार मोबाईल पशु चिकित्सकों की भी व्यवस्था करने का निदेश दिया गया। जिले में टेन्ट पंडाल, खाद्य सामाग्री, पॉलिथीन शीट्स, एवं अन्य आवश्यक समाग्रियों की आवश्यकतानुसार व्यवस्था करने हेतु दोनों जिलों के जिला पदाधिकारियों को ससमय करने का निदेश दिया गया । अपने जिलान्तर्गत निजी नावों को चिन्हित कर आवश्यकतानुसार एकरारनामा करने का एवं प्रशिक्षित गोताखोरों को भी चिन्हित करने जिला पदाधिकारियों को निदेश दिया गया। ताकि समय पर उनका उपयोग हो सके। जिलें में जो भी शरणस्थल चिह्नित किये गये हैं, उन स्थलों पर आवश्यकतानुसार व्यवस्था करने का निदेश दिया गया । भागलपुर जिला अन्तर्गत कुल 30430 शिकायत आवेदनों में से संबंधित नियामक का नाम जिसे नियमित निकायों/कंपनियों के विरूद्ध प्राप्त शिकायत के 6 आवेदनों को स्थानांतरित किया गया है, जिनमें 30424 आवेदन लम्बित हैं, उसी प्रकार बाँका जिलान्तर्गत 424 आवेदनों में से 37 आवेदन सक्षम प्राधिकार को स्थानांतरित किया गया है। दोनों जिला पदाधिकारी को निदेश दिया गया।

कि सभी लम्बित आवेदनों को सक्षम प्राधिकार को स्थानांतरित कर दिया जाय । बैठक में समाहर्त्ता, भागलपुर / बाँका एवं अपर समाहर्त्ता, भागलपुर /बाँका उपस्थित थे।

## इंग्लिश चिचरौंन में दो महीने बाद भी कूड़ा घर का नहीं हो सका उद्घाटन

### अपशिष्ट पदार्थों का कैसे होगा निदान, बनने के बाद नहीं हो रहा इस्तेमाल

प्रात :किरण संवाददाता



अकबरनगर। थाना क्षेत्र के इंग्लिश चिचरौंन पंचायत में करीब 10 लाख की लागत से बना कूड़ा घर का दो महीने बाद भी उद्घाटन नहीं हो सका। जिसके कारण पंचायत में अपशिष्ट पदार्थो का निदान नहीं हो पा रहा है। हालांकि प्रत्येक वार्डो में तैनात सफाईकर्मी डोर टू डोर कचरे का उठाव जरूर कर रहे है। लेकिन उस कचड़े का भंडारण नहीं हो रहा है।

जानकारी के अनुसार लोहिया स्वच्छ अभियान के तहत इंग्लिश चिचरौंन पंचायत में करीब 10 लाख की लागत से कूड़ा घर का निर्माण कराया गया है। जिसके मुख्य उद्देश्य था कि गांव में कम्पोस्ट-पिट, वर्मी-कम्पोस्टिंग, गड्ढा, सोखता गड्ढा, गंदे पानी का पुनः इस्तेमाल और संग्रहण प्रणाली, घरेलू कचरे को घर-घर से इकट्ठा करना, एक स्थान पर ले जाना, गलनशील व अगलनशील कचरे को अलग-अलग करना तथा उसका सही रूप से निपटान करने के लिए काम कराए जाएंगे।

इसके लिए सफाईकर्मी नियुक्त किया जाना है। लेकिन बनने के दो महीने बाद भी अभी तक कूड़ा घर का उद्घाटन नहीं हो सका है। जिसके कारण गांव में ही कचरे को गिराया जाता है। कूड़ा घर का इस्तेमाल नहीं होने से इस योजना का उद्देश्य पर ग्रहण लग गया है। वहीं इस सम्बंध में मुखिया खुशबू रानी ने बताया कि कूड़ा घर बनकर तैयार है। लेकिन वहां आवागमन की सुविधा नहीं रहने के कारण उसका उद्घाटन नहीं हो सका है। जहां कूड़ा घर बनाया गया है वहां पुलिया व सड़क की जरूरत है। जिसको लेकर कार्य प्रगति पर है। मिट्टी भराई के बाद कूड़ा घर का उद्घाटन कराया जाएगा।

## राजस्व की प्रमंडल स्तरीय समीक्षा हुई

भागलपुर ।प्रमंडलीय आयुक्त दिनेश कुमार की अध्यक्षता में राजस्व कार्यो की प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा में पाया गया कि भागलपुर जिला में ऑनलाईन दाखिल खारिज में कुल प्राप्त आवेदनों में 95.69% आवेदनों का निष्पादन हो चुका है मात्र 4.31% आवेदन लंबित हैं। बॉका जिला में कुल प्राप्त आवेदनों में 98.90% आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है मात्र 1.10% आवेदन लंबित हैं। भागलपुर जिले में 21 दिनों से अधिक समय से लम्बित आवेदनों एवं 63 दिनों से अधिक समय से लम्बित आवेदनों में अंचल जगदीशपुर, गोराडीह, कहलगाँव एवं सुलतानगंज में क्रमशः 2018, 1159, 914 एवं 855 मामलें सर्वाधिक मामले हैं। भागलपुर जिला में परिमार्जन के कुल प्राप्त आवेदनों में 99.62% आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है मात्र 0.38% आवेदन लंबित हैं। बॉका जिला में कुल प्राप्त आवेदनों में 99.85% आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है मात्र 0.5% आवेदन लंबित हैं। परिर्माजन के आवेदनों में भागलपुर जिला में सबसे अधिक लम्बित आवेदन पाए जाने वाले अंचलों में जगदीशपुर, बिहपुर, नवगछिया, ईस्माईलपुर एवं खरीक है जहां क्रमशः 308, 70,39, 32 एवं 32 आवेदन लंबित है। बॉका जिले में बेलहर, शंभूगंज एवं फूल्लीडूमर में क्रमशः 92, 36 एवं 32 आवेदन लंबित है।भागलपुर जिला में एल०पी०सी० के कुल प्राप्त आवेदनों में 99.41% आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है मात्र 0.59% आवेदन लंबित है। बॉका जिला में कुल प्राप्त आवेदनों में 99.86% आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है मात्र 0.14% आवेदन लंबित है। ऑनलाईन भूमि स्वामित्व प्रमाण-पत्र (एल०पी०सी०) भागलपुर जिले के अंचल जगदीशपुर में 101 एवं सबौर में 99 एवं नवगछिया में 37 आवेदन लंबित हैं। बाँका जिले के अंचल बाराहाट में 23 मामले सबसे अधिक आवेदन लम्बित हैं। दाखिल-खारिन और परिमार्जवान एवं एल० पी० सी० के आवेदनों के लिए दोनों जिलों के समाहर्त्ता को निदेशित किया गया कि विशेष प्रयास कर दाखिल- खारिज, परिमार्जन एवं एल० पी० सी० के सभी लंबित मामलों का निष्पादन करना सुनिश्चित किया जाय। समीक्षा में पाया गया कि कुल जमाबंदियों का भागलपुर जिले 6.60% एवं बाँका जिले में 6.25% जमाबंदी का लगान अपडेशन लम्बित हैं। इतने अधिक लम्बित रहने पर असंतोष व्यक्त किया गया है।

## जनता की समस्या सकार नहीं हुआ सुल्तानगंज देवघर भाया तारापुर संग्रामपुर कटोरिया रेल लाइन का सपना

तारापुर (मुंगेर) ।वर्षो से क्षेत्रवासियों की मांग के बाद तत्कालीन रेल मंत्री रहे लालू प्रसाद यादव द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा धाम देवघर को सुल्तानगंज से सीधे तारापुर संग्रामपुर भाया कटोरिया नई रेल लाइन एवं बरियारपुर खड़गपुर मननपुर से जोड़ने की सहमति एवं स्वीकृति देने के बाद भी लोगों का सपना साकार होता नहीं दिख रहा है । गौरतलब है कि तत्कालीन रेल मंत्री ने जमालपुर भागलपुर रेल खंड पर बरियारपुर से मननपुर भाया खड़गपुर लक्ष्मीपुर बरहट नए रेलखंड की भी स्वीकृत एवं सहमति निर्माण को लेकर दिया था । देश में एनडीए की सरकार बनते ही तत्कालीन रेल मंत्री द्वारा नए रेलखंड निर्माण से लेकर कई बड़े बड़े शहरों के बीच नई-नई एक्सप्रेस ट्रेन चलाने एवं बरियारपुर सुल्तानगंज जैसा रेलवे लाइन के ऊपर से ओवर ब्रिज बनाने जैसी योजनाओं को ठंडा वस्ते में रख देने का काम किया गया । बता दें कि सुल्तानगंज देवघर भाया तारापुर संग्रामपुर कटोरिया एवं बरियारपुर खड़गपुर बरहट मननपुर नए रेलखंड निर्माण को लेकर बांका एवं जमुई से सांसद ने भी बीते दिनों लोकसभा सत्र के दौरान संसद में अपनी आवाज को उठाने का काम किया था , पर बेहतर पहल नहीं होने के कारण नई रेल लाइन निर्माण की योजना टाय टाय फीस होकर रह गई है । भारत सरकार में जमुई के लोकप्रिय सांसद चिराग पासवान कुछ समय के लिए एनडीए का हिस्सा केंद्र में नहीं थे । उसका भी असर नई रेल लाइन निर्माण पर पड़ा । आगे बता दें कि हिंदुओं का सबसे बड़ा आस्था का केंद्र माने जाने वाला बाबा बैद्यनाथ द्वादश ज्योतिर्लिंग देवघर सुल्तानगंज तारापुर संग्रामपुर भाया कटोरिया एवं बरियारपुर खड़गपुर बरहट मननपुर नई रेल लाइन का निर्माण अगर हुआ रहता तो देश-विदेश से आने वाले लाखों लाख श्रद्धालुओं का सुल्तानगंज से ट्रेन के माध्यम से सीधे बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना करने का मौका मिलता । इतना ही नहीं नई रेल लाइन निर्माण से करोड़ों का राजस्व रेलवे को तो मिलता ही क्षेत्र वासियों को भी रोजी और रोजगार का एक बहुत बड़ा साधन उपलब्ध होता । जबकि प्रत्येक वर्ष बजट सत्र के दौरान नई रेल लाइन निर्माण को लेकर रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृति मद में थोड़ा-थोड़ा राशि डालकर सिर्फ परियोजना को जिंदा रखा गया है । क्षेत्र वासियों को वर्ष 2024 लोकसभा चुनाव के बाद अगर केंद्र में तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी शपथ लेते हैं तो नई रेल लाइन निर्माण का सपना क्षेत्र वासियों का पूरा होगा या नहीं यह तो आने वाला समय ही बताएगा ।

## संक्षिप्त समाचार

### एंडी मरे पीठ की चोट से निपटने के लिए लेंगे सर्जरी का सहारा



**लंदन (एजेंसी)।** पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे विंबलडन या पेरिस ओलंपिक में खेलने की कोशिश के बारे में कोई फैसला लेने से पहले पीठ की चोट से निपटने के लिए शनिवार को सर्जरी करवाएंगे। 37 साल के मरे ने पीठ दर्द के कारण बुधवार को क्वींस क्लब में अपने दूसरे दौर के मैच को बीच में ही छोड़ दिया था, तब वह जॉर्डन थॉम्पसन से 1-4 से पीछे चल रहे थे। ब्रिटेन के इस खिलाड़ी ने मुकाबले के शुरू होने से पहले ही अपने दाहिने पैर में परेशानी की शिकायत की थी। मरे पिछले कई साल से लगातार अलग-अलग चोट का सामना कर रहे हैं। दो बार के विम्बलडन विजेता मरे ने इस साल के अंत में संन्यास लेने का संकेत दिया है। उनकी प्रबंधन टीम ने पुष्टि की कि शनिवार को उनकी सर्जरी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इस बारे में कोई अन्य जानकारी नहीं दी गई। ऑल इंग्लैंड क्लब (विम्बलडन) में पहले दौर का खेल एक जुलाई से शुरू होगा।

### भारतीय महिला कम्पाउंड तीरंदाजी टीम ने विश्व कप में लगाई स्वर्ण पदकों की हैट्रिक



**अंताल्या (तुर्की) (एजेंसी)।** भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की कम्पाउंड महिला टीम ने इस सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां तीसरे चरण में एस्टोनिया पर जीत से विश्व कप में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई। शीर्ष वरीयता प्राप्त इस तिकड़ी ने यहां एकतरफा फाइनल में एस्टोनिया की लिसेल जाटमा, मीरी मैरिटा पास और मैरिस टेट्समैन को 232-229 से हराया। भारत की महिला कम्पाउंड टीम ने अप्रैल में शंघाई और और मई में येचियोन में क्रमशः विश्व कप के पहले चरण और दूसरे चरण के स्वर्ण पदक जीते थे।

इस तरह टीम इस सत्र में अपराजेय रही है। भारतीय पुरुष कम्पाउंड तीरंदाज प्रियांश भी दिन में कांस्य पदक का मुकाबला खेलेंगे। रिकर्व वर्ग में अंकिता भकत और धीरज बोम्मादेवरा भी दो पदकों की दौड़ में हैं क्योंकि दोनों व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप

# अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा इंग्लैंड



**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** गत चैंपियन इंग्लैंड को टी20 विश्व कप में अगर अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे अमेरिका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी और ऐसे में उसके 'पावर हिटर% की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। इंग्लैंड के बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी नहीं कर पाए और इस मैच में हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया।

वेस्टइंडीज की अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत से इस ग्रुप में सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ रोमांचक हो गई है। ऐसी परिस्थितियों में इंग्लैंड को अपने नेट रन रेट में सुधार करने के लिए अमेरिका पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप दो में अपने दोनों मैच जीते हैं और वह अभी शीर्ष पर काबिज है लेकिन वेस्टइंडीज और इंग्लैंड की जीत से समीकरण बदल सकते हैं। तीनों टीम में अभी वेस्टइंडीज का नेट रन रेट बेहतर है।

अभी किसी भी टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की नहीं की है और इंग्लैंड को अंतिम चार में जगह बनाने की होड़ में बने रहने के लिए अमेरिका के खिलाफ कम से कम 10 रन या एक ओवर शेष रहते हुए जीत हासिल करनी होगी। अगर इंग्लैंड ऐसा करने में सफल हो जाएगा तो दक्षिण अफ्रीका की मुश्किल बढ़ जाएगी क्योंकि वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां तक कि सुपर ओवर में हारने पर भी वह बाहर हो जाएगा। यदि दक्षिण अफ्रीका जीत दर्ज करने में सफल रहता है और इंग्लैंड की टीम अमेरिका से हार जाती है तो फिर वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और अमेरिका में से जिसका नेट रन रेट बेहतर होगा वह ग्रुप से दूसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा।

इंग्लैंड को अगर अपना नेट रन रेट सुधारना है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उसके बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वह इसे नहीं दोहरा पाए। फिल साल्ट शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने अपने पिछले 10 टी20 मैचों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया है लेकिन पिछले मैच में उनके जल्दी आउट होने से इंग्लैंड को धमाकेदार शुरुआत नहीं मिल पाई।

कप्तान जोस बटलर और जॉनी बेयरस्टो बड़े शॉट नहीं लगा सके। हैरी ब्रूक (53) और लियाम लिविंगस्टोन (33) ने मोर्चा संभाला लेकिन इंग्लैंड अंतिम तीन ओवर में 25 रन नहीं बन पाया। इसके बावजूद अमेरिका के गेंदबाजों के लिए इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना मुश्किल होगा। अमेरिका को अपने पिछले दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा और अगर वह सेमीफाइनल में जगह बनाता है तो यह किसी चमत्कार से कम नहीं होगा।

#### टीम इस प्रकार हैं

**इंग्लैंड** - जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम करन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले और मार्क वुड।

**अमेरिका** - मोनंक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वैन शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर। रिजर्व खिलाड़ी- गजानंद सिंह, जुआनॉय ड्रिस्डेल, यासिर मोहम्मद।

**समय** - रात 8 बजे।

## बाबर आजम कर सकते हैं पूर्व खिलाड़ियों और यूट्यूबर्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई



**इस्लामाबाद (पाकिस्तान) (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम उन यूट्यूबर्स और पूर्व क्रिकेटरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं जिन्होंने टी20 विश्व कप में उनके अभियान के दौरान उन पर 'दुर्व्यवहार' का आरोप लगाया था। बाबर और पाकिस्तान की टीम को विश्व कप अभियान के कारण पूर्व खिलाड़ियों और प्रशंसकों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि पाकिस्तान के अभियान के दौरान बाबर को 'निशाना' बनाने के लिए सोशल मीडिया अभियान चलाया गया, जिससे वह 'निराश' महसूस कर रहे थे।

यह भी बताया गया कि यूट्यूबर्स और पूर्व क्रिकेटरों द्वारा दिए गए बयानों से संबंधित साक्ष्य पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के कानूनी विभाग द्वारा एकत्र किए जा रहे हैं। कुछ खिलाड़ी और अधिकारी बुधवार की सुबह एक निजी एयरलाइन की उड़ान से लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। वापस लौटने वाले खिलाड़ियों में नसीम शाह, उस्मान खान और वरिष्ठ प्रबंधक वहाब रियाज शामिल थे। लेकिन, 15 सदस्यीय टीम के कुछ खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका में अपने प्रवास को बढ़ाने का फैसला किया। बाबर, इमाद वसीम, हारिस रऊफ, शादाब खान और आजम खान के साथ शनिवार को रवाना होने की उम्मीद है। प्रतियोगिता के पिछले संस्करण में इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में खेलने के बाद पाकिस्तान ग्रुप चरण में चल रहे विश्व कप से बाहर हो गया। पाकिस्तान ने रविवार को फ्लोरिडा में आयरलैंड पर तीन विकेट की जीत के साथ अपने अभियान का अंत किया जो ग्रुप ए से भारत और यूएसए के सुपर 8 चरण में हार गया था और सुपर 8 में स्थान सुरक्षित करने के लिए पर्याप्त नहीं था। पाकिस्तान की अगली व्हाइट-बॉल सीरीज नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगी। मेन इन ग्रीन तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में भाग लेंगे, जिसकी शुरुआत 4 नवंबर से होगी।

# आज टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर आठ मुकाबले में अफगानिस्तान के सामने ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती





**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** भारत से हारने के बाद अफगानिस्तान को रविवार को यहां टी20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप एक के अपने दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। सुपर आठ के अपने पहले मुकाबले में भारत से 47 रन से हारने वाली अफगानिस्तान की टीम काफी दबाव में होगी, उस पर जीत ही नहीं बल्कि नेट रन रेट सुधारने का दबाव भी होगा।

अफगानिस्तान -2.350 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है और उसके लिए इसे बेहतर करना और साथ ही ग्रुप की अंक तालिका में ऊपर की ओर बढ़ना मुश्किल काम होगा जिसमें बांग्लादेश भी शामिल है। अफगानिस्तान के लिए बल्लेबाजी में रहमानुल्लाह गुरबाज (178 रन) और इब्राहिम जदरान (160) अहम खिलाड़ी हैं लेकिन उन्हें मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों से सहयोग की जरूरत है।

फजलहक फारूकी (15 विकेट) और राशिद खान (9) दोनों ने अमेरिकी पिचों पर बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं जिससे दोनों फॉर्म में चल रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर लगाम कसने में महत्वपूर्ण होंगे। अफगानिस्तान ने ग्रुप चरण में हरफनमौला कौशल का प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत वह वेस्टइंडीज के बाद दूसरे स्थान पर रहने में सफल रहा। लेकिन 2021 की विजेता ऑस्ट्रेलिया को रोकने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जो लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी है।

ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम की बात की जाए तो डेविड वार्नर (169 रन) और ट्रेविस हेड (179) की विस्फोटक सलामी जोड़ी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में माहिर लेकिन राशिद और फारूकी अपनी गेंदबाजी से प्रभाव डाल सकते हैं। दोनों टीमें पिछली बार 2023 वनडे विश्व कप में एक दूसरे के आमने सामने हुई थीं। मुंबई में ग्लेन मैक्सवेल ने शानदार दोहरा शतक जड़ा था जबकि पैट कमिंस ने दूसरे छोर पर उन्हें मजबूत सहयोग दिया था।

अफगानिस्तान निश्चित रूप से उस हार का बदला लेना चाहेगा, भले ही प्रारूप अलग हो क्योंकि वे इस प्रारूप में सहज महसूस करते हैं। साथ ही उनके पास बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कौशल और मानसिकता है। पर देखना होगा कि राशिद की टीम अपनी योजनाओं को अच्छी तरह आजमा पाती है या नहीं। दक्षिण अफ्रीका की तरह मिचेल मार्श की आस्ट्रेलियाई टीम भी अपने विस्फोटक बल्लेबाजों की बदौलत टूर्नामेंट की मजबूत टीम में से एक है। हालांकि उसके लिए मैक्सवेल की फॉर्म चिंता बनी हुई है। लेकिन उसके पास टिम डेविड के रूप में शानदार खिलाड़ी मौजूद है जो बेहतरीन ऑलराउंडर है।

मध्य और निचले क्रम में मार्कस स्टोइनिस की मौजूदगी टीम की बल्लेबाजी को और मजबूत बनाती है जिनकी मौजूदा फॉर्म (तीन मैच में 156 रन) शानदार है। स्कॉटलैंड के खिलाफ पिछले मैच में पैट कमिंस की हैट्रिक के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई टीम को अपने क्षेत्ररक्षण में सुधार करने की जरूरत होगी क्योंकि स्कॉटलैंड के खिलाफ उन्होंने कुल छह कैच टपकाए जिसमें से अकेले मार्श ने तीन कैच छोड़े। एडम जम्पा (11) इस विश्व कप में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। यह लेग स्पिनर तीन तेज गेंदबाजों के बाद टीम के लिए अहम गेंदबाज हैं।

#### टीम इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलिया** - मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), डेविड वार्नर और एडम जम्पा।

**अफगानिस्तान** - राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हजरतुल्लाह जजई, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक।

**समय** - सुबह 6 बजे।

टी20 विश्व कप

## वेस्टइंडीज बनाम अमेरिका मैच में छक्कों की बारिश, टूटा बड़ा रिकॉर्ड

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने मौजूदा टी20 विश्व कप के सुपर 8 में सह-मेजबान यूएसए पर 8 विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज की, जिसके बाद बड़ा रिकॉर्ड ध्वस्त हो गया। दोनों टीमों ने मैच के दौरान कुल 14 छक्के लगाए। इससे टी20 विश्व कप 2024 में कुल छक्कों की संख्या 412 हो गई। यह टूर्नामेंट के एक संस्करण में लगाए गए सबसे अधिक छक्के हैं जो 2021 में 405 से अधिक हैं।



निकोलस पूरन ने 14 में से तीन छक्के लगाए और अपने व्यक्तिगत छक्कों के स्कोर को 17 तक पहुंचाया, जो टी20 विश्व कप संस्करण में किसी खिलाड़ी द्वारा लगाए गए सबसे अधिक छक्के हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के दिग्गज सलामी बल्लेबाज क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 2012 में 16 छक्के लगाए थे।

बल्लेबाजी के अनुकूल सतह पर, वेस्टइंडीज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए यूएसए को 128 रनों पर रोक दिया। रोस्टन चेस ने यूएसए के बल्लेबाजों को चकमा देते हुए अपने शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरीं। चेस ने रन रेट को नियंत्रित रखा और 3/19 के आंकड़े दर्ज किए। आंद्रे रसेल ने अपनी विविधताओं से चेस का साथ दिया और 3/31 के आंकड़े हासिल किए।

स्टार ऑलराउंडर अब टी20 विश्व कप में कैरेबियाई टीम के लिए सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो की बराबरी पर हैं। दोनों ऑलराउंडरों ने इस शानदार इवेंट में 27 विकेट लिए हैं। शानदार इवेंट के मेजबानों के बीच मुकाबले में वेस्टइंडीज ने यूएसए को हैरान कर दिया। शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन ने यूएसए को 128 रनों पर रोक दिया। चोटिल ब्रैंडन किंग की जगह आए शाई होप ने पावरप्ले में धमाकेदार प्रदर्शन किया। ब्रिजटाउन में होप के बल्ले से बाउंड्री की बारिश होने लगी।

जॉनसन चार्ल्स ने दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी की और हर मौके पर स्ट्राइक रोटेट की। होप की पारी का सबसे बेहतरीन पल छक्कों की हैट्रिक थी उन्होंने 9वें ओवर में मिलिंद कुमार की गेंद पर स्टेडियम के चारों ओर शॉट्स लगाए। होप ने पावरप्ले के तुरंत बाद गेंद को स्टैंड में पहुंचाकर 26 गेंदों में अर्धशतक जड़ा। उन्होंने मैच का अंत एक शानदार छक्के के साथ किया और विंडीज को 9 ओवर से अधिक समय रहते 9 विकेट से जीत दिलाई। होप ने 39 गेंदों पर 82* रन बनाकर मैच का अंत किया।

## ऋषभ पंत की गिलक्रिस्ट से तुलना अभी जल्दबाजी, स्मिथ बोले- तय करना होगा लंबा रास्ता

**ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया) (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ का मानना है कि ऋषभ पंत की एडम गिलक्रिस्ट के साथ तुलना करना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन उन्होंने कहा कि अगर भारत का विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी वर्तमान फॉर्म को जारी रखता है तो वह ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी के करीब पहुंच सकता है।

स्मिथ स्वयं भी विकेटकीपर बल्लेबाज रहे हैं और पंत ने कार दुर्घटना से उबरने के बाद जिस तरह से वापसी की है उससे काफी प्रभावित हैं। पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन किया और टी20 विश्व कप में भी वह विकेट के आगे और विकेट के पीछे अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभा रहे हैं। पंत को वर्तमान समय में विश्व क्रिकेट के सबसे प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में गिना जाता है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट शतक लगाए हैं लेकिन गिलक्रिस्ट की बराबरी पर पहुंचने के लिए उन्हें अभी लंबा रास्ता तय करना होगा जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15000 से अधिक रन बनाने के साथ 800 से अधिक कैच लिए हैं।



टी20 विश्व कप में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे स्मिथ ने कहा, 'ऋषभ पंत ने दुर्घटना के बाद दमदार वापसी की है और वह बेहतरीन फॉर्म में दिख रहा है। वह बेहद कुशल खिलाड़ी है। वह आक्रामक है, वह खतरनाक खिलाड़ी है। गिलक्रिस्ट की तरह पंत ने भी दिखा दिया है कि वह प्रत्येक प्रारूप में किसी भी क्रम में बल्लेबाजी कर सकते हैं। टी20 विश्व कप में उन्हें तीसरे नंबर पर भेजा जा रहा है और उन्होंने अभी तक इस फैसले को सही साबित किया है।

स्मिथ ने कहा, 'वह किसी भी खिलाड़ी का अच्छी तरह से साथ निभा सकते हैं फिर चाहे वह विराट कोहली हो या रोहित शर्मा। इसलिए उन्हें तीसरे नंबर पर उतारने का फैसला सही है क्योंकि मेरा मानना है कि सीमित ओवरों की क्रिकेट में आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को अधिक गेंदों का सामना करने का मौका मिलना चाहिए। यही वजह है जिससे कि वह विशेष बन जाता है।

उन्होंने कहा, 'वह पहली गेंद को ही हिट कर सकता है और उसे सीमा रेखा के पास पहुंचा सकता है। उसके पास रन बनाने के अन्य विकल्प भी हैं। उसने केएल राहुल जैसे अच्छे खिलाड़ी की जगह ली है। केएल राहुल विश्व स्तरीय क्रिकेटर है और उसकी जगह लेना काफी मायने रखता है। इस 26 वर्षीय क्रिकेटर की गिलक्रिस्ट से तुलना करने के लिए हालांकि अभी इंतजार करना होगा। स्मिथ ने कहा, 'गिलक्रिस्ट की बराबरी पर पहुंचने के लिए उसे अभी काफी रास्ता तय करना होगा। दोनों एक तरह के ही क्रिकेटर हैं जो टेस्ट क्रिकेट में निचले क्रम और सीमित ओवरों की क्रिकेट में ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी कर सकते हैं। इसलिए उसमें और गिलक्रिस्ट में समानता है। अगर वह आगे कुछ वर्षों तक इसी तरह से खेलता रहा तब लोग कहेंगे कि गिलक्रिस्ट और पंत एक दूसरे के काफी करीब हैं।

## सानिया मिर्जा और मोहम्मद शमी कर रहे शादी? टेनिस आइकन के पिता ने अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी,कहा यह सब बकवास है



**मुंबई (एजेंसी)।** सानिया मिर्जा और मोहम्मद शमी देश के दो सबसे सफल खिलाड़ियों में से हैं। सानिया भारत की सबसे महान महिला टेनिस खिलाड़ी हैं जबकि शमी चैंपियन तेज गेंदबाज हैं जिन्होंने वनडे विश्व कप 2023 में अपने शानदार प्रदर्शन से भारतीय क्रिकेट टीम को फाइनल में पहुंचाया। हाल ही में दोनों की शादी की अफवाहें उड़ रही हैं। इन अफवाहों पर सानिया के पिता ने चुप्पी तोड़ते हुए सच्चाई बताई है।

इस साल की शुरुआत में सानिया और पाकिस्तान के क्रिकेट स्टार शोएब मलिक का तलाक हो गया था, वहीं शमी भी अपनी पत्नी हसीन जहां से अलग हो चुके हैं। हालांकि शादी की अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है। सानिया मिर्जा के पिता इमरान ने कहा, यह सब बकवास है। वह उनसे मिली भी नहीं है।

भारतीय टेनिस आइकन सानिया मिर्जा ने हाल ही में हज की पवित्र यात्रा शुरू की, लगभग 5 महीने पहले उन्होंने अपने क्रिकेटर पति शोएब मलिक से अलग होने की घोषणा की थी।

## टी20 विश्व कप के बीच जसप्रीत बुमराह-अक्षर पटेल के दोस्त ने चिराग गांधी लिया संन्यास

### 34 साल की उम्र में थम गया करियर

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** एक ओर जहां जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम को विश्व विजेता बनाने के लिए मोर्चा संभाले हुए हैं तो दूसरी ओर उनके एक करीबी दोस्त ने कम उम्र में ही क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान किया है। जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल के साथ गुजरात क्रिकेट टीम में खेलने वाले चिराग गांधी ने सिर्फ 34 वर्ष की उम्र में क्रिकेट किट टांगने का फैसला किया। वह रणजी ट्रॉफी विनिंग टीम का हिस्सा रहे थे और उनके बल्ले से ही विनिंग रन निकला था। 2011 से डोमेस्टिक क्रिकेट करियर का आगाज करने वाले गांधी को हालांकि पार्थिव पटेल, जयदेव उनादकत, जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल के साथ भारत की तरफ से खेलने का मौका नहीं मिला। इस बात की कसक उन्हें जरूर होगी।

उन्होंने अपने संन्यास का ऐलान करते हुए लिखा- आज मैं भारतीय क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। 2011-2024 तक का सफर मेरे जीवन का सबसे शानदार दौर रहा है। स्छष्ट सूरत जिला क्रिकेट संघ से शुरुआत से प्रथम श्रेणी क्रिकेट तक, यह सभी उतार-चढ़ावों के साथ एक रोलर कोस्टर की सवारी थी।

